सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 7.4 न्यू | 22 .0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,231.92 |
| निफ्टी | 26,068.15 |
| सोना | 1,23,146 |
| चांदी | 1,51,129 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 23 नवंबर 2025 | 8 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 326, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702







## न्यूज शॉर्ट्स

### सीजेआई के शपथ ग्रहण में आएंगे 7 देशों के चीफ जस्टिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 24 नवंबर को जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में ब्राजील, भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे। यह भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने देशों के न्यायिक प्रतिनिधि मौजूद होंगे। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल 9 फरवरी 2027 तक रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### बेगूसराय में हत्यारोपी को पुलिस ने मारी गोली

**एजेंसी, बेगूसराय।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार रात बेगूसराय में एसटीएफ और जिला पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में कुख्यात अपराधी शिवदत्त राय (27) को एनकाउंटर में घायल कर लिया गया। उस पर सरपंच के बेटे की हत्या का आरोप है। मौके से भारी हथियार और नकदी बरामद हुई। आरोपी मल्हीपुर क्षेत्र में हथियार खरीदने आया था। बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने सुशासन बनाए रखने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

### तख्तापलट केस में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति गिरफ्तार

**एजेंसी, साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को तख्तापलट की कोशिश के मामले में निगरानी यंत्र के उल्लंघन पर गिरफ्तार करने का आदेश दिया। आरोप है कि वह दूतावास में शरण लेकर भागने की तैयारी में थे। बोल्सोनारो को ब्रासीलिया में संघीय पुलिस मुख्यालय ले जाया गया। न्यायाधीश एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने गिरफ्तारी सम्मानजनक तरीके से करने के निर्देश दिए। समर्थकों का दावा है कि उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि सजा अगले सप्ताह शुरू हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मुख्यमंत्री की योजनाओं से शिक्षा में आया बड़ा सुधारः सुनील शर्मा पेज 2
- आज पहुंचेगी शहीद विंग कमांडर की पार्थिव देह -पेज 4
- शहर की समस्याओं को लेकर माकपा ने किया धरना-प्रदर्शन -पेज 9
- 45 साल बाद याददाश्त लौटने पर रिखी राम लौटे अपने घर -पेज 12
- कुलदीप यादव की फिरकी में फंसा दक्षिण अफ्रीका -पेज 14


# ड्रग और आतंक के खिलाफ छेड़ी जाए वैश्विक लड़ाई : पीएम मोदी

## जी20 में विकास की प्राथमिकताएं तय करने की बताई जरूरत

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

अफ्रीका की धरती पर पहली बार आयोजित हुआ जी20 शिखर सम्मेलन शुरू हो चुका है। दुनिया की बड़ी शक्तियों के नेता जी20 के प्रमुख हॉल में पहुंच चुके हैं और इस बार अमेरिका की गैर-मौजूदगी में पहली बार नेताओं ने घोषणा पत्र पर मुहर लगाई गई है।

दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की सरकार ने अमेरिकी बहिष्कार और केवल एकतरफा बयान जारी करने के दबाव के बावजूद, अन्य जी20 सदस्यों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया और एक घोषणा को अंतिम रूप दिया और अपनाया। रामाफोसा ने पहले कहा था, 'हम डरेंगे नहीं'।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मीटिंग में शामिल होने पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने उनका



जी20 देशों के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

औपचारिक स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपनी स्पीच के दौरान जी20 के मंच पर 3 बड़ी वैश्विक चुनौतियां गिनाते हुए उसके हल का प्रपोजल भी रखा है।

इस बार उन्होंने ड्रग तस्करी और आतंकवाद के बीच बढ़ते खतरनाक नेक्सस को निशाना बनाते हुए 'जी-20 इनिशिएटिव ऑन काउंटरिंग द ड्रग-टेरर नेक्सस' नाम से एक नया वैश्विक अभियान शुरू करने का प्रस्ताव रखा। पीएम मोदी ने इसके अलावा भी दो अन्य प्रस्ताव दुनिया के शीर्ष 20 आर्थिक शक्तियों के समक्ष रखा। इसमें एक प्रस्ताव अगले कुछ वर्षों में 10 लाख अफ्रीकी युवाओं को तकनीकी तौर पर प्रशिक्षित करने का भी है। जबकि एक प्रस्ताव दुनिया के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध पारंपरिक ज्ञान को संजो कर रखने से संबंधित है।

इस मीटिंग में शामिल होने के लिए पीएम मोदी शुक्रवार को रवाना हुए थे, जहां उन्होंने भारतीय डायस्पोरा के लोगों से मुलाकित की। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी कई अहम द्विपक्षीय मुलाकातें भी करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बैठक जापान की नई प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ तय है, जिनसे वे सम्मेलन से अलग बातचीत करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री 21 से 23 नवंबर तक चलने वाले अपने प्रवास में छठे भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। भारत से रवाना होने से पहले जारी बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह सम्मेलन इसलिए भी विशेष है क्योंकि पहली बार अफ्रीका की धरती पर जी20 की बैठक हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# सीएम सुक्खू बोले-पहले डिजास्टर का काम, फिर होंगे पंचायत चुनाव

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शनिवार को ऊना में मीडिया से बातचीत में कहा कि कानून व्यवस्था से किसी को भी खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी



कि आने वाले समय में सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पंचायत चुनाव पर स्पष्ट किया कि वर्तमान में डिजास्टर एक्ट लागू है और इसका कार्य पूरा होने के बाद ही चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि यह बात सरकार ने चुनाव आयोग को भी स्पष्ट कर दी है। सभी प्रक्रियाएं कानून के दायरे में होंगी और सरकार तथा चुनाव आयोग के अलग-अलग दायित्व हैं।

सुक्खू अपने साथ हिमाचल प्रभारी रजनी पाटिल के साथ उपमुख्यमंत्री की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने ऊना आए हैं। पुलिस लाइन झालेड़ा में हेलिकॉप्टर लैंडिंग के बाद उन्हें सलामी दी गई।

## आयोग की सख्ती पर चुनावी सामग्री उठाने को तैयार डीसी, शेड्यूल जारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनावों के लिए आवश्यक मतपत्र और चुनाव सामग्री के वितरण कार्यक्रम में बड़ा संशोधन कर दिया है। आयोग की ओर से 22 नवंबर को जारी नए आदेश में सभी जिलों के लिए तिथियां पुनर्निर्धारित की गई हैं। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब प्रशासनिक तंत्र चुनावी तैयारियों की अंतिम कड़ी को संवारने में जुटा हुआ है और हर जिले में व्यस्तता अपनी चरम अवस्था में है।

वहीं, आयोग की सख्ती के बाद डीसी चुनावी सामग्री उठाने के लिए तैयार हो गए हैं। नए कार्यक्रम के मुताबिक किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और काजा के लिए सामग्री 24 नवंबर को उपलब्ध करवाई जाएगी। सिरमौर और ऊना को 25 नवंबर, शिमला को 26 नवंबर, कांगड़ा को 27 नवंबर, मंडी और चंबा को 28 नवंबर को सामग्री मिलेगी। वहीं, बिलासपुर और हमीरपुर के लिए सप्लाई एक दिसंबर को निर्धारित की गई है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि संबंधित अधिकारी सुबह दस बजे तक शिमला स्थित प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी विभाग में उपस्थित हों, ताकि सामग्री हस्तांतरण समय पर पूरा किया जा सके।

निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिए हैं कि चुनाव सामग्री की ढुलाई सरकारी वाहन से की जाए और पुलिस बल की सुरक्षा व्यवस्था भी अधिकारी अपने स्तर पर सुनिश्चित करें। मतपत्रों को पूरी सुरक्षा के साथ रखा जाए। गत्तों या बोरियों में भरे पैकेटों में होने वाली किसी भी टूट-फूट की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। शिमला के प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी परिसर में जमा सामग्री को तीन अलग-अलग एनेक्सचर के अनुसार उचित रसीद के साथ सौंपा जाएगा। आदेश पर आयोग के सचिव सुदत्त सिंह राठौर के हस्ताक्षर हैं, जिनमें सभी जिलों को अपनी व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हिमाचल में अब राज्य चयन आयोग के माध्यम से होंगी ग्रुप-सी की भर्तियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में जॉब ट्रेनी श्रेणी के तहत ग्रुप-सी की सभी भर्तियां अब राज्य चयन आयोग हमीरपुर के माध्यम से होंगी। कार्मिक विभाग की अधिसूचना के अनुसार, इस श्रेणी की जो प्रक्रियाएं लोक सेवा आयोग में लंबित हैं, वे पहले की तरह ही चलती रहेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था से परीक्षा समय, भर्ती कैलेंडर और प्रक्रियात्मक देरी जैसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। वहीं, लोक सेवा आयोग आगे भी ग्रुप ए और ग्रुप-बी की भर्तियां जॉब ट्रेनी आधार पर ही संचालित करेगा।

इसी बीच राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी रिचा वर्मा को केंद्र में शिक्षा मंत्रालय में उपसचिव के रूप में सेवाएं देने के लिए रिलीव कर दिया है। मुख्य सचिव ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि राज्य औद्योगिक विकास निगम का अतिरिक्त कार्यभार अब बिजली बोर्ड के निदेशक वित्त एवं कार्मिक अनुराग चंद्र संभालेंगे। यह जिम्मा अब तक रिचा वर्मा के पास था।

# ट्रंप का दावा : भारत-पाक विवाद सुलझाने में रही मेरी मदद

**एजेंसी, न्यूयॉर्क/वाशिंगटन**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क शहर के निर्वाचित महापौर जोहरान ममदानी से मुलाकात के दौरान एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद सुलझाने में मदद की। ममदानी शुक्रवार को अपनी पहली आधिकारिक मुलाकात के लिए वाशिंगटन डीसी में ट्रंप से 'व्हाइट हाउस' में मिले। ट्रंप ने मुलाकात को ''बहुत सार्थक'' बताया और ओवल ऑफिस में कहा कि मई में भारत और पाकिस्तान के विवाद को सुलझाने में उनका योगदान रहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने आठ देशों के बीच शांति समझौते कराने में मदद की है, जिसमें भारत-पाक भी शामिल हैं।

ममदानी भारतीय मूल के हैं और न्यूयॉर्क शहर के पहले दक्षिण एशियाई व मुस्लिम मेयर निर्वाचित हुए हैं। वह मशहूर फिल्म निर्माता मीरा नायर और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महमूद ममदानी के बेटे हैं। (अनंत ज्ञान)

# चंबा के एनएच को केंद्र से मिले 93 .55 करोड़ : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार की लगातार पैरवी और फील्ड समीक्षा के बाद केंद्र सरकार ने नेशनल हाईवे-154ए के संवेदनशील तटबंधों की विशेष मरम्मत के लिए 93,55,59,489 रुपए की बड़ी स्वीकृति दी है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह स्वीकृति चंबा जिले में बार-बार आपदाओं से प्रभावित इस महत्वपूर्ण मार्ग की सुरक्षा और स्थायित्व के लिए अहम कदम है।



उन्होंने बताया कि एनएच-154ए पर मानसून के दौरान भूस्खलन, कटाव और सड़क धंसने की घटनाओं ने यात्रियों की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदाओं के बाद विभाग द्वारा विस्तृत क्षति मूल्यांकन किया गया था। स्वयं मंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों से स्थिति की समीक्षा की थी। इसके बाद केंद्र सरकार को प्राथमिकता से प्रस्ताव भेजा गया। केंद्र के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने तकनीकी और प्रशासनिक जांच के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यह परियोजना चक्की-बनीखेत-चंबा-भरमौर मार्ग पर स्थित उन तटबंधों की मरम्मत से संबंधित है जो हर वर्ष बारिश के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

मंत्री ने बताया कि परियोजना का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। वर्ष 2025-26 में 30 प्रतिशत कार्य पूरा होगा, वर्ष 2026-27 में संपूर्ण कार्य समाप्त कर लिया जाएगा और 2031-32 तक तटबंधों का नियमित रखरखाव किया जाएगा।

# भाजपा विधायक हंसराज की 27 तक बढ़ाई जमानत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल के चंबा जिला के चुराह से भाजपा विधायक हंसराज की जमानत याचिका पर शनिवार को चंबा कोर्ट में सुनवाई हुई। जिला एवं सत्र न्यायालय ने हंसराज की जमानत 27 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले, कोर्ट ने 21 नवंबर तक हंसराज को अग्रिम जमानत दी थी।

दरअसल, हंसराज पर जिले की एक युवती ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। युवती के मुताबिक, एक साल पहले जब



उसका शारीरिक शोषण किया गया, तब वह नाबालिग थी।

इसी मामले हंसराज के बाद भाजपा का एक अन्य विधायक भी पुलिस की रडार पर आ गया है। पुलिस ने भाजपा के मंडी जिले से

## युवती ने यौन शोषण के लगाए आरोप, मंडी जिले के विधायक से भी पुलिस ने की पूछताछ

संबंध रखने वाले एक विधायक से शुक्रवार को चंबा के महिला थाने में चार घंटे तक पूछताछ की। सूत्र बताते हैं कि चंडीगढ़ में बीते साल जिस होटल के कमरे में युवती ने विधायक हंसराज पर रेप के आरोप लगाए हैं। वह कमरा भाजपा के मंडी जिले के एक विधायक के नाम से बुक था।

# चलती कार में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक, पांच बाइक सवारों को रौंदा

**एजेंसी, ठाणे**

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में एक कार चला रहे शख्स को हार्टअटैक आ गया। इसके बाद अनकंट्रोल कार सामने से आ रहे वाहनों से जा टकराई और पलट गई। शहर के फ्लाईओवर पर हुए इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं।

पूरी घटना फ्लाईओवर के पास मौजूद इमारत पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। इसमें नजर आ रहा है कि फ्लाईओवर पर बहुत क्राउड है। दोनों और से वाहनों की आवाजाही जारी है। तभी तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे दो टू-व्हीलर समेत 4 से 5 बाइकों से टकराती है और पलट जाती है। वीडियो में नजर आ रहा है कि कार जब बाइकों से टकराती है तब टक्कर के कारण बाइक सवार एक व्यक्ति हवा में कई फुट उछलता है और फ्लाईओवर से दूसरी तरफ नीचे जाकर गिरता है। गनीमत रही कि सड़क पर खड़े लोगों को चोट नहीं आई। (अनंत ज्ञान)

## हथियारों के लिए की फंडिंग, उसी पैसे के लिए झगड़े थे उमर-मुजम्मिल

# दिल्ली ब्लास्ट में अंतरराज्यीय आतंकी नेटवर्क बेनकाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली ब्लास्ट मामले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी नेटवर्क, हैंडलर्स की चेन और कई को-ऑर्डिनेटेड हमलों की तैयारी का खुलासा किया है। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे। इधर, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम श्रीनगर में हैं। यह टीम जेएंडके पुलिस की हिरासत में लिए गए डॉक्टरों और संदिग्धों से पूछताछ करने वाली है। (अनंत ज्ञान)

### कश्मीर में बनी दिल्ली ब्लास्ट की प्लानिंग

**फरीदाबाद।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच में फरीदाबाद के व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की साजिश अब पूरी तरह सामने आ रही है। एजेंसियों के मुताबिक इस मॉड्यूल की प्लानिंग बेहद खतरनाक थी। एनआईए ने कश्मीर से लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी और नूंह के रास्ते दिल्ली में किए गए ब्लास्ट की पूरी साजिश क्रैक की है। जांच टीम ने इस मॉड्यूल के संपर्क में आए 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की। इससे पता चला कि मॉड्यूल को सुसाइड बॉम्बर तैयार करने, ड्रोन अटैक कराने और लोन वुल्फ हमले तक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यानी एक ही नेटवर्क के जरिए कई तरह के हमले कराने की प्लानिंग चल रही थी।

### 2 नाबालिगों ने आईएसआई को भेजा 'ऑपरेशन सिंदूर' का मैप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नाबालिग आईएसआई के टारगेट में हैं। एटीएस ने रायपुर और भिलाई से 2 नाबालिगों को पकड़ा है, जो आईएसआईएस हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे। दोनों ही 10वीं-11वीं क्लास के स्टूडेंट हैं। नाबालिगों को हिंसा का ग्लैमर दिखाकर ब्रेनवॉश किया जा रहा था। एटीएस ने जब चैट, लॉग और कंटेंट की परतें खोलनी शुरू कीं, तब तस्वीर और डरावनी निकली। गेमिंग चैट से लेकर इंस्टाग्राम के सीक्रेट ग्रुप तक, नाबालिगों को 'डिजिटल मॉड्यूल' में शामिल करने के लिए ट्रेनिंग दे रहे थे। सबसे खतरनाक मोड़ तब आया, जब हैंडलर्स ने इन नाबालिगों से 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े मैप की क्लिपिंग मांगी। दोनों ने वह भेज भी दी। नाबालिग हथियार उठाने तक को तैयार थे।

### ड्रोन से हथियार सप्लाई करने वाला इंटरनेशनल नेटवर्क पकड़ा

### पाक से ड्रोन के जरिए मंगाते थे हथियार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को आईएसआई कनेक्शन वाले एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हाईटेक हथियार मंगवाकर लॉरेंस, गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं। इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल व 92 जिंदा कारतूस बरामद किए।




## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को मिला होटल मैनेजमेंट का लाइव अनुभव

**संजीव चैहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में करियर काउंसलिंग गतिविधियों के अंतर्गत पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी विषय पर एक विशेष लाइव कार्यक्रम आयोजित किया गया। हमीरपुर स्थित होटल मैनेजमेंट संस्थान की टीम ने छात्रों को पर्यटन क्षेत्र में बढ़ते रोजगार अवसरों, उच्च शिक्षा विकल्पों और कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया। संस्थान के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर पराक्रम ने बताया कि पर्यटन उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है और होटल प्रबंधन, ट्रैवल एंड टूरिज्म तथा एयरलाइन सेवाओं में करियर की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण संस्थान के शैफ संदीप का लाइव इटालियन सैंडविच डेमो रहा, जिसमें बच्चों ने पाक कला की बारीकियां सीखीं। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा और व्यावसायिक शिक्षक विनोद ने कौशल आधारित शिक्षा को छात्रों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में 63 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### कनेड़ गांव की बनिता चौधरी बनीं नर्सिंग ऑफिसर

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** कनेड़ गांव के बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली बनिता चौधरी ने कठिन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए एम्स नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट क्वालीफाई किया है।



बनिता अब एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग ऑफिसर के रूप में सेवाएं देंगी। उन्होंने मंडल स्कूल से प्लस टू और नूरपुर स्थित वीवीएम इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। शादी के एक साल बाद ही उनके पति रेशव को एएमएल ब्लड कैंसर हो गया था, जिसके बाद पीजीआई में बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ। इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बनिता ने पति की देखभाल के साथ परीक्षा की तैयारी जारी रखी। उन्होंने अपने माता-पिता पवना देवी और प्यारे लाल, पति रेशव और ससुराल परिवार के सपनों को पूरा कर शानदार उपलब्धि हासिल की है।

### कल मनाई जाएगी शहीद अंकुश की जयंती

**अनंत ज्ञान, जाहू।** हर वर्ष की तरह इस बार भी शहीद अंकुश ठाकुर की जयंती पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत 24 नवंबर को पीएचसी कड़ोहता में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की। उषा रानी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है और शहीद की जयंती जैसे पावन अवसर पर इसका आयोजन उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### वर्मा ने चित्रकला स्पर्धा में झटका पांचवां स्थान

**अनंत ज्ञान, जाहू।** ईस्ट प्वाइंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुलगवान के छात्र हितेन वर्मा ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान प्राप्त किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय अभियान 2025 के तहत एसजेवीएन निगम मुख्यालय शिमला में आयोजित की गई। नवमी कक्षा के छात्र हितेन ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की। प्रतियोगिता में पाँचवां स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 7500 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। उनकी इस सफलता पर प्रधानाचार्य रमन वर्मा सहित सुनीता, पूजा देवी, पदमा शर्मा, अनीता कुमारी, भावना, आरती, सुनील कुमार और रविंदर ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### लड़की की शादी के लिए दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था, सर्व समाज कल्याण सभा, ने ग्राम पंचायत बड़ा के गांव दोबड़ खुर्द निवासी कृष्ण कुमार (मल्ला) की बेटी कोमल की शादी के लिए 5,100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर सभा के प्रधान कैप्टन अजीत कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सहायता राशि वितरित की गई। सभा के सदस्य गुरदियल सिंह चौधरी, सुभाष कोंडल, पुरुषोत्तम कोंडल, सुंदर्शन जरियाल, देव राज गोस्वामी, जीत धीमान, प्रकाश चंद, जगदीश पटियाल, बाबू राम, मेहर चंद पटियाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा के महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि इससे पूर्व भी संस्था ने क्षेत्र के जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है और प्रदेश में आई आपदा के दौरान पीड़ितों की मदद में भी सक्रिय रही। इस पहल से समुदाय में सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिला।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नंदिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर की दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से दिव्यांगों की समस्याओं, उनके प्रति समाज की सहानुभूति और सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जितेंद्र बनवाल, समन्वयक प्रो. वंदना सूद, डॉ. दिव्या शर्मा, प्रो. राजीव कुमार और प्रो. निर्मला उपस्थित रहे। लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान नंदिता, द्वितीय स्थान नीलाक्षी और तृतीय स्थान आदित्य ने प्राप्त किया। डॉ. जितेंद्र बनवाल ने सभी विद्यार्थियों से दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति और सहायता करने का आवाहन किया। प्रो. वंदना सूद ने दिव्यांग छात्रों व समाज के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रतियोगिता ने छात्रों में समाज सेवा और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा दिया।

### शीघ्र जारी की जाए एसएसए अनुदान राशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के स्कूलों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) का अनुदान अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य सरकार ने कुल 853.51 करोड़ रुपये का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, जिसमें से 780.25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई। यह बजट 12 प्रमुख घटकों में विभाजित है, जिनमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए 388.93 करोड़, कौशल शिक्षा के लिए 150.38 करोड़, शिक्षक प्रशिक्षण के लिए 38.93 करोड़ और अन्य मदों के लिए निधि निर्धारित है। राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि यदि अनुदान समय पर जारी नहीं हुआ, तो स्कूलों के बिजली, इंटरनेट बिल और वार्षिक समारोह में फंड की कमी होगी। कंपोजिट ग्रांट, मरम्मत ग्रांट, एसएमसी ट्रेनिंग, खेल और इको क्लब जैसी योजनाओं के लिए भी तत्काल धनराशि आवश्यक है। संघ ने राज्य परियोजना निदेशक को औपचारिक पत्र भेजकर लंबित अनुदान राशि शीघ्र जारी करने की मांग की है।

### सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर के 2005 बैच के पूर्व छात्र, विंग कमांडर नमेश स्याल, दुबई एयर शो के दौरान तेजस फाइटर विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से शहीद हो गए। यह दुखद खबर स्कूल पहुंचते ही पूरे परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद नमेश स्याल चिनाब हाउस के हाउस कैप्टन और बेहतरीन खिलाड़ी रहे। उनके सम्मान में स्कूल ने विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की, जिसमें छात्र और शिक्षक नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर भावभीनी यादें साझा कीं। स्कूल स्टाफ राकेश राणा ने बताया कि नमेश का स्कूल रोल नंबर 1906 था और वह स्कूल के 21वें बैच के छात्र थे। सोशल मीडिया पर भी पूर्व छात्र और ओल्ड बॉयज एसोसिएशन उनके योगदान और यादों को साझा कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने भी नमेश स्याल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बच्चों को सिखाई आपातकालीन प्रतिक्रिया

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर प्राथमिक विद्यालय में डिजास्टर मैनेजमेंट मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का संचालन कंपनी कमांडर संजीव कुमार और हवलदार विजय कुमार ने किया। विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, त्वरित प्रतिक्रिया प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और सक्रियता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। विद्यालय प्रबंधन ने सैन्य दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभ्यास बच्चों को वास्तविक जीवन में आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर तैयार करते हैं।

### यूजी व पीजी सेमेस्टर परीक्षाएं तीन से शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की नियमित और री-अपीयर सेमेस्टर परीक्षाओं की फाइनल तिथियां जारी कर दी हैं। परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होकर सात जनवरी, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने बताया कि सभी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों तथा परीक्षा केंद्रों को तिथियों की जानकारी दे दी गई है। विद्यार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर भी तिथियां देख सकते हैं। दिसंबर और जनवरी माह में प्रदेशभर के 38 परीक्षा केंद्रों में बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमएससी, बीएचएमसीटी, एमबीए पर्यटन और योग विषयों की परीक्षाएं आयोजित होंगी।

# मुख्यमंत्री की योजनाओं से शिक्षा में आया बड़ा सुधार : सुनील शर्मा बिट्टू

## नशे के विरुद्ध जंग में मांगा सहयोग, छात्राओं से की स्वयं को सशक्त बनाने की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




कन्या स्कूल हमीरपुर के वार्षिक उत्सव के दौरान सुनील शर्मा बिट्टू व छात्राएं।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में कई ऐसी नई एवं दूरदर्शी योजनाएं आरंभ कर रहे हैं, जोकि सिर्फ हिमाचल प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के किसी राज्य में भी शुरू नहीं हुई थीं। उन्होंने कहा कि पौने तीन वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री की नई योजनाओं और शैक्षणिक ढांचे में व्यापक सुधारों के कारण ही आज शिक्षा की गुणवत्ता में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग 21वें नंबर से ऊंची छलांग लगाते हुए चौथे नंबर पर पहुंच गई है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नशे के विरुद्ध एक बड़ी जंग का ऐलान किया है। इस नशा विरोधी जंग को जीतने के लिए सभी लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। आम लोगों के सक्रिय सहयोग से ही नशे को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से सभी कुरीतियों और अत्याचारों का मुकाबला करने के लिए स्वयं को सक्षम एवं सशक्त बनाने की अपील भी की।

उन्होंने समारोह में नशे की समस्या पर प्रस्तुत किए गए लघु नाटक की सराहना करते हुए अपनी ओर से 2100 रुपए और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी 5100 रुपए देने की घोषणा भी की। सुनील शर्मा बिट्टू ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा छात्राओं के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरीं। समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व पार्षद राजेश चैधरी, राकेश वर्मा, अन्य पूर्व पार्षद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, एसएमसी के पदाधिकारी, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

## एक परिवार की समस्या के निवारण के लिए सीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचे अधिकारी



वीना देवी को बिजली और जल कनेक्शन कार्य शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

ग्राम पंचायत पनसाई के गांव छोटा बल्ह में मुख्य बस्ती से दूर बने नए मकान में बिजली व पानी के कनेक्शन से जुड़ी समस्या का सोशल मीडिया वीडियो वायरल होने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने तुरंत संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शनिवार सुबह बिजली बोर्ड के एक्सईएन हिमेश, नायब तहसीलदार बलवंत सिंह, जल शक्ति विभाग के जेई अमित, नादौन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी और अन्य संबंधित कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने मकान की मालिक वीना देवी, उनके पति राहुल सिंह, मां और भाई से बातचीत कर समस्या समझी। अधिकारियों ने बताया कि बिजली और पेयजल कनेक्शन के लिए आवश्यक सामग्री शीघ्र साइट पर पहुंचाई जाएगी और जमीन मालिकों की सहमति मिलने पर कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने परिवार से आग्रह किया कि कार्य के दौरान संबंधित जमीन मालिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। वीना देवी और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और गांववासी भी मौके पर उपस्थित रहे, जिससे काम में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित हुई।

# पंकज को मिला द ट्रिब्यून हिमाचल अचीवर्स अवॉर्ड

## हिमाचल में स्कूली शिक्षा में नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी ग्रुप ऑफ संस्थान के डायरेक्टर पंकज लखनपाल को सम्मानित करते हुए।

हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के डायरेक्टर इंजी. पंकज लखनपाल को द ट्रिब्यून द्वारा आयोजित हिमाचल अचीवर्स अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया।

राज्य के लोक निर्माण एवं नगर विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में यह पुरस्कार प्रदान किया। ईजी लखनपाल को उन प्रमुख शिक्षाविदों में गिना जाता है उन्होंने हिमाचल प्रदेश की स्कूली शिक्षा में आधुनिक, तकनीक, आधारित तथा विद्यार्थी केंद्रित बदलावों को गति दी है और उनके नेतृत्व में शिक्षण पद्धतियों, अकादमिक योजना, अनुशासन तथा समग्र विकास के क्षेत्र में नए मानक स्थापित हुए हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद ईजी लखनपाल ने कहा कि यह उपलब्धि व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे हिम अकादमी परिवार की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे टीम-मेंबर्स, मेहनती शिक्षकों और समर्पित स्टाफ का है। उनकी प्रतिबद्धता ने ही इस उपलब्धि को संभव बनाया। उन्होंने सबसे पहले हिम अकादमी ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल को धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी दूरदृष्टि ही सभी उपलब्धियों की आधारशिला रही है। उन्होंने यह भी कहा कि नेतृत्व, दृष्टि और शिक्षा के प्रति समर्पण मैंने अपने सम्मानीय पिता प्रो. आर.सी. लखनपाल से ही सीखा है। उनकी प्रेरणा, मार्गदर्शन और आशीर्वाद ही हमारे हर कदम की ताकत हैं।

इंजी पंकज लखनपाल के नेतृत्व में हिम अकादमी संस्थानों ने स्मार्ट एवं टेक्नोलॉजी, इनेबल्ड क्लासरूम, आधुनिक शिक्षण संसाधन, नवाचार आधारित शिक्षण वातावरण, विद्यार्थियों के लिए सहयोगी एवं प्रेरक शैक्षिक माहौल, और राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर छात्रों की भागीदारी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

संस्थानों में विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक धाराओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, डिफेंस, सिविल सर्विसेज और अन्य पेशेवर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रभावी कोचिंग उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी विभिन्न पेशों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं। समारोह में उपस्थित शिक्षाविदों और विशिष्ट अतिथियों ने हिमाचल में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में उनके योगदान की सराहना की और कहा कि उनका नेतृत्व आने वाले वर्षों में भी शैक्षणिक परिदृश्य को नई दिशा देगा।

# विधायक आशीष शर्मा ने उत्कृष्ट प्रतिभाओं को पुरस्कार से नवाजा



न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिक समारोह।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपालनगर हमीरपुर का छठी से लेकर बारहवीं तक कक्षा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक आशीष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य, प्रबंधन कमेटी और अध्यापकों ने बड़े उल्लास से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों से की गई। जिसमें पाश्चात्य नृत्य, झांसी की रानी, राधा-कृष्ण, राजस्थानी, नाटी, योगा, पहाड़ी, गुजराती, पंजाबी, फनी, देशभक्ति, झमाकंड़ा, नृत्य तथा आदिवासी स्किट आदि विशेष आकर्षण रहे। विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रतिभा और ऊर्जा ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस समारोह में वार्षिक शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर आशीष शर्मा ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी हर क्षेत्र में आगे रहने के लिए भी लिए प्रोत्साहित किया। समारोह के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र पुरी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि आशीष शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल स्कूल गेम्स में हमीरपुर की दो लड़कियां दिखाएंगी दमखम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंडर-17 लड़कियों के ताइक्वांडो नेशनल सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर प्रदेश की 13 खिलाड़ियों का चयन नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेने के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम, ईटानगर, अरुणाचल में आयोजित होगी। हमीरपुर जिला की दो खिलाड़ियां, एलएपीएस स्कूल की राशि चैहान (32 किग्रा) और डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरकोटी की सोनल हीर (48 किग्रा), राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। चयनित खिलाड़ियों ने शनिवार को पीईटी और ताइक्वांडो कोच आदर्श कुमार तथा डीपीई व वेटलिफ्टिंग मैनेजर अमरा देवी के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न स्कूलों की लड़कियों ने बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर चयन प्राप्त किया है। इसमें जिला सोलन से पांच खिलाड़ी, हमीरपुर से दो और अन्य जिलों से भी प्रतिभागी शामिल हैं। इस अवसर पर खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दमखम दिखाएंगी।

## संस्कृत ओलंपियाड में राशि शर्मा ने झटका तीसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल संस्कृत अकादमी की ओर से डिडवीं टिक्कर स्कूल में विद्यालय स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 70 विद्यालयों के 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर संस्कृत भाषण, श्लोक उच्चारण, वैदिक मंत्र उच्चारण, संस्कृत गीतिका, संस्कृत ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन प्रतियोगिताओं में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अथर्व चौहान कक्षा 11 ने श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रस्तुति दी। शाद आलम कक्षा 11 ने संस्कृत भाषण में सराहनीय प्रदर्शन किया। सेजल कक्षा 8 की छात्रा ने संस्कृत गीतिका में अत्यंत सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। अभिजय डोगरा कक्षा 7 ने वैदिक मंत्रोच्चारण में उत्कृष्ट भागीदारी की।

राशि शर्मा कक्षा 11 ने संस्कृत ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। छात्रों ने अपनी कला, आत्मविश्वास और संस्कृत भाषा के प्रति प्रेम को प्रदर्शित करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन ने संस्कृत शिक्षक आकर्ष शर्मा, संदीप शर्मा और सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी।

### पुराने राजस्व रिकॉर्ड के अनुवाद के लिए अधिकृत की उर्दू अनुवादक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में पुराने राजस्व रिकॉर्ड के अनुवाद के लिए जिलाधीश ने एक उर्दू अनुवादक को एक वर्ष के लिए अधिकृत किया है। जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर में पुराने राजस्व रिकॉर्ड को डिजिटाइज करने की प्रक्रिया के दौरान गांव सस्त्र की निवासी अबिदा बानो पत्नी मोहम्मद असलम ने उर्दू में लिखित पुराने रिकॉर्ड के अनुवाद में काफी सहयोग किया था। उर्दू में स्नातक अबिदा बानो ने उन्हें उर्दू अनुवादक के रूप में अधिकृत करने का आग्रह भी किया था। जिलाधीश ने बताया कि जिले में पुराने राजस्व रिकॉर्ड के अनुवाद की आवश्यकताओं को देखते हुए अबिदा बानो को 1 नवंबर से 31 अक्तूबर 2026 तक की अवधि के लिए उर्दू अनुवादक के रूप में इस शर्त के साथ अधिकृत किया गया है कि वह डीसी कार्यालय से किसी भी तरह के मानदेय की मांग नहीं करेंगी व अगर उनके खिलाफ किसी भी तरह की अनियमितता की कोई शिकायत आती है तो उन्हें कोई नोटिस दिए बगैर उनकी प्राकृिति तुरंत प्रभाव से समाप्त होगी।

### सेंट्रल स्कूल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 23 नवंबर को सेंट्रल स्कूल-1 डीटीआर में पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते सेंट्रल स्कूल तथा आस पास के क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### कार्यकर्ताओं के योगदान और सम्मान पर जोर

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर के ढुडार शिव मंदिर में ढटबाल भाजपा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष यशवीर पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा सचिव एवं हमीरपुर जिला प्रभारी अमित ठाकुर मुख्य अतिथि तथा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कहा गया कि बिना संगठन के किसी भी पार्टी का वजूद नहीं हो सकता। भारतीय जनता पार्टी का जनाधार देश के हर कोने में फैल रहा है और इसके पीछे ग्रास रूट स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत है। कार्यकर्ताओं का सम्मान और मान हमेशा प्राथमिकता होना चाहिए। पार्टी में पहले कार्यकर्ता का सामान, फिर पार्टी का सामान प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में अजय शर्मा, मंडल महामंत्री रवि कानूनगो, सुभाष राठौर, अनिल कपलू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'डीडीएम साई कॉलेज में चिकित्सा शिविर आज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज, कल्लर जलाड़ी में श्री सत्य साई बाबा के 100वें जन्म दिवस के अवसर पर 23 नवंबर को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में लोगों को स्वास्थ्य जांच और परामर्श के साथ जागरूक किया जाएगा। कॉलेज प्रशासनिक अधिकारी कपिल शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की मुफ्त जांच कराएं। आसपास के क्षेत्र के लोग इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग ले सकते हैं।

### घिरथ बाहती-चाहंग महासभा की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** घिरथ बाहती-चाहंग महासभा नादौन की विशेष बैठक 23 नवंबर को लेबर चौक नादौन के पास बुलाई गई है जिसमें ओबीसी वर्ग की समस्याओं के अलावा मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से धर्मशाला प्रवास के दौरान मिलने तथा पंचायत चुनावों बारे रूप रेखा तैयार की जाएगी। यह जानकारी देते हुए महासभा के सचिव कुलदीप कुमार ने यहां जारी प्रैस बयान में बताया कि बैठक की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष बलवीर चैधरी करेंगे। उन्होंने बिरादरी के लोगों से आग्रह किया है कि वे बैठक में निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचकर अपने विचार साझा करें।

# विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम से आसानी से हासिल कर सकते हैं मंजिल : सुभाष ढटवलिया



सोहारी स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि सुभाष ढटवालिया ने होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** विद्यार्थी जीवन में कठिन परिश्रम करने से अपनी मंजिल को आसानी से हासिल किया जा सकता है। आज के परिवेश में स्कूली छात्र मोबाइल पर गेम खेलने में लगे रहते हैं। मोबाइल पर बच्चों को अपना भविष्य संभालने के लिए प्रयोग करना चाहिए तभी अपनी मंजिल को हासिल कर सकते हैं। यह बात कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने शहीद जितेंद्रा मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोहारी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कही। उन्होंने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । कार्यक्रम में पहुंचने पर डटवलिया का फूल मालाएं पहना कर भव्य स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी कार्यक्रम की आखिर में मुख्य अतिथि न मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। ढटबलिया ने अपनी तरफ से रंगारंग कार्यक्रम करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में 5100 रुपए दिए। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता पवन शर्मा, केवल कुमार शर्मा, भाजपा नेत्री महिला मोर्चा अध्यक्षा किरण कुमारी साहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### छात्रों को तंबाकू मुक्त जीवन का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) जाहू की पहल पर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस) जाहू में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. गौरव ठाकुर ने किया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पीएचसी की दंत चिकित्सक डॉ. शबनम ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि छात्र समाज में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने के प्रेरक बन सकते हैं। कार्यक्रम में नोडल ऑफिसर ब्लॉक भोरंज डॉ. प्रतीक कौशल और ब्लॉक हेल्थ एजुकेटर अमरदीप शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमों के बारे में जानकारी दी। जीएसएसएस जाहू के प्रधानाचार्य रमेश चंद ठाकुर और शिक्षकों ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया, जिससे प्रतियोगिता सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अधिकारियों ने बच्चों से अपील की कि वे नशा मुक्त रहें और अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक बनाएं। इस अवसर पर पीएचसी जाहू टीम ने दोहराया कि सार्वजनिक संस्थानों के 100 मीटर दायरे में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### संस्कृति सदन में नादौन कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सलासी स्थित संस्कृति सदन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा सेवाएं एवं खेल विभाग ने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से किया। इस उत्सव में छह प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिला भाषा अधिकारी संतोष पटियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन की टीमों ने समूह लोकगीत और लोकनृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। टीम मैनेजर डॉ. अमृतलाल शर्मा और संगीत विभाग की डॉ. रजनी भी उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में लेखक रत्न चंद रत्नाकर, सहायक प्रोफेसर डॉ. उमा देवी, डॉ. अमृतलाल और डॉ. रजनी शामिल थे। सभी विजेता राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### केंद्र की श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन 26 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीटू जिला कमेटी हमीरपुर मोदी सरकार द्वारा 21 नवंबर को लागू की गई श्रम संहिताओं का कड़ा विरोध कर रही है। इन संहिताओं के लागू होने से मजदूरों के यूनियन बनाने और अपनी आवाज उठाने के अधिकार कमजोर होंगे, जबकि मालिकों को श्रम शक्ति के शोषण और उद्योगों को बंद करने की छूट मिलेगी। सचिव जोगिंदर कुमार ने बताया कि श्रम संहिताओं के विरोध में कल से कार्यस्थलों पर इनके प्रतियों को जलाने की शुरुआत की जाएगी। इसके अलावा, 26 नवंबर को हमीरपुर में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। सीटू का कहना है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ये संहिताएं निरस्त नहीं की जातीं।

# खुलने लगी वन भूमि अतिक्रमण की परतें

## कागजी खानापूर्ति आगे, सच्चाई पीछे, नीलामी पर सवाल और अदृश्य मिलीभगत का संदेह

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में लंबे समय से दबा वन भूमि अतिक्रमण का सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। वर्षों से यह मामला कागजों की गर्द में छिपाया जाता रहा, लेकिन जमीन पर जो दिखाई देता है वह सरकारी रिपोर्टों से बिल्कुल उलट है। विभागीय फाइलें एक कहानी बताती हैं, जमीन दूसरी और अदालतों को भेजी जाने वाली रिपोर्टें अकसर दोनों से अलग खड़ी मिलती हैं। हाईकोर्ट में अब जो रिपोर्ट पेश होनी है, उसे लेकर भी यही आशंका है कि उसमें अधूरी और भ्रामक जानकारी ही आगे रखी जाएगी।

जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों में वन और राजस्व विभाग के कुछ प्रभावशाली समूहों ने ऐसे खेल खेले, जिनकी गूंज आज अदालतों तक पहुंच चुकी है। कई जगह बगीचों की नीलामी बेहद कम कीमतों पर कर दी गई, मानो करोड़ों की संपत्ति कुछ हजार रुपए में बेच देना कोई बड़ी बात न हो। कई बगीचे नीलामी सूची में शामिल ही नहीं हुए और कुछ मामलों में नीलामी महज कागजों पर हुई, जबकि वास्तविक कब्जा उसी के पास रहा जो पहले से उस भूमि पर काबिज था।

कई आरटीआई जवाबों में विभाग ने दावा किया कि कब्जे हटाए जा चुके हैं, जबकि जमीन पर जाकर देखने पर हालात बिल्कुल अलग मिले। न पेड़ हटे, न बाड़ बदली और न ही अवैध निर्माण में कोई बदलाव आया। कुछ वर्षों बाद विभाग नए पत्र में यह कहकर निकल जाता है कि मामला अदालत में लंबित है। हाईकोर्ट के साफ निर्देशों के बावजूद वास्तविक आंकड़े कभी प्रस्तुत नहीं किए गए। बड़े कब्जों को बचाने के लिए कई फाइलें जानबूझकर छोटे-छोटे हिस्सों में बांटी गईं और पांच बीघा छूट नीति का इतना दुरुपयोग हुआ कि दस से बीस बीघा के कब्जे भी कागजों में चार-पांच बीघा दिखा दिए गए। पहाड़ों पर ऐसे हजारों अवैध निर्माण हैं जो सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं। कहीं पक्के मकान खड़े हैं, कहीं बगीचे फल-फूल रहे हैं और कई जगह बिजली-पानी के कनेक्शन तक जारी कर दिए गए। कई स्थानों पर पंचायत बजट से वन भूमि पर सड़कें तक बनाई गईं। यह सबसे बड़ा विरोधाभास है कि जिस भूमि पर एक ईंट रखना भी अपराध है, वहां सरकारी मशीनरी खुद सड़कें डाल रही है। कुछ मामलों में तो टिंबर राइट भी दे दिए गए और वन भूमि पर बने घर सरकारी योजनाओं का लाभ तक उठा रहे हैं।

कुछ ऐसे भी कब्जे हैं जिनकी कोई फाइल तक मौजूद नहीं। पूरी पहाड़ियां निजी बागवानी में बदल गईं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में उनका नाम तक नहीं। ऐसे कब्जेदार हर साल आराम से फसल उठा रहे हैं और स्थानीय प्रशासन का रवैया देखकर यह सोचना भी मुश्किल है कि कभी कोई कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट में पेश होने वाली रिपोर्ट को लेकर यह डर अब और भी बढ़ गया है कि फिर वही पुराने कागज़, वही अधूरी जानकारी और वही झूठे एफिडेविट अदालत के सामने रख दिए जाएंगे। अगर अदालत ने इस बार कड़े निर्देश नहीं दिए, तो यह मुद्दा आने वाले वर्षों में भी सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगा।

### वन भूमि की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए आधुनिक तकनीक जरूरी

**विशेषज्ञों** का कहना है कि वन भूमि की सही स्थिति जानने के लिए अब आधुनिक तकनीक का उपयोग अनिवार्य है। सटीक जीपीएस मैपिंग, ड्रोन सर्वे, पुराने और नए भू-चित्रों का मिलान, अवैध सड़कों और सरकारी कनेक्शनों की जांच, निर्माणों की सूची और झूठे एफिडेविट पर कड़ी कानूनी कार्रवाई ही इस समस्या के समाधान का रास्ता दिखा सकती है। बिना जिम्मेदार अधिकारियों पर व्यक्तिगत जवाबदेही तय किए हालात नहीं सुधरेंगे।

अनंत ज्ञान खास खबर

### सच, संघर्ष व न्याय का इंतजार

**बहरहाल** वन भूमि पर अतिक्रमण केवल जमीन पर कब्जा नहीं, बल्कि व्यवस्था के विश्वास पर भी सीधी चोट है। हिमाचल के जंगल, नदियां और पहाड़ उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार सच फाइलों की धूल में नहीं, बल्कि अदालत की कड़ी नजर में सामने आएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन लोगों का न्याय प्रणाली से ही भरोसा उठ जाएगा। जो वर्षों से इस लड़ाई को बड़ी शिद्दत और गंभीरता के साथ लड़ रहे हैं।

- वन भूमि पर पक्के निर्माण में सरकारी कनेक्शन की आशंका

# सरकार का सख्त एक्शन, अप्रैल से अब तक 54,945 लीटर अवैध शराब और लाहन जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने अवैध शराब के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान को और अधिक आक्रामक रूप दे दिया है। सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खू के दिशा-निर्देशों के बाद आबकारी विभाग तेजी से छापेमारी कर रहा है और किसी भी तरह का समझौता न करते हुए अवैध गतिविधियों पर कड़ा शिकंजा कस रहा है। अप्रैल से अब तक विभाग ने प्रदेशभर में 54,945 लीटर अवैध शराब और लाहन जब्त की है, जबकि इस वित्त वर्ष में 523 केस दर्ज किए जा चुके हैं। विशेष टीमें लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही हैं ताकि इस गैर-कानूनी कारोबार को जड़ से समाप्त किया जा सके।

जानकारी के अनुसार पिछले महीने ही बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई है। दक्षिण क्षेत्र शिमला, मध्य क्षेत्र मंडी और उत्तरी क्षेत्र पालमपुर में एक महीने के भीतर सैकड़ों लीटर अवैध शराब और हजारों लीटर लाहन पकड़ी गई। पुलिस जिला बद्दी, कुल्लू, मंडी और ऊना में भी अंग्रेजी शराब का अवैध भंडारण बरामद हुआ। नूरपुर पुलिस जिला के डमटाल क्षेत्र के मिलवान, बरोटा, ठाकुरद्वारा और अन्य गांवों में विभाग ने गैर-कानूनी भट्टियां पकड़ीं और मौके पर ही नष्ट कर दीं। सरकार ने सभी जिला प्रभारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए।

### अवैध शराब रोकने को 35 विशेष टीमें तैनात

**अवैध** शराब पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने पूरे प्रदेश में 35 विशेष टीमें तैनात की हैं। कुल्लू और चंबा में 4-4 टीमें, शिमला, सोलन, बिलासपुर, मंडी, ऊना और नूरपुर में 3-3 टीमें, जबकि कांगड़ा, सिरमौर, हमीरपुर और बीबीएन में 2-2 टीमें सक्रिय हैं। किन्नौर में भी एक विशेष टीम तैनात है।

### अवैध शराब से जुड़ी सूचना को फोन और व्हाट्सऐप नंबरों से साझा करने की अपील

**आबकारी** आयुक्त यूनुस ने कहा कि सरकार अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए लगातार सख्त कदम उठा रही है ताकि राजस्व को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे अवैध शराब से जुड़ी किसी भी सूचना को विभाग के फोन व व्हाट्सऐप नंबरों पर साझा करें, ताकि ऐसी गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाई जा सके।

- जिलों में छापेमारी के साथ अवैध शराब की भट्टियां भी नष्ट

## न्यूज ब्रीफ

### रोहडू सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहडू उपमंडल के टिक्कर के रमटेड़ी के पास आज दोपहर करीब 12:30 बजे बोलेनो एचपी-10बी-5947 अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें वाहन चालक राजकीय उच्च विद्यालय खारला के प्रधानाचार्य राजेश कुमार (54) और उनकी पत्नी लीला देवी (50) की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत पहुंचे और दोनों को सिविल अस्पताल टिक्कर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए रोहडू भेजे जा रहे हैं और घटना से पूरे इलाके में शोक और सदमें का माहौल है। डीएसपी रोहडू प्रणव चौहान ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और प्राथमिक जांच में वाहन के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है।

### राज्यपाल पर टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादा का अपमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महासू के जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा ने युवा कांग्रेस द्वारा राज्यपाल पर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक विफलताओं को छिपाने के लिए संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बना रही है, जिसे हिमाचल की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। फाल्टा ने कहा कि हालिया चुनावों में मतदाताओं ने कांग्रेस के भ्रामक प्रचार और वोट चोर जैसे नारों को सख्ती से नकारकर साफ संदेश दे दिया है। फाल्टा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जातीय और क्षेत्रीय आधार पर समाज में दरार डालने की राजनीति कर रही है, जबकि हिमाचल की संस्कृति शांति, सम्मान और संतुलन की रही है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल पर टिप्पणी करना लोकतांत्रिक संस्थाओं का सीधा अपमान है और ऐसी भाषा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने मांग की कि युवा कांग्रेस नेता तुरंत जनता से सार्वजनिक माफी मांगें।

### छात्रों ने दिया मादक पदार्थों के खिलाफ संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपमंडल रोहडू में चिट्टे के बढ़ते खतरे के खिलाफ जागरूकता की एक सशक्त तस्वीर देखने को मिली, जब उपमंडलाधिकारी धर्मेश रामौत्रा के नेतृत्व में चिट्टा-विरुद्ध वॉकथॉन का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान से शुरू हुई यह वॉकथॉन पुराना बस अड्डा होते हुए इंदिरा गांधी आउटडोर स्टेडियम तक पहुंची, जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, विभागीय अधिकारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने नशे के दुष्प्रभावों को समझते हुए समाज में नशामुक्ति के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमंडलाधिकारी धर्मेश रामौत्रा ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई केवल प्रशासन नहीं जीत सकता, बल्कि समाज की एकजुट भागीदारी ही इसे रोकने का सबसे बड़ा हथियार है। वॉकथॉन में रोहडू के सभी 12 स्कूलों और 3 महाविद्यालयों के लगभग 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को जागरूक करने के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रेरक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

### डिलीवरी राइडरों की भर्ती के लिए करें आवदेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में भोजन आपूर्ति सेवा के लिए डिलीवरी राइडरों की भर्ती शुरू हो गई है। 10वीं पास उम्मीदवार, जिनमें साधारण अंग्रेजी का ज्ञान हो, 20 से 37 वर्ष की आयु सीमा में आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को मासिक 2,500 दिरहम (लगभग 70,000-1,00,000 रुपए) वेतन मिलेगा, जिसमें प्रोत्साहन राशि और बख्शीश शामिल हैं। नौकरी में प्रतिदिन 10 घंटे और सप्ताह में छह दिन सेवाएं देनी होंगी। आवेदन के लिए वैध भारतीय पासपोर्ट अनिवार्य है और चेहरे या गर्दन पर टैटू नहीं होना चाहिए। उम्मीदवार को साफ-सुथरी दाढ़ी रखना अनिवार्य है; पगड़ीधारी आवेदक भी पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार 24 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को 35,400 रुपए का राजकीय शुल्क व 1,500 रुपए चिकित्सकीय जांच शुल्क जमा करना होगा।

### एसएफआई ने शिमला में निकाली छात्र रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला सम्मेलन से पहले एसएफआई शिमला जिला कमेटी ने आज शहर में एक बड़ी छात्र रैली निकाली, जिसमें लगभग 350 छात्र शामिल हुए। छात्रों ने स्कूल बचाओ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हटाओ, सार्वजनिक शिक्षा बचाओ और बढ़ती सांप्रदायिकता के खिलाफ नारे लगाए। रैली में एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष अनिल ठाकुर और राज्य सचिव सनी सेकटा मौजूद रहे, जबकि जिला सचिव पवन कुमार ने संबोधन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी केंद्र की तर्ज पर शिक्षा का निजीकरण और बाजारीकरण बढ़ा रही है। तीन वर्षों में 818 स्कूलों को डीनोटिफाई किया गया और 535 स्कूलों का विलय किया गया है। 100 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से जोड़ने के फैसले को उन्होंने शिक्षा के केन्द्रीयकरण की ओर बढ़ता कदम बताया। रैली में सरकारी स्कूलों में बढ़ते ड्रॉप आउट पर भी चिंता जताई गई। तीन वर्षों में 1 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़े हैं, जिनमें 57,290 लड़के और 46,368 लड़कियां शामिल हैं।

### सुरक्षा के लिए खरीदा आपातकालीन वाहन निजी उपयोग में लगा : प्यार सिंह कंवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश सह मीडिया संयोजक प्यार सिंह कंवर ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग में गंभीर अनियमितता सामने आई है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला और सुपरस्पेशिलिटी अस्पताल चमियाणा में चिकित्सकों और विशेष रूप से महिला स्टाफ की सुरक्षा के लिए खरीदे गए दो आपातकालीन वाहनों में से एक को कथित रूप से सीनियर मेडिकल सुपरिटेंडेंट की निजी अटैच गाड़ी के रूप में चलाया जा रहा है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद इन वाहनों को महिला डॉक्टरों की देर रात ड्यूटी, ओवरटाइम और इमरजेंसी कॉल के दौरान सुरक्षित आवागमन के लिए 24 घंटे सेवा पर रखा गया था, लेकिन एचपी 63 सी-7802 नंबर वाहन को आपातकालीन ड्यूटी से हटाकर निजी उपयोग में लगाने से आपात सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कंवर ने कहा कि आईजीएमसी में 40 डॉक्टर और 100 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ तैनात है और कई बार रात में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से स्टाफ को बुलाना पड़ता है। इसके अलावा आईजीएमसी और चमियाणा के बीच ब्लड व ब्लड प्रोडक्ट्स ले जाने के लिए भी दोनों वाहनों की उपलब्धता जरूरी रहती है, क्योंकि चमियाणा में 24म7 ब्लड बैंक की सुविधा नहीं है। वाहन के निजी इस्तेमाल की शिकायत डॉक्टर एसोसिएशन ने स्वास्थ्य सचिव को भेजी है और मांग की है कि वाहन को तुरंत आपातकालीन सेवा में बहाल किया जाए, ताकि स्टाफ की सुरक्षा और अस्पताल की जरूरी व्यवस्था प्रभावित न हो।

# जाठियादेवी के पास 2600 बीघे में बसेगा नया सैटेलाइट टाउन: विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को जुब्बड़हट्टी में तीन दिवसीय अनोखी डाली मेले के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले और त्यौहार सामाजिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्राचीन अनोखी डाली मेले को जिला स्तरीय घोषित किया जाएगा, ताकि यहां की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती मिले।

उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है और सरकार समान विकास की नीति पर पूरी तरह वचनबद्ध है। मंत्री ने बताया कि रामपुर, जाठियादेवी, जुब्बड़हट्टी, धमून तथा आसपास के क्षेत्रों में टूटी सड़कों को जल्द ठीक कर आगामी गर्मियों में उनकी मेटलिंग कर दी जाएगी। क्षेत्र में तीन बड़ी पेयजल योजनाएं कार्य प्रगति पर हैं, जिनके पूर्ण होने से पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा। मटौर से शिमला फोरलेन सड़क की एलाइनमेंट लगभग पूरी हो चुकी है और जमीन अधिग्रहण के दौरान वे स्वयं गांवों में पहुंचकर निष्पक्ष मुआवजा सुनिश्चित करेंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने घोषणा की कि जाठियादेवी के समीप लगभग 2600 बीघे क्षेत्र में नया सैटेलाइट टाउन बसाया जाएगा, जिस पर करीब 1300 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग और आवास बोर्ड द्वारा जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है और यह परियोजना आसपास की चार-पांच पंचायतों के लिए विकास की बड़ी दिशा साबित होगी।

- अनोखी डाली मेले में लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री ने दी जानकारी
- बोले, मेले हमारी संस्कृति को संजोते हैं, क्षेत्रीय विकास में होगी और तेजी

# सीटू ने लेबर कोडों को बताया मजदूर विरोधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीटू की राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित चार लेबर कोडों को मजदूर-विरोधी और पूंजीपति-परस्त करार देते हुए इन्हें तुरंत निरस्त करने की मांग की है। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा और महासचिव प्रेम गौतम ने आरोप लगाया कि ये कोड मजदूरों के लोकतांत्रिक अधिकार, वेतन, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर वेतन कोड 2019, औद्योगिक संबंध कोड 2020, सामाजिक सुरक्षा कोड 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थिति कोड 2020 लागू किए हैं। सीटू नेताओं ने कहा कि वेतन कोड 2019 में यूनिवर्सल न्यूनतम मजदूरी का दावा किया गया है, लेकिन परिभाषाओं और अपवादों के कारण असंगठित, घरेलू और प्लेटफ़ॉर्म मजदूर बड़ी संख्या में इसके दायरे से बाहर रह जाते हैं। औद्योगिक संबंध कोड 2020 में हड़ताल के लिए चौदह दिन की पूर्व सूचना और सुलह/ट्रिब्यूनल प्रक्रिया के दौरान हड़ताल रोकने की शर्तें लगाकर ट्रेड यूनियनों की शक्ति कमजोर की जा रही है।

# राजभवन के सामने अराजकता कांग्रेस की कुंठा का परिणाम : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजभवन के बाहर हुए कांग्रेस समर्थित प्रदर्शन और प्रधानमंत्री के पुतले दहन की घटना को शर्मनाक करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव में भाजपा को मिले प्रचंड जनादेश से कांग्रेस भीतर ही भीतर कुंठित है और उसी हताशा का परिणाम है कि शासन के संरक्षण में राज भवन जैसी संवेदनशील जगह पर बिना अनुमति प्रदर्शन किया गया। जयराम ठाकुर ने पूछा कि इतने सुरक्षित क्षेत्र में आगजनी की सामग्री लेकर प्रदर्शनकारी आखिर पहुंचे कैसे और उन्हें रोकने की जिम्मेदारी किसकी थी? उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री इस अराजकता को संरक्षण नहीं दे रहे थे तो दोषियों और नाकाम अधिकारियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।



जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और हालात इतने चिंताजनक हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित संवेदनशील राज भवन भी सुरक्षित नहीं रह गया। उन्होंने पूछा कि प्रदेश की सीआईडी और स्थानीय प्रशासन आखिर क्या कर रहा था, जो इतने लोग बिना रोक-टोक राज भवन तक पहुंच गए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार सोशल मीडिया पोस्ट या छोटे मामलों पर तो फौरन कार्रवाई कर देती है, लेकिन संवैधानिक संस्था पर हुए हमले पर इस तरह की चुप्पी जनता को डराती भी है और सोचने पर मजबूर भी करती है कि प्रदेश किस दिशा में जा रहा है।

जयराम ने बताया कि उन्होंने मामले में डीजीपी से बात कर सभी दोषियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे इस तरह के हमलों को भाजपा किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राज भवन की गरिमा बनाए रखना सरकार का दायित्व है।

# हिमाचल कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष चयन प्रक्रिया की तेज, नई पर्यवेक्षक टीमें गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल प्रदेश में जिला कांग्रेस कमेटियों के नए अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया को गति देते हुए सभी 12 जिलों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी की राज्य प्रभारी और राज्यसभा सांसद राजनी पाटिल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह नियुक्तियां संगठन सृजन अभियान के तहत तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। चंबा जिले के लिए गोपाल बुटेल, देविंदर जग्गी और सौरव चौहान को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि कांगड़ा के लिए अंशु कुमारी, वीरेंद्र धर्माणी और देवेंद्र नेगी को शामिल किया गया है।

सूची के अनुसार लाहौल-स्पीति में देविंदर श्याम, विकास कपूर और रोहित वर्मा को पर्यवेक्षक बनाया गया है। कुल्लू जिले में कवि सिंह ठाकुर, रमेश चंद और चंदरशेखर शर्मा को जिम्मेदारी मिली है, जबकि मंडी के लिए राम लाल ठाकुर, महेश्वर चौहान और राजीव किमटा को नियुक्त किया गया है। हमीरपुर जिले में नरेश चौहान, सतपाल रायसजादा और जीवन ठाकुर को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ऊना जिले में प्रकेश चौधरी, अजय महाजन और विवेक कुमार को जिम्मेदारी दी गई है।

- चंबा जिले के लिए गोपाल बुटेल, देविंद्र जग्गी और सौरव चौहान को दी जिम्मेदारी

### बिलासपुर, सोलन सिरमौर व किन्नौर में इन्हें किया शामिल

**दूसरे** पृष्ठ में बिलासपुर जिले के लिए सुनील शर्मा, चंपा ठाकुर और अमित भरमौरी को शामिल किया गया है। सोलन में किरनेश जंग, आदर्श सूद और संजय नेगी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। सिरमौर जिले में रितेश कपरेट, सोहन लाल और सुरेंद्र सेठी को जिम्मेदारी मिली है। राजधानी शिमला जिले में गंगा राम मसाफिर, रमेश ठाकुर और प्रेम कौशल को नियुक्त किया गया है, जबकि किन्नौर के लिए केहर सिंह खाची, चंदर प्रभा नेगी और महेंद्र स्तान को टीम में शामिल किया गया है।

# कड़ाके की सर्दी से 10 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे लुढ़का

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में ठंड लगातार अपने पैर पसार रही है। बिलासपुर (नेरी) और सिरमौर (पांवटा साहिब) को छोड़कर पूरे प्रदेश में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पारा माइनस में चला गया है और ताबो, कुकुमसेरी, केलांग तथा कल्पा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। लगातार साफ मौसम के बीच पारा गिरने से लाहौल-स्पीति, किन्नौर और चंबा के ऊपरी इलाकों में छोटे नाले, झरने और झीलें जमकर ठोस बर्फ में बदलने लगी हैं।

जानकारी के अनुसार लाहौल के कोकसर में धारा वाटरफॉल पूरी तरह जमकर अनोखा दृश्य बना रहा है। सर्द हवाओं के बीच झरना ठोस बर्फ की दीवार में बदल चुका है और उसका चमकता सफेद रूप पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। आसपास का इलाका बर्फ की चादर ओढ़े सर्दियों की अनूठी सुंदरता प्रस्तुत कर रहा है। पर्यटक यहां फोटोग्राफी करते हुए इस प्राकृतिक दृश्य का आनंद ले रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग इसे सर्दियों की शुरुआत का संकेत मान रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 28 नवंबर तक मौसम पूरी तरह साफ रहने का अनुमान है। अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, जबकि इसके बाद तीन से चार दिनों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। अधिकतम तापमान में फिलहाल गिरावट दर्ज की जा रही है और आने वाले दिनों में दिन का तापमान 2 से 4 डिग्री तक कम रहने की संभावना है। ऊना में अधिकतम 26.6 डिग्री रहा, जबकि शिमला में पारा 16.6 और केलांग में केवल 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बुशहर बीएड शिक्षण संस्थान में छात्रों ने सीखे रेबीज की पहचान व बचाव के गुर




बुशहर बीएड शिक्षण संस्थान में एकदिवसीय रेबीज रोकथाम शिविर का आयोजन किया गया।

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर।** बीएड संस्थान कलना में शनिवार को एक दिवसीय रेबीज रोकथाम एवं सतर्कता बारे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन माननीय उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार पशुपालन विभाग के द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में रेबीज से होने वाली बीमारियां और उससे अपने को सुरक्षित करने के उपाय के बारे में अवगत करवाया गया।

पशु पालन विभाग से पशु चिकित्सक डॉ.अनिल शर्मा अपनी टीम के साथ शरीक हुए। इस मौके पर डॉक्टर अनिल शर्मा ने बुशहर बी.एड.संस्थान के छात्रों को जानकारी दी कि रेबीज जो एक खतरनाक वायरस है को ज़ोमेटिक डिजीज के नाम से जाना जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो जानवरों से मुख्य रूप से कुत्ते एवं बिल्ली से मनुष्य के अंदर आती है। उन्होंने इस बीमारी से बचाव के संदर्भ में वैक्सीनेशन करवाने को लेकर बच्चों को अवगत करवाया। साथ ही साथ बच्चों को कुत्तों की पहचान कैसे करें कि कौन सा कुत्ता आपको काट सकता है। रेबीज के संदर्भ में उसकी जानकारी भी साझा की। इस पूरे प्रोग्राम को स्लाइड और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा समझाया गया।

अपने बधाई संदेश में संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता व सचिव ई .राजीव शर्मा तथा प्राचार्य डॉ. तिलक राज भारद्वाज सहित सभी आचार्य वर्ग ने पशुपालन विभाग से आए मुख्य वक्ता तथा उनकी टीम का आभार जताया और आग्रह किया कि भविष्य में भी इस तरह के प्रोग्राम आयोजित करते रहें।

**हड़कंप** स्कूली बच्चों की बस बाल-बाल बची, उपायुक्त और एसपी मौके पर पहुंचे व फोरलेन निर्माण कार्य पर लगी रोक

# भट्टाकुफर चौक पर सड़क धंसने से मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भट्टाकुफर चौक पर शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक सड़क का हिस्सा धंस गया और स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एचआरटीसी बस दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गई। बस का एक अगला टायर जमीन में धंस गया, पर चालक की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना उस स्थान के निकट हुई, जहां फोरलेन निर्माण के तहत टनल का कार्य चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी मौके पर पहुंचे तथा धंसी सड़क और आसपास की स्थिति का निरीक्षण किया।




भट्टाकुफर में सड़क धंसने का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार व अन्य अधिकारी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनों से घरों की दीवारों में दरारें आ रही हैं और जमीन में हल्के कंपन महसूस किए जा रहे हैं। प्रशासन ने कई घरों का निरीक्षण किया, जिनमें स्पष्ट दरारें दिखाई दीं, जिससे खतरा और बढ़ गया। इससे पहले भी फोरलेन निर्माण प्रभावित क्षेत्र में जमीन धंसने और दीवारों में दरारों की घटनाएं हो चुकी हैं। उपायुक्त ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही फोरलेन निर्माण कार्य कर रही कंपनी को तत्काल प्रभाव से काम रोकने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक विशेषज्ञों की रिपोर्ट नहीं आती और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक निर्माण पूर्णतः बंद रहेगा।

भट्टाकुफर वार्ड के पार्षद नरेंद्र ठाकुर ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में सावधानी नहीं बरती जा रही, जिससे पहले भी नुकसान हो चुका है। उन्होंने कहा कि समय रहते कदम न उठाने पर और हादसे हो सकते हैं।

### राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजी जाएगी रिपोर्ट : डीसी

**उपायुक्त** ने कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा पहले भी निर्माण कार्य में लापरवाही और असुरक्षित ढंग से टनल खोदने की शिकायतें दी जाती रही हैं। अब इन सभी शिकायतों और ताजा घटनाओं को एक साथ जोड़कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को विस्तृत रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब इस तरह की गंभीर सड़क धंसने की घटना सामने आई है और इसे चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।

### अनिरुद्ध सिंह ने केंद्र सरकार से की उचित कार्रवाई की मांग

**घटना** पर ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने गंभीरता जताई और इसे चिंताजनक बताया। मंत्री ने कहा कि लगातार लापरवाही के कारण घरों और सड़क ढांचों को नुकसान हो रहा है, अब बच्चों की जान तक जोखिम में आ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में उचित कार्रवाई करने और जिम्मेदारी तय करने की मांग की, ताकि ऐसे हालात दोबारा न बनें।

## न्यूज ब्रीफ

### तृप्ता स्कूल में बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



**अनंत ज्ञान, जवाली।** तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रिंसिपल राकेश राणा ने की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक गुलशन देवी उपस्थित रहे। सुभाष चंद ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे नशे से दूर रहे और यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे की वस्तु बेचता है तो उसकी सूचना पंचायत के माध्यम से पुलिस को दी जाए। इस मौके पर बच्चों को शपथ दिलाई और रैली भी निकाली गई।

### भाषण प्रतियोगिता में कल्पना ने मारी बाजी

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के गणित क्लब द्वारा शनिवार बायोग्राफी ऑफ अबल प्राइज विनर्स की जीवनी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक प्रो. सरिता, प्रो. संजीव पुरी, प्रो. संजीव कुमार एवं प्रो. साक्षी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. संजीव पुरी एवं प्रो. संजीव कुमार द्वारा किया गया। प्रथम स्थान कल्पना (बीएससी द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पालक (बीएससी तृतीय वर्ष), तृतीय स्थान रुचिका (बीएससी प्रथम वर्ष), सांत्वना पुरस्कार अंजना (बीए तृतीय वर्ष), सिमरन (बीएससी प्रथम वर्ष) को दिए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन गणित क्लब, राजकीय महाविद्यालय शाहपुर द्वारा किया गया।

### रिड़कमार कॉलेज के स्टूडेंटस ने किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार के छात्र-छात्राओं द्वारा खज्जियार, भरमौर, चंबा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। दो दिवसीय यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं स्थापत्य विरासत से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने खजियार, भरमाणी माता मंदिर, भरमौर का चौरासी मंदिर परिसर, चंबा रंगमहल, अखंड चंडी पैलेस, लक्ष्मी नारायण मंदिर, भूरी सिंह संग्रहालय तथा चंबा चौगान जैसे प्रमुख ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों का सूक्ष्म एवं गहन अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने मंदिर स्थापत्य के अलावा वर्तमान स्थापत्य को भी समझा।

### लोट्स सोलो डांस में लविश ने झटका पहला स्थान



**अनंत ज्ञान, गगल।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में तीन दिवसीय महर्षि क्षेत्रीय सांस्कृतिक एमआरसीसी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से हुई। खटेढ़ धर्मशाला शाखा के छात्रों ने जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। जूनियर में लोट्स सोलो डांस में लविश ने पहला स्थान और ऑन द स्पॉट पेंटिंग में दूसरी की शनाया ने पहला स्थान पाया। सीनियर वर्ग में हिंदी वाद-विवाद में जसप्रीत और सृष्टि, जबकि अंग्रेजी वाद-विवाद में साक्षी ने दूसरा स्थान हासिल किया। सीनियर ग्रुप डांस में 9वीं और 11वीं के छात्रों तथा ऑर्केस्ट्रा में 11वीं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पाया। अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### साईं मंदिर मनसिंबल से निकाली झांकी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** साईं बाबा का 100वां जन्मदिन पूरे विश्व में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में साईं मंदिर मनसिंबल से बाबा की भव्य झांकी निकाली गई, जो भवारना बाजार से गुजरी। शोभायात्रा में बाल विकास समिति मनसिंबल तथा धौलाधार कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना के बच्चों ने विशेष रूप से भाग लेकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। बच्चों और श्रद्धालुओं ने सेवा, प्रेम और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। 23 नवंबर को बाबा के 100वें जन्मदिन के मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत साईं मंदिर मनसिंबल में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जो सायं 3.30 बजे से 5.00 बजे तक चलेगा।

### एचटी लाइन व एलटी लाइन का विद्युतिकरण

**अनंत ज्ञान डरोह।** एचपी शिवा क्लस्टर चाह चांदड के लिए जो एचटी लाइन बमियाल से चाह तक निकाली गई है, उस लाइन के अंतर्गत 63 केवीए सब-स्टेशन, 11 केवी एचटी लाइन व एलटी लाइन का विद्युतिकरण कर दिया गया है। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी है।

### कथलौर में टिप्पर-कैंटर की टक्कर, एक घायल

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट के तारागढ़ क्षेत्र निकट कथलौर में टिप्पर और कैंटर ट्रक की जोरदार टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में गुरदासपुर जिले के औजला निवासी टिप्पर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कैंटर चालक बाल-बाल बच गया। दोनों वाहन लोडेड थे और टक्कर में भारी नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार, टिप्पर चालक जेएंडके से बजरी लोड कर अमृतसर जा रहा था। कथलौर पुल के पास सामने से आ रहे कैंटर से भिड़ंत में उसकी टांग टूट गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकालकर निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### नगरोटा सूरियां स्कूल में बाल मेले का आयोजन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** नगरोटा सूरियां स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय मेले में विज्ञान एक वरदान या अभिशाप विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और फूड स्टॉल जैसी गतिविधियों में छठी से जमा दो कक्षाओं तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का आकर्षक प्रदर्शन किया, जबकि फूड स्टॉल पर लगे विविध व्यंजनों का सभी ने भरपूर आनंद लिया। प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी वरिष्ठ प्रवक्ता और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# धर्मशाला-मैक्लोडगंज बाईपास को विस शीत सत्र से पहले खोलने के प्रयास

## अगले माह 15 के बाद बड़े वाहनों के लिए शुरू हो सकेगा बाईपास, एनएच विंग ने बढ़ाई लेबर

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग बाईपास को शीत सत्र तक छोटे वाहनों के लिए बहाल करने के प्रयास शुरू हो गए हैं, जबकि बड़े वाहनों के लिए यह मार्ग अगले माह 15 के बाद ही बहाल हो पाएगा। 26 नवंबर से शुरू हो रहे शीत सत्र को देखते हुए लोक निर्माण विभाग की एनएच विंग ने बाईपास मार्ग पर कार्य में लगाई गई लेबर में बढ़ोतरी कर दी है।

प्रयास है कि शीत सत्र से पहले बाईपास मार्ग छोटे वाहनों के लिए खोला जा सके। गौरतलब है कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज के लिए तीन मुख्य मार्ग हैं, जिनमें खड़ा डंडा, कोतवाली बाजार और बाईपास शामिल हैं। खड़ा डंडा मार्ग को लोक निर्माण विभाग ने बहाल कर दिया है, जबकि कोतवाली बाजार से होते हुए मैक्लोडगंज को जाने वाले मार्ग के संबंध में जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को अलग कॉन्सेप्ट पर आधारित डिजाइन तैयार करने को कहा है। वहीं बाईपास मार्ग का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है।

### बरसात में पहुंचा था भारी नुकसान

बरसात के दौरान बाईपास मार्ग पर जगह-जगह भूस्खलन से सड़क को नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इस सड़क को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। इस ऊंचे क्षेत्र के इस मार्ग पर निर्माण सामग्री को पहुंचाने में समस्या आ रही है, लेकिन इस मार्ग में जहां-जहां नुकसान पहुंचा है, वहां क्रेट वर्क का काम करने के साथ सड़क के हिस्सों में कंकरीट कार्य किया जाएगा।



पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग बाईपास को शीत सत्र तक छोटे वाहनों के लिए बहाल करने में जुटी लेबर।

अनंत ज्ञान मुद्दा

### नाले की चैनेलाइजेशन को राशि उपलब्ध करवाई

**डीसी** ने बताया कि कोतवाली बाजार से मैक्लोडगंज को जाने वाले मार्ग के नीचे से गुजरने वाले नाले की चैनेलाइजेशन के लिए जल शक्ति विभाग को धनराशि पहले ही उपलब्ध करवा दी गई है। बरसात जल्दी शुरू होने के चलते विभाग वहां पर कार्य नहीं कर पाया था। इसके लिए मिटीगेशन फंड के तहत एक बड़ा प्रोजेक्ट भी प्रस्तावित किया है, जैसे ही स्वीकृति आती है, प्रयास रहेगा कि इस सारे एरिया की स्लाइडिंग को कम किया जा सके। बाईपास मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की एनएच विंग कार्य कर रही है तथा विंग ने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले बाईपास रोड को चालू कर दिया जाएगा।

### ऐसा हो कॉन्सेप्ट, स्लाइडिंग जोन का न पड़े असर

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा का कहना है कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज के लिए खड़ा डंडा मार्ग, कोतवाली बाजार से और धर्मशाला बाईपास प्रमुख हैं, जिनमें से खड़ा डंडा मार्ग रिस्टोर हो चुका है। धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कोतवाली बाजार रोड में तकनीकी तौर पर प्रयास यह है कि जो अलग कॉन्सेप्ट पर डिजाइन तैयार किया जाए, जिससे इस मार्ग के नीचे जो स्लाइडिंग जोन है, उसका असर सड़क पर न पड़े, इस तरह का डिजाइन तैयार करने हेतू लोक निर्माण विभाग को कहा गया है।

### प्राथमिकता के आधार पर कार्य जारी : एसडीओ

एनएच शाहपुर के एसडीओ विवेक कुमार का कहना है कि प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क को बहाल करने का कार्य जारी है। शीघ्र ही इस सड़क का मरम्मत कार्य पूरा कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा।

### पंचायतीराज परिषद की मांग समय पर हों पंचायत चुनाव

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य पंचायतीराज परिषद के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश भाऊ तथा पंचरुखी व लंबागांव विकासखंड के अध्यक्ष मनजीत डोगरा ने संयुक्त बयान में कहा कि पंचायतीराज लोकतंत्र की रीढ़ होती है, क्योंकि प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं को पंचायत द्वारा ही लागू किया जाता है। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव समय पर हों, यह जरूरी है। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव समय पर नहीं होने से व्यवस्था में अस्थिरता का वातावरण पैदा होता है, जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित नहीं होगा। प्रदेश सरकार तथा चुनाव आयोग के बीच जो पंचायत चुनाव को लेकर तकरार दिख रही है, वह भी उचित नहीं है, क्योंकि जब चुनाव आयोग चुनाव करवाने की तैयारी में है तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग का कार्य चुनाव को करवाने का है व अन्य जन कल्याण, विकासात्मक व राजकीय कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी सरकार की है, दोनों को अपनी अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा आपसी तालमेल से निभाना चाहिए।

# भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास अत्यंत जरूरी: किशोरी

## धानग और माउंट कार्मेल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



विधायक किशोरी लाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**बैजनाथ।** विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जीवन मूल्यों का ज्ञान देना उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विधायक किशोरी लाल ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धानग एवं माउंट कार्मेल विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा का लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं रह गया है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को अन्य गतिविधियों में भी पारंगत हासिल करनी होगी, ताकि वह आने वाले स्पर्धात्मक समय के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने अध्यापकों व अभिभावकों से आग्रह किया कि ऑनलाइन के इस युग में बच्चों को जीवन मूल्यों का ज्ञान अवश्य दें। वहीं, विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, गीत-संगीत, नाट्य प्रस्तुति एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक ने धानग विद्यालय को 11 हजार तथा माउंट कार्मेल विद्यालय को 21 हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की। धानग स्कूल की प्रधानाचार्या निशा मंगलेश एवं माउंट कार्मेल विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर रीमा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए अपने अपने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा शैक्षणिक, सहशैक्षणिक और अधोसंरचनात्मक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया।

### बीसीसीआई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 के लिए एचपीसीए टीम फाइनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (टी-20) एलिट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए एचपीसीए ने मेन सीनियर टीम की घोषणा कर दी है। 16 सदस्यीय टीम की कमान बतौर कप्तान अंकुश बैंस को सौंपी गई है। एचपीसीए टीम अपना पहला मैच पंजाब के खिलाफ खेलेगी।

**अंकुश बैंस को कप्तान की कमान**

एचपीसीए सचिव अवनीश परमार ने बताया कि टीम में कप्तान अंकुश बैंस, एकांत सेन, मृदुल सरोच, अर्पित गुलेरिया, इन्नेश महाजन, वैभव अरोड़ा, रवि ठाकुर, आर्यमन सिंह, पुखराज मान, मयंक डागर, नवीन कंवर, निखिल गांगटा, राहुल चौहान, दिवेश शर्मा, विपिन शर्मा, अमनप्रीत सिंह शामिल हैं। स्पोर्टिंग स्टाफ में वीआरवी सिंह हेड कोच, शकुन सैनी असिस्टेंट कोच, अशीम नारंग फिल्डिंग कोच, सौरव ठाकुर फिजियो, जरनैल सिंह ट्रेनर, अंकित अरोड़ा वीडियो एनालिस्ट, विवेक धीमान को मैनेजर, जबकि ब्रजेश शर्मा, पुनीत सैनी व भूपकेश्वर को शामिल किया गया है। परमार ने बताया कि एचपीसीए टीम के सभी मुकाबले हैदराबाद में होंगे।

एचपीसीए टीम 26 नवंबर को पंजाब, 28 नवंबर को सर्विसेज, 30 नवंबर को बड़ौदा, 2 दिसंबर को बंगाल, 4 दिसंबर को हरियाणा व 6 दिसंबर को गुजरात के साथ टी-20 मैच खेलेगी उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट में उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# उपजातियों के साथ गद्दी शब्द जोड़ने का मामला पकड़ने लगा जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**गद्दी** समुदाय की छह उपजातियों के साथ गद्दी शब्द जोड़ने का मामला शीत सत्र की तिथि नजदीक आते ही जोर पकड़ने लगा है। समुदाय के लोगों का कहना है कि शीत सत्र से पहले सरकार समुदाय को विश्वास में नहीं लेती है तो सरकार को आक्रोश रैली के साथ विधानसभा घेराव का सामना करना पड़ सकता है। हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश ने इस बारे में सरकार को चेताया है।

**हिमालयन गद्दी यूनियन ने चेताया**

**शीत सत्र से पहले विश्वास में ले सरकार नहीं तो होगा घेराव**

यूनियन के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह व महासचिव अक्षय कुमार ने कहा कि चंबा और कांगड़ा की कम से कम 15 से 17 विधानसभा क्षेत्र में आने वाले लगभग 5 लाख लोग इस मुद्दे से प्रभावित हैं। यह समुदाय सिर्फ भू-अभिलेख में हुई त्रुटि का दंश झेल रहा है यानी एक भाई के गद्दी शब्द साथ जुड़ा है तो दूसरे भाई के साथ नहीं, चाचा के साथ जुड़ा है, तो भतीजे के साथ नहीं। एक ही परिवार दो भागों में बंटे हैं। भू अभिलेख में इस त्रुटि को दूर करने के लिए काफी लंबे समय से अपनी इस मांग को सरकार के समक्ष उठाते आए हैं, लेकिन अभी तक कागजी कार्रवाई के आगे कुछ नहीं हो पाया है। सरकार, तहसीलदार से लेकर उपायुक्त तक के अधिकारियों द्वारा इसकी जांच पड़ताल करवा चुकी है। यहां तक की एक ज्वॉइंट सेक्रेटरी लेवल का जांच आयोग बनाकर भी इसकी जांच चंबा और कांगड़ा में करवाई जा चुकी है। इसके बावजूद अभी तक सरकार किसी भी निर्णायक नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। सरकार के सुस्त रवैये के कारण समुदाय के लोगों में भारी रोष है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह और जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिप्पी ने बताया कि अगर समय रहते सरकार इस समुदाय को विश्वास में नहीं लेती है, तो इस बार शीतकालीन सत्र जो धर्मशाला में होने जा रहा है। सरकार को समुदाय के लोगों का रोष का विधानसभा के घेराव व आक्रोश रैली के रूप में सामना करना पड़ सकता है।

# आज पहुंचेगी शहीद विंग कमांडर की पार्थिव देह

## राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव पटियालकड़ में शहीद को दी जाएगी अंतिम विदाई

**दुबई एयर शो में हादसे में शहीद हुए थे विंग कमांडर नामांश**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शहीद** विंग कमांडर नामांश स्याल की पार्थिव देह रविवार को कांगड़ा पहुंचेगी। इसके उपरांत राजकीय सम्मान के साथ शहीद को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ में अंतिम विदाई दी जाएगी। दुबई एयर शो में फाइटर जेट तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने विंग कमांडर शुक्रवार को शहीद हो गए थे। इसकी सूचना मिलते ही शहीद के पैतृक गांव में शोक की लहर है।

शहीद की पार्थिव देह दुबई से कोयम्बटूर एयरबेस पहुंच चुकी है, जबकि रविवार दोपहर दो बजे के करीब पार्थिव देह व परिवार सदस्यों के कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने की संभावना है। कांगड़ा एयरपोर्ट से पार्थिव देह को उनके पैतृक गांव पटियालकड़ पहुंचाया जाएगा, जहां राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया जाएगा।



शहीद विंग कमांडर नामांश के पैतृक गांव पटियालकड़ में शोककुल परिवार सदस्य।

### नगरोटा के जांबाज ने बचाई हजारों जानें : एसडीएम

**एसडीएम** नगरोटा बगवां मुनीष कुमार शर्मा ने कहा कि नगरोटा बगवां के जांबाज विंग कमांडर नामांश स्याल के शहीद होने की सूचना से पूरे देश में शोक की लहर है। नामांश दुबई में एयर शो के लिए गए थे, एयर शो का शुक्रवार को अंतिम दिन था। शुक्रवार को दोपहर दो बजकर दस मिनट पर परिवार सदस्यों को नामांश के शहीद होने की सूचना मिली थी। नामांश स्याल दुबई एयर शो में तेजस फाइटर जेट को उड़ा रहे थे, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक तौर पर उनके घायल होने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन कुछ देर बाद उनके शहीद होने की सूचना मिली। हजारों की संख्या में लोग एयर शो को देख रहे थे, ऐसे में नामांश जेट का रुख दूसरी तरफ किया, जिससे कि हजारों लोगों की जान को बचाया जा सके। नगरोटा बगवां के बेटे नामांश ने शहीद होने से पहले हजारों लोगों की जान बचाई। नामांश की पत्नी भी विंग कमांडर हैं तथा अपने परिवार की इकलौती बेटी हैं।

### मैंने किराएदार के माध्यम से दुबई से करवाया कन्फर्म : जोगिंद्र नाथ

**दुबई** में शहीद हुए फाइटर जेट के पायलट नामांश स्याल के ताया जोगिंद्र नाथ स्याल ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को करीब तीन बजे नामांश के पिता फोन पर सूचना दी थी कि नमन का एक्सीडेंट हुआ है। हमारे किराएदार दुबई में जॉब करते हैं, जिस पर किराएदार ने अपने संपर्क से दुबई में जानकारी हासिल की शुक्रवार दोपहर को जेट क्रैश हुआ है, जिसमें नामांश शहीद हो गया है। मैंने अपने भाई को कॉल कर बताया कि एक्सीडेंट नहीं हुआ, बल्कि फाइटर जेट क्रैश होने से नामांश हमारे बीच नहीं रहा। नामांश की तैनाती कोयम्बटूर के पास एयरबेस सैलूर में थी। नामांश की पत्नी की आईआईएम कोलकाता में ट्रेनिंग चल रही है, जिसके चलते वे छह माह से वहीं हैं। नामांश की बेटी जो पहली क्लास में पढ़ती है, उसकी देखभाल के लिए उसके माता-पिता हैदराबाद गए थे। एक माह पहले नामांश के पिता घर आए थे। नामांश ने दुबई जाने से पहले अपने पिता को हैदराबाद वापस बुला लिया था। नामांश की एक बहन है, जिसकी शादी हमीरपुर में हुई है।

# परंपरागत खेती से आधुनिकता की ओर बढ़ रहा हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, अनुकूल जलवायु और पहाड़ी भूगोल के लिए जाना जाता है, लेकिन यही भूगोल कृषि को चुनौतीपूर्ण भी बनाता है। ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकार की 'हिम कृषि योजना' प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा लेकर आई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से आगे ले जाकर आधुनिक कृषि तकनीकों, उच्च गुणवत्ता वाली फसलों और वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ना है। योजना के तहत लघु कृषि यंत्रों से लेकर उन्नत मशीनरी तक पर किसानों को 30 से 80 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे खेती सरल होने के साथ लागत भी कम हुई है। पहाड़ों में मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए पॉलीहाउस, ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणाली किसानों के लिए गेम चेंजर साबित हो रही हैं। इससे ऑफ-सीजन सब्जियों और बीज उत्पादन को बढ़ावा मिला है। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा के अनुसार मुख्यमंत्री का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। इसी सोच के तहत प्रत्येक क्लस्टर में आधुनिक कृषि सुविधाएं व प्रशिक्षण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उप निदेशक कृषि कुलदीप धीमान ने बताया कि जिले में 37 क्लस्टर चयनित किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 1770 बीघा है। इन क्लस्टरों के 1451 परिवार हिम कृषि योजना से लाभान्वित होंगे।

# श्रीश्री रविशंकर से भाजपा नेताओं ने लिया आशीर्वाद



रविशंकर ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बिंदल सहित अन्य नेताओं को संतुलित और सेवाभावी जीवन के मंत्र प्रदान किए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने गत दिनों पालमपुर के गुजरेड़ा में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक, विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर से आशीर्वाद प्राप्त किया। यह मुलाकात अध्यात्म, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रही, जिसने भाजपा नेतृत्व के मन-मस्तिष्क को नई दिशा और प्रेरणा दी। डॉ. बिंदल के साथ हिमाचल भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं में प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व विधायक विपिन सिंह परमार, पूर्व मंत्री व विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर, विधायक पवन काजल, पूर्व विधायक अरुण कुमार मेहरा (कूका), वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा, विनय शर्मा, मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, संगठनआत्मक जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, विशाल चौहान, मुनीश सूद सहित अन्य नेता मौजूद रहे। श्रीश्री रविशंकर ने सभी को शांत, संतुलित और सेवाभावी जीवन के मंत्र प्रदान किए।

# 8.94 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

**अंनत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत वाहन में सवार दो युवकों से चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना नगरोटा बगवां की टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो कार में सवार दो युवकों को 8.94 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय रणजीत सिंह निवासी वीपीओ अवेरी तहसील बैजनाथ तथा 32 वर्षीय ऋषव निवासी अवेरी पीओ तारागढ़ तहसील बैजनाथ के रूप में हुई है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

### भट्टू रेलवे फाटक के पास कार सवार दो युवकों से 84 ग्राम चरस बरामद

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कार सवार दो युवकों से 84 ग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस थाना भवारना की टीम की ओर से शुक्रवार रात को भट्टू रेलवे फाटक के पास नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान कार नंबर एचपी-37बी-2375 में सवार 24 वर्षीय शुभम कुमार निवासी अनसुई तहसील शाहपुर और 25 वर्षीय अशोक कुमार निवासी रजोल तहसील शाहपुर कब्जे से 84 ग्राम चरस बरामद की। दोनों को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में लिया गया है। एएसपी बीर बहादुर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भवारना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# पालमपुर में 40 किसानों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण



किसानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान के साथ मशरूम प्रशिक्षण पुस्तिका भी वितरित की।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** खुंब विकास परियोजना पालमपुर में बिलासपुर जिले के 40 किसानों के लिए आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस समापन समारोह में चौधरी सरवन कुमार कृषि महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. विनोद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. विनोद शर्मा ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले जिला बिलासपुर के चार विकास खंडों के 40 किसानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही उन्हें एक विस्तृत मशरूम प्रशिक्षण पुस्तिका भी वितरित की।

उन्होंने किसानों को उनके सफल प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और इस ज्ञान को व्यवहार में लाकर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए मशरूम उत्पादन भी आजीविका का बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती को किसान स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं। उन्होंने किसानों से एकीकृत खेती को अपनाकर अजीविका को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मशरूम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के विषय वाद विशेषज्ञ (खुंब) डॉ. हितेंद्र पटियाल ने प्रोजेक्ट की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद से अब तक मशरूम उत्पादन पर 200 प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें प्रदेशभर के लगभग 9000 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है। यह आंकड़ा प्रदेश में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### टंबर में पंचायत घर बनाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर की टंबर पंचायत में आज तक पंचायत के नाम कोई पंचायत घर नहीं है। पुराना भवन असुरक्षित हो चुका है और उसकी जमीन भी पंचायत के नाम दर्ज नहीं है। 'आप' नेताओं कालिदास और शेर सिंह ने बताया कि सरकार ने प्राथमिक स्कूल बंद कर उसके भवन में पंचायत कार्यालय चलाया जा रहा है। एक दानी सज्जन द्वारा जमीन दान करने के बावजूद भवन का बजट स्वीकृत नहीं हुआ। आम आदमी पार्टी ने सरकार से जल्द पंचायत घर निर्माण की मांग की है।

### माउंट कार्मल स्कूल में कला प्रदर्शनी की धूम

**अनंत ज्ञान, गगल।** माउंट कार्मल स्कूल गगल में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मॉडल परियोजनाओं, चित्रकला और हस्तनिर्मित वस्तुओं के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के जनरल मैनेजर रेबह फादर मन्नापुरम ने शिरकत की। फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन, प्राचार्या सिस्टर रेजिना पॉल सहित अभिभावकों और पूर्व छात्रों ने छात्रों के नवाचार की सराहना की। इस अवसर पर फादर जोसेफ और विभिन्न माउंट कार्मल स्कूलों के प्राचार्यों ने भी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने आईसीएसई 2024-25 के टॉपर अस्तित्व को 5 ग्राम गोल्ड मेडल, पलकिन को सिल्वर मेडल व 20 हजार रुपए और अंशिका सैनी को 10 हजार रुपए देकर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में रेड रिबन इकाई और नागरिक अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान और टीबी रोकथाम विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. जतिंदर कुमार ने की, जबकि डॉ. राम पाल ने निर्देशन दिया। मुख्य वक्ता डॉ. सविता कुमारी ने टीबी के कारणों और बचाव पर जानकारी दी तथा डॉ. सुरिंदर कुमार ने नशे के दुष्परिणाम बताए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा न करने की शपथ ली।

### पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल शाहपुर में हेल्थ कैंप कल से

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर का पल्स मेडिसिटी हॉस्पिटल 24 से 26 नवंबर तक मेगा स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर आयोजित कर रहा है। शिविर में महंगे ऑपरेशन जैसे पित्त व गुर्दे की पथरी, बच्चेदानी, हर्निया और बवासीर के ऑपरेशन आधी कीमत पर उपलब्ध होंगे। डॉ. रीपिन हीरा के मुताबिक चिकित्सा परामर्श, शुगर टेस्ट और हड्डियों की जांच मुफ्त होगी, जबकि लैब टेस्ट, एक्स-रे व एसीजी पर 30% और दवाइयों पर 20% छूट मिलेगी। अल्ट्रासाउंड सिर्फ 500 रुपए में किया जाएगा।

### निफ्टेम टीम ने रक्कड़ में जमाया डेरा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम) की टीम 18 से 28 नवंबर तक धर्मशाला के समीप रक्कड़ में 10 दिवसीय अभियान चला रही है। टीम में बीटेक, एमटेक और पीएचडी शोधार्थी शामिल हैं। कार्यक्रम में स्वच्छता, स्वास्थ्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पौष्टिक आहार, कौशल विकास, सामाजिक सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य प्रसंस्करण पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। टीम ने एनआरएलएम समूह के मोटे अनाज से व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण भी दिया।

### डॉ. संजय कुमार की 20वीं पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डॉ. संजय कुमार धीमान की 20वीं पुस्तक 'अनचार्टेड टेरिटरीज' का विमोचन हो गया है और यह अब पाठकों के लिए उपलब्ध है। यह पुस्तक इंसान के अधूरे सपने, धरोहरें, स्मृतियां, दर्शन और जीवन के अनछुए पहलुओं को प्रस्तुत करती है। लंदन स्थित पब्लिशिंग हाउस वालनट पब्लिकेशन ने इसे प्रकाशित किया है। लेखक की पिछली पुस्तकों में कैट्स ऑफ हिमालयास, व्हिस्पर्स ऑफ लेपर्ड और वाइल्ड लाइफ ऑफ हिमाचल शामिल हैं, जिन्हें तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने भी सराहा है।

### बगली स्कूल में होनहार विद्यार्थी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगली में वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा थे। प्रधानाचार्या प्रोमिला देवी और शिक्षकगण ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और नशे के दुष्परिणाम पर मनोरम प्रदर्शन किया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और एसएमसी सदस्य भी मौजूद रहे। वर्षभर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। उपायुक्त ने पढ़ाई में ध्यान देने पर जोर दिया।

### पूर्व विधायक कर रहे जनता को गुमराह

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व कांग्रेस मंडलाध्यक्ष जयसिंहपुर जसवंत डडवाल ने पूर्व विधायक रवि धीमान की मंत्री यादविंदर गोमा पर की टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि यह जनता को भड़काने और गुमराह करने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि मंत्री गोमा ने धार क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी। दो वर्षों के कार्यकाल में धार क्षेत्र के कई गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है, जैसे घरलू 25 लाख, मुआणा गेहड़ 35 लाख, जोगी बस्ती खड़रूल 25 लाख और चिल्ला दी खोली लुगर 84 लाख रुपए की लागत से। स्कूलों में साइंस कक्षाएं और भवन बनाए गए, आईटीआई कक्षाएं अगले सत्र से शुरू होंगी। अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाई गई और मां आशापुरी के लिए 7 लाख रुपए से भव्य गेट निर्माण किया गया। डडवाल ने पूर्व विधायक से कहा कि विकास कार्यों पर चर्चा कर सकते हैं, लेकिन झूठे आंकड़ों से जनता को गुमराह न करें।

### रोजमेरी स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल हरिपुर में शनिवार को वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ हुआ। प्रिंसिपल विवेक कौंडल और चेयरमैन ने शोभा बढ़ाई। प्रिंसिपल ने बच्चों को खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का महत्व समझाया गया। इसके बाद विद्यालय के विभिन्न हाउसों ने आकर्षक फ्लैग मार्च प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### एनएसएस छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा के पीएम बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के एनएसएस छात्रों ने सिविल हॉस्पिटल में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों ने अस्पताल परिसर की सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। डॉ. पंकज कौंडल और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार ने स्वास्थ्य व स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम से छात्रों में समाज के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ी।

---

पर्यटन गतिविधियों से भरा रहेगा पूरा दिसंबर माह, मैच की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

# टी–20 मैच के बाद कांगड़ा वैली कार्निवल व नववर्ष पर जुटेगी भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** की दूसरी राजधानी में शुमार धर्मशाला में पूरे दिसंबर माह कोई न कोई पर्यटन गतिविधि चलती रहेगी। भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के बाद धर्मशाला में कांगड़ा वैली कार्निवल व उसके उपरांत नववर्ष सेलिब्रेशन होगा।

मैच की तैयारियों को लेकर शनिवार को एचपीसीए परिसर में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान पिछले अनुभव को देखते हुए मैच से पहले ड्रिल्स भी प्लान करने की बात जिला प्रशासन ने कही है। बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने



मैच की तैयारियों को लेकर डीसी हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हुई बैठक।

कहा कि भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच जिला कांगड़ा के लिए पर्यटन की दृष्टि से फायदेमंद रहेगा। सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने की सोच के साथ शीतकालीन सत्र की तिथियां निर्धारित की गई हैं। शीत सत्र के बाद, कांगड़ा वैली कार्निवल और उसके बाद नववर्ष सेलिब्रेशन होगा। पूरे दिसंबर माह में कोई न कोई गतिविधि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धर्मशाला में प्लान की गई है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिले और यहां पर पर्यटक टी-20 मैच के साथ कांगड़ा वैली कार्निवाल में यहां की संस्कृति से भी रू-ब-रू हों।

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मैच से पहले ड्रिल का मिला था फायदा** : डीसी कांगड़ा ने कहा कि मैच को लेकर विभिन्न विभागों से टेबल टॉक कर आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इसके बाद ड्रिल्स भी मैच से कुछ दिन पहले प्लान की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो परिस्थितियां बनी थी, उस दौरान धर्मशाला में मैच से पहले करवाई गई ड्रिल का फायदा मिला था और अनहोनी से बचा जा सका। विभिन्न विभागों को आवश्यक इंतजाम समय पर पूरा करने की बात कही गई है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों व क्रिकेट प्रेमियों को किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। मैच को लेकर डीसी ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि स्टेडियम, दर्शकों से भरा रहेगा और दर्शक भरपूर आनंद मैच का उठाएंगे।

## भारत गठबंधन और सामाजिक संस्थानों की संयुक्त बैठक 24 से

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत गठबंधन तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं की सयुंक्त बैठक 24–25 नवंबर को रालेगण सिद्धि (महाराष्ट्र)में अन्ना हजारे के मार्ग दर्शन में होगी।

भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक तथा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया बैठक में भारत गठबंधन से जुड़ी पार्टियों के प्रमुख तथा देशभर में कार्यरत स्वदेशी गो संरक्षण संगठन, एग्रीकल्चर को–ऑपरेटिव सोसायटियों के संचालक, प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ अनेक शिक्षाविद, आयुर्वेद विशेषज्ञ आदि वर्तमान व्यवस्था में पूर्ण परिवर्तन के लिए विचार मंथन करेंगे। बैठक में जन आंदोलन के राष्ट्रीय प्रमुख अभिषेक कानपुर, डॉ. कमल टावरी, डॉ. सुभाष नालंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय कृषक समाज, अन्तरंग आनन्द योगी गुरुकुल संचालक, जेसी उप्रेती उत्तराखंड आदि मौजूद रहेंगे।

## सालगिरह मुबारक



बड़सर पालमपुर के कमलेश व सपना को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## दिव्यांग बच्चों के लिए लगाया कैंप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सलियाना स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए डाइट धर्मशाला की ओर से मेडिकल असेसमेंट, फिजियो और स्पीच थैरेपी सर्विसेज कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा पंचरुखी, बैजनाथ और चड़ियार के तीन ब्लॉकों से कुल 50 दिव्यांग बच्चे शामिल हुए, जो विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं से ग्रस्त थे। शिविर में बीपीओ संगीता शर्मा, विद्यालय प्रिंसिपल शबनम शर्मा आदि उपस्थित रहे। कैंप का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विशेष थैरेपी सेवाओं के माध्यम से उनकी क्षमता को बढ़ावा देना था।

# पौंग झील किनारे खाली जमीन पर हो रही अवैध खेती

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा

**देहरा।** पिछले वर्ष की भांति इस बार फिर से पौग झील किनारे अवैध खेती करने वाले भू–माफिया ने धड़ल्ले से गेहूं की बिजाई शुरूआत कर दी है। वन्यप्राणी विभाग डीएफओ के नेतृत्व में पौंग झील के मध्य स्थित रेन्सर टापू में सफाई अभियान में व्यस्त हैं और भू–माफिया खाली जमीन पर फसल बीजाई में लगा हुआ है।

**स्थानीय महिलाओं के रोकने पर मिली धमकियां**

वन्यप्राणी विभाग फसल बीजाई कर रहे ट्रैक्टरों के चालान काटकर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। पौंग झील बर्ड सेंक्चुअरी होने के कारण यहां किसी भी प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध लगा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने भी फसल बीजाई करने वालों पर कार्रवाई करने के वन्यप्राणी विभाग को निर्देश दिए हैं। इन दिनों घाडजरोट, जरोट, बझेरा, ब्लोहड़, लुदरेट, नंदपुर के साथ पौंग झील की खाली जमीन पर भू–माफिया ने फसल बीजाई शुरू कर दी है। ऐसा ही मामला वन्यप्राणी नगरोटा सूरियां की बीट लुदरेट में सामने आया है, जहां वन्यप्राणी नगरोटा सूरियां की बीट लुदरेट में इंदिरा देवी और बेटी मोनिका ने बिजाई कर रहे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, जिनका आरोप है कि भू–माफिया उनके पशुओं को चरने से रोककर पीटते हैं। विरोध करने पर उन्हें धमकी दी गई। उन्होंने विभाग को शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब पर्यावरणविद मिल्खी राम शर्मा से मदद मांगी।

### वन्य प्राणी विभाग चालान काट कर रही इतिश्री

**पर्यावरणविद** मिल्खी राम शर्मा ने वन्यप्राणी विभाग पर अवैध फसल की बिजाई करने वाले साधन संपन्न लोगों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर छोटा-मोटा चालान काटकर इति श्री करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह साधन संपन्न लोग रात को खेती के साथ-साथ प्रवासी पक्षियों का अवैध शिकार भी करते हैं। वहीं, पशुओं का चारा भी बंद हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी मेहमान परिंदों की सुरक्षा के लिए विभाग कोई पुख्ता इंतजाम नहीं करता है।

### रेन्सर टापू की सफाई में व्यस्त विभाग : रायस्टन

**वन्यप्राणी** मंडल हमीरपुर के डीएफओ रेजिगनॉल्ड रॉयस्टन ने कहा कि वह इस समय रेन्सर टापू में विभाग के साथ सफाई अभियान में जुटे हुए हैं और विभाग लगातार इस क्षेत्र में निगरानी करता है। पक्षियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और अवैध फसल के बिजाई करने वालों के चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक इस महीने में अवैध खेती कर रहे 14 ट्रैक्टरों के चालान काट कर वन्यप्राणी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पौंग डैम की भूमि बीबीएमबी के अधीन है और इस पर कठोर कारवाई बीबीएमबी ही कर सकता है।

### खाली भूमि पर बिजाई पर की जाती है कार्रवाई : विनय

**बीबीएमबी** के अधिशाषी अभियंता विनय ने कहा कि पौंग झील के खाली क्षेत्र में फसल बीजाई रोकने के लिए विभाग लगातार काम करता है और अनाउंसमेंट करके भी लोगों को जागरूक किया जाता है व ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी की जाती है।

उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ के आरोपों का मामला

# शिक्षा बोर्ड ने 9 स्टूडेंट्स की हैंडराइटिंग के लिए पांच अलग–अलग सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**बिलासपुर** की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता के विद्यार्थियों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ के लगे आरोपों के बाद शनिवार को बोर्ड मुख्यालय में स्कूल के 9 विद्यार्थियों की लिखावट के 5–5 अलग–अलग नमूने लिए गए। बोर्ड अब इन लिखावट के नमूनों को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजेगा, जहां पर उनकी जांच होगी। जानकारी के अनुसार, मार्च, 2025 में राजकीय उच्च पाठशाला ज्योरा के विद्यार्थियों ने झंडूता स्कूल में परीक्षाएं दीं। जब उनका परिणाम आया तो ज्योरा स्कूल की छात्राओं के ड्राइंग को छोड़कर अन्य सभी विषयों में उनके 90 से अधिक अंक थे, जबकि ड्राइंग में 70 से 72 के बीच अंक थे। परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण उन्होंने पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया, जिसमें भी उनका एक ही अंक बढ़ा। इसके बाद उन्होंने आरटीआई के माध्यम से उत्तरपुस्तिकाएं मांगी। उत्तरपुस्तिकाएं आने पर जब उन्होंने उन्हें देखा तो पता चला कि उत्तरपुस्तिकाओं के साथ छेड़छाड़ हुई है। विद्यार्थियों ने आरोप जड़ा है कि उनकी उत्तरपुस्तिकाओं में प्रश्नों के पहले से लिखे गए उत्तरों को काटकर नए उत्तर लिखे गए हैं, जिसके चलते कम अंक मिले हैं।

**सैंपल को जांच के लिए फॉरेंसिक भेजेगा शिक्षा बोर्ड**

इसके चलते बोर्ड से जांच की मांग की थी। शनिवार को ज्योरा स्कूल की 11 छात्राओं को बोर्ड कार्यालय में बुलाया गया था, लेकिन दो छात्राएं किसी कारणवश नहीं पहुंची। बोर्ड ने पिछले माह भी कुछ छात्राओं के सैंपल लिए थे। फॉरेंसिक विशेषज्ञ की रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई होगी। शिक्षा बोर्ड के सचिन डॉ. मेजर विशाल शर्मा का कहना है कि उत्तरपुस्तिकाओं से छेड़छाड़ मामले की फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। छात्राओं की लिखावट के नमूने लिए हैं। संबंधित विद्यार्थियों की लिखावट के 5–5 अलग–अलग सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक लैब जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही अब आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में स्टूडेंट सेमिनार एंड प्रेजेंटेशन का आयोजन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए और बीकॉम विभाग की ओर से स्टूडेंट सेमिनार एंड प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। मुख्य विषय था 'फाइनेंशियल फ्रंटियर, फाइनेंशियल इनोवेशन एंड इनक्लूजन: एक्स्पेंडिंग द फ्रंटियर'। कार्यक्रम में प्रो. नरेंद्र अवस्थी (पूर्व कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि सहायक प्रो. अनीश कोरला स्टूडेंट सेमिनार के मुख्य रिसोर्स पर्सन रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि वित्तीय ज्ञान केवल कॉमर्स या बिजनेस स्टूडेंट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्रों ने ग्रीन मार्केटिंग, एकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स, रोल ऑफ कंपनियां और बिजनेस जैसे विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। बीबीए में शिवम व सुहानी प्रथम, नीलाक्षी व पायल द्वितीय, प्रांजल व सक्षम तृतीय स्थान पर रहे। बीकॉम में दीपाली प्रथम, पल्लवी द्वितीय और दीक्षा तृतीय स्थान पर रही। कार्यकारिणी निर्देशक डॉ. बीएस पठानिया ने सभी छात्रों की प्रतिभा और कौशल की सराहना की और उन्हें करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष और सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे

## गरली के रोहित कुमार को मिली जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय और मजबूत जनसंपर्क रखने वाले रोहित कुमार निवासी गरली को राष्ट्रीय हिंदू जन कल्याण संघ ने जिला संगठन मंत्री कांगड़ा नियुक्त कर दिया है। मनोनयन पत्र जारी होते ही गरली पंचायत प्रधान शशिलता व क्षेत्र के तमाम युवाओं ने रोहित कुमार की इस नियुक्ति पर बधाई दी। प्रदेश महामंत्री रजनीश अहलूवालिया की अनुशंसा पर की गई। इस नियुक्ति को संघ की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।



## अखंड पाठ साहिब से होगी कार्यक्रमों की शुरुआत

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** गुरुद्वारा साहिब योल में नौवें गुरु, साहिब–ए–कमाल शहीद–ए–धर्म गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार खुशवंत सिंह, सचिव परविंदर सिंह, और सेवक इंद्रपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत कल अखंड पाठ साहिब के आरंभ के साथ की जाएगी। अखंड पाठ के भोग उपरांत भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर गुरु का लंगर लगातार चलता रहेगा, जहां सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप लंगर बरताया जाएगा।

## दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा, उनकी सुविधा सुनिश्चित करना प्राथमिकता : मलेंद्र



विधायक मलेंद्र ने दिव्यांग संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

**अशोक ठाकुर, अंनत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने वन विश्राम गृह में हिमाचल प्रदेश दिव्यांग संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में दिव्यांगजनों की समस्याओं, उनकी सुविधाओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन के प्रधान तरसेम चंद, सचिव सुभाष करालिया और कोषाध्यक्ष बसंत लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी सुविधा और सहभागिता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संगठन के साथ नियमित बैठक करने और नीतियों को और मजबूत बनाने का आश्वासन दिया। सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए स्थायी कार्यालय स्थापित करने के लिए प्रशासन और संबंधित विभागों से जल्द कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा इंदौरा उत्सव में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्थान आरक्षित किया जाएगा, ताकि वे सहजता से कार्यक्रमों में भाग ले सकें। सहारा पेंशन से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने का भी विधायक ने भरोसा दिया। बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में अभ्यास का अनुभव अविस्मरणीय : बेयर्सडॉर्फर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जर्मनी से भारत यात्रा पर आए डाइटमार बेयर्सडॉर्फर, सीईओ एफसी इंगोलस्टेड और मैनुअल शेफर, डायरेक्टर इंटरनेशनल रिलेशंस ने धर्मशाला स्थित एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. पार्थसारथी भट्टाचार्य, डायरेक्टर टीसीजी क्रेस्ट और फुटबॉल फिलॉसफर कौशिक मौलिक के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से भेंट की। जर्मनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि पहाड़ों के बीच स्थित यह अत्याधुनिक और सुविधाजनक स्टेडियम खेल प्रेमियों का आकर्षण केंद्र बन चुका है। उनका मानना है कि धर्मशाला का क्रिकेट मैदान दुनिया के सबसे खूबसूरत खेल मैदानों में से एक है। उन्होंने अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व की सराहना की, जिसने धर्मशाला को भारत का अगला बड़ा स्पोर्टिंग हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एचपीसीए महासचिव अवनीश परमार ने भी खेल के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के अनुराग ठाकुर के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

**जर्मनी के खेल विशेषज्ञों ने एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम का किया अवलोकन**

# पैराग्लाइडिंग हादसों की रोकथाम के लिए पर्यटन विभाग की कदमताल

## राज्य व उपमंडल स्तरीय रेगुलेटरी कमेटी ने किया साइट का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**इंद्रूनाग** पैराग्लाइडिंग साइट से उड़ान भरने के बाद शुक्रवार को हुए हादसे से सबक लेते हुए पर्यटन विभाग ने ऐसे हादसों की रोकथाम के लिए कदमताल शुरू कर दी है।

वहीं, शनिवार को राज्य व उपमंडल स्तरीय रेगुलेटरी कमेटी ने भी पैराग्लाइडिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पर्यटन अधिकारी कांगड़ा के अलावा पैराग्लाइडिंग उपमंडलीय रेगुलेटरी कमेटी के चेयरमैन एसडीएम धर्मशाला मौजूद रहे। दोपहर को पहुंची राज्य तकनीकी समिति के सदस्यों ने पैराग्लाइडिंग साइट का दौरा किया तथा मामले की जांच की। निरीक्षण के दौरान ऑपरेटर तथा पायलट को भी मौके पर बुलाया गया था। सुरक्षा को देखते हुए इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट पर शनिवार को पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर रोक रही। गौरतलब है कि शुक्रवार को धर्मशाला के इंद्रूनाग से तेलंगाना की महिला पर्यटक को लेकर उड़ा पॉयलट पैराग्लाईडर दाडनू में बिजली तारों में फंस गया था। गनीमत यह रही कि एचटी तारों के होने के बावजूद दोनों ही पायॅलट व पर्यटक महिला करंट की चपेट में भी नहीं आए तथा समय रहते जानकारी मिलने के बाद बिजली की सप्लाई को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया। हालांकि, दोनों हवा में ढाई से तीन घंटे तक लटके रहे। मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ व दमकल की टीमों ने दोनों को ही सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। बताते चलें कि ये साइट कई सालों से चल रही है तथा बिजली की तारों में पैराग्लाइडर के फंसने की यह पहली घटना है, जिसने पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, अब तकनीकी कमेटी के सुझावों के आधार पर पैराग्लाइडिंग को लेकर सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएंगे ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

**भविष्य में न हों हादसे, सुरक्षात्मक कदम उठाने की ओर बढ़ेगा विभाग**

> **उपमंडल** स्तरीय रेगुलेटरी कमेटी के चेयरमेन एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न के अलावा राज्य रेगुलेटरी कमेटी सदस्यों ने इंद्रूनाग पैराग्लाइडिंग साइट का निरीक्षण किया है। कमेटी के सुझावों के आधार पर पैराग्लाइडिंग को लेकर सुरक्षात्मक कदम उठाए जाएंगे, जिससे कि भविष्य में हादसों से बचा जा सके।
>
> **विनय धीमान, जिला पर्यटन अधिकारी, कांगड़ा**

# पठानिया ने किया कॉमन सर्विस सेंटर का लोकार्पण



केवल सिंह पठानिया ने बौहडू सारना पंचायत में ग्रामीणों की समस्याओं का लिया जायजा।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को पंचायत बौहडू सारना का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं का स्थल पर जाकर जायजा लिया। विधायक ने जंगल के रास्ते लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई को पैदल तय किया और बौहडू गांव पहुंचकर लोगों से बातचीत की।

ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भारी बरसात के दौरान स्लाइडिंग के कारण बाधित हो गई थी, जिससे आने–जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति का निरीक्षण करने के बाद पठानिया ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रभावित सडक़ के लिए वैल्पिक मार्ग का समाधान जल्द उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके उपरांत विधायक केवल सिंह पठानिया ने ग्राम पंचायत बौहडू सारना के सारना गांव में 5 लाख रुपये की लागत से बने कॉमन सर्विस सेंटर का लोकार्पण किया।

सुधीर शर्मा ने जनता को एक दिन में दी 22 लाख की सौगात

# टंग नरवाणा पंचायत में किया दो सामुदायिक भवनों का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** विधानसभा क्षेत्र की टंग नरवाणा पंचायत में शनिवार को विधायक सुधीर शर्मा ने 22 लाख से ज्यादा के उद्घाटन करके जनता को सौगात दी। सुधीर ने टंग नरवाणा में 7 लाख से बने नए कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ किया। इसके बाद 12 लाख रुपए से बने दो सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया।

**अंबेडकर महिला मंडल भवन भी लोकार्पित**

सुधीर ने वार्ड नंबर दो में 6 लाख से बने सामुदायिक भवन को जनता के हवाले किया, तदोपरांत वार्ड नंबर तीन में पंचायत सामुदायिक भवन जनता को सौंपा। इस भवन पर 6 लाख रुपए खर्च हुए हैं। वहीं, उन्होंने अंबेडकर महिला मंडल भवन का भी उद्घाटन किया। सुधीर शर्मा ने कहा कि पिछली शाम को सिद्धबाड़ी, खटेहड़, कनेड, ढगवार व दाड़ी में कई जगह जनता की मांग पर सोलर लाइटें लगाई गई हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि कांग्रेसराज में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस की ओर से जानबूझकर धर्मशाला के कार्यों को रोका जा रहा है। कांग्रेस सरकार ने सीयू के 30 करोड़ जमा न करवाकर जनता से धोखा किया है। इसी तरह धर्मशाला में सड़कों के काम ठप किए गए हैं। कई क्षेत्रों में पानी की दिक्कत आ रही है। पास्सू में सब्जी मंडी और ओबीसी भवन का काम रोका गया है। पंचायतों को सरकार बजट नहीं दे पाई है। भाजपा की विचारधारा वाली पंचायतों में जानबूझकर काम रोके जा रहे हैं। तीन साल के कांग्रेस कार्यकाल में प्रदेश 20 साल पीछे चला गया है। धर्मशाला में स्मार्ट सिटी, नगर निगम, सीयू आदि प्रोजेक्टों पर काम शुरू हुआ था, लेकिन लीडरशिप के अभाव में तमाम काम ठप पड़े हैं।

यही कारण है कि आगामी चार दिसंबर को पूरे प्रदेश से लोग धर्मशाला में प्रदर्शन करेंगे। मौजूदा समय में कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है, वहीं पेंशनरों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अस्पतालों में स्टाफ नहीं है, लेकिन कांग्रेस नेता समारोहों में व्यस्त हैं। जनता तंग आ चुकी है। हालात इतने खराब हैं कि यह कांग्रेस सरकार पंचायत चुनावों से भाग रही है। जनता इस सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद अंकुश ठाकुर जयंती पर रक्तदान शिविर 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आगामी 24 नवंबर को शहीद अंकुश ठाकुर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही पीएचसी कड़ोहता में इस अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ट्रस्ट की अध्यक्षा ऊषा रानी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर 24 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिसमें हर व्यक्ति को हिस्सा लेना चाहिए। शहीद अंकुश की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे।

### बिलासपुर में मिशन वात्सल्य प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में मिशन वात्सल्य योजना के तहत आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लेक व्यू होटल में अंतिम दिन उपायुक्त राहुल कुमार और पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने के लिए विभागीय समन्वय, संवेदनशील व्यवहार और समयबद्ध सेवाएं अत्यंत आवश्यक हैं। 18 से 22 नवंबर तक आयोजित प्रशिक्षण का संचालन सहायक निदेशक मुशीर आलम ने किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने बताया कि न्यायिक विशेषज्ञों, अधिवक्ताओं और बाल सुरक्षा विशेषज्ञों ने बाल अधिकारों, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, केस हैंडलिंग, मानसिक स्वास्थ्य और रेस्क्यू ऑपरेशन पर मार्गदर्शन दिया। राज्यभर से आए प्रतिभागियों ने व्यवहारिक सुझाव साझा किए। समापन सत्र में प्रमाण-पत्र वितरित किए गए और विभाग ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण प्रदेश में बाल संरक्षण सेवाओं को नई दिशा देगा।

### बिलासपुर भाजपा की सोशल मीडिया कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर ने जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, जिला नेतृत्व तथा सभी मंडल अध्यक्षों से विमर्श करने के बाद बिलासपुर जिला की सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में जिले के चार सह-संयोजक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें घुमारवीं से रजनीश शर्मा, झंडूता से राहुल चंदेल, श्री नयना देवी क्षेत्र से रामानंद तथा सदर से अजय मराठा शामिल हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में झंडूता के अमित चंदेल, शाहतलाई के पंकज कुमार, घुमारवीं के अजित कुमार, भराड़ी के सवदेश कुमार, श्री नैना देवी जी अपर मंडल के देवेंद्र ठाकुर, लोअर मंडल के कार्तिक शर्मा और सदर के श्याम शर्मा (हिमाचली मुंडा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नई कार्यकारिणी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पार्टी की गतिविधियों, नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### गेहड़वीं स्कूल में हुई अंतर सदनीय क्विज प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं में एंटी ड्रग क्लब के द्वारा अंतर सदनीय क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें चार सदनों ने भाग लिया। कल्पना चावला सदन प्रथम, अटल सदन द्वितीय और सुभाष सदन तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता के क्विज मास्टर रजनीश कुमार प्रवक्ता जीव विज्ञान रहे प्रधानाचार्य चमन लाल पुरी ने विजेता बच्चों के साथ-साथ एंटी ड्रग क्लब के कन्वीनर रजनीश डोगरा व उनकी सारी टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने बच्चों को ड्रग एब्यूज से दूर रहने व पढ़ाई में अपना बेस्ट देने की सलाह दी। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी अतुल सिंह ने एनसीसी कैडेट्स के लिए पेंटिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया।

### राज्य खाद्य आयोग की समीक्षा बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की पालना, पीडीएस खाद्यान्न की गुणवत्ता, उपलब्धता और शिकायत निवारण प्रणाली पर चर्चा हुई। डॉ. कत्याल ने सप्लाई चेन से लेकर लाभार्थियों तक हर स्तर पर खाद्यान्न की नियमित जांच और उचित मूल्य की दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मिड-डे-मील स्कूलों एवं थोक गोदामों के सतत निरीक्षण पर जोर दिया। अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने बताया कि पिछले एक वर्ष में कोई शिकायत नहीं मिली। जिला नियंत्रक बृजेंद्र पठानिया ने 1,77,437 लाभार्थियों को नियमित वितरण की जानकारी दी। बैठक के बाद डॉ. कत्याल ने पीडीएस गोदामों का निरीक्षण कर खाद्यान्न नमूने लिए।

### तंबाकू के दुष्प्रभावों बारे छात्रों को करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के विभिन्न क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू मुक्त अभियान 3.0 का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग, शपथ ग्रहण और जागरूकता रैली शामिल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पीएस कटवाल ने की तथा उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर तंबाकू के दुष्प्रभावों से छात्रों को अवगत कराया। अभियान में 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और तंबाकू मुक्त जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार, प्रो. अपर्णा, डॉ. प्रियंका, डॉ. भूपेंद्र जसवाल सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा श्री नयना देवी लोअर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्री नयना देवी लोअर मंडल के अध्यक्ष गुरमीत सिंह बालू ने आज प्रेस के समक्ष नई मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और ओबीसी समुदाय के बीच पार्टी की पकड़ को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह कार्यकारिणी गठित की गई है। गुरमीत सिंह बालू ने बताया कि नई कार्यकारिणी में दगडाहन से परमानंद गोश, सरन से रोशन लाल, डोलां से अमरनाथ और स्वारघाट से गुरविंदर सोनी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, बैहल से राजकुमार (पप्पू) और मंडयाली से राम नाथ भारद्वाज को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद का दायित्व धलेत से करनैल सिंह, मलेटा से मदन सिंह मदी, धलेत से शिव कुमार, बैहल से लखविंद्र वर्मा और मजारी से गुरप्रीत सिंह निभाएंगे। इसके अतिरिक्त डोलां से सुरजीत कुमार को कोषाध्यक्ष तथा सुरेंद्र पाल को कार्यालय सचिव बनाया गया है। झिड़ियां के ऋषि अवतार सोशल मीडिया एवं आईटी संयोजक होंगे जबकि डोलां के रणजीत सिंह को मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यकारिणी में मंडयाली से बलविंदर सिंह, सरन से कश्मीर सिंह, मजारी से दलजीत सिंह, लखनू से मंगल सिंह, डोलां से राजकुमार बिट्टू, चंगर तरसूह से सुच्चा सिंह व हुस्न चंद, डोलां से राम स्वरूप, धलेत के राम चंद, सरन के काश्मीर सिंह, तथा डोलाँ के कर्म चंद, हेमराज, नीरज, लाडी राम, राजकुमार और राम लाल को सदस्य बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा से जुड़े प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के सभी पदाधिकारी और सदस्य नई कार्यकारिणी में स्थाई आमंत्रित सदस्य रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बरठीं में यातायात नियमों की अनदेखी पुलिस कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

## बिना हेलमेट बाइक सवार और बिना सीट बेल्ट सड़कों पर दौड़ रहीं गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, बरठीं**



झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में दोपहिया वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। दोपहिया बिना हेलमेट और चार पहिया बिना सीट बेल्ट के वाहन चालक बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। इसमें ज्यादा प्रवासी मजदूर हैं एक बाइक पर तीन तीन प्रवासी बैठ कर जाते हैं।

बरठीं की सड़कों पर यह स्थिति और भी स्पष्ट नजर आती है, जहां दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और कार चालक बिना सीट बेल्ट के धड़ल्ले से वाहन चला रहे हैं। जानकारी अनुसार पुलिस प्रशासन समय-समय पर बिना हेलमेट और दो से अधिक सवारियों वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाता है। इन अभियानों के तहत चालान भी काटे जाते हैं, लेकिन इन कार्रवाइयों का असर बेहद कम दिखाई देता है। बरठीं के चौक-चौराहों पर पुलिस कर्मचारी चालान काटने के लिए तैनात तो रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद नियम तोड़ने वाले वाहन चालक पुलिस की नजरों से कैसे बच निकलते हैं। यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है। बरठीं में बिना हेलमेट के बाइक चलाना आम बात हो गई है। कई बार तो तीन चार लोग एक ही बाइक पर सवार नजर आते हैं। पुलिस कभी-कभी चालान काटती है, लेकिन यह अभियान कुछ दिनों तक ही चलता है। उसके बाद फिर वही स्थिति हो जाती है। 'यातायात नियमों की अनदेखी न केवल चालकों की जान को खतरे में डालती है, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है। अगर ऐसी स्थिति में कोई दुर्घटना होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### झंडूता में आत्मनिर्भर भारत पद यात्रा का तीसरा चरण शुरू

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कोटधार क्षेत्र के ग्राम केंद्र नघ्यार से 'आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र पद यात्रा' के तीसरे चरण की शुरुआत की। नघ्यार और मरुड़ा बूथों पर आयोजित टिफिन बैठकों में उन्होंने पिछले आठ वर्षों में कोटधार क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा। विधायक ने कहा कि भाजपा का मजबूत आधार बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो इस यात्रा के माध्यम से हर घर तक पहुंचकर विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उज्ज्वला, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन जैसे केंद्र सरकार के कार्यक्रमों को ग्रामीण जीवन का आधार बताया। कटवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़े क्षेत्रों की ओर विकास की दिशा मोड़ी गई है। कोटधार में सड़क विस्तार, पानी-बिजली-शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किए गए हैं। नघ्यार पंचायत में विभिन्न योजनाओं और विधायक निधि से लगभग 1.10 करोड़ रुपए के विकास कार्य संपन्न हुए हैं।

# हिमाचल विश्वविद्यालय टीम ने बिलासपुर कॉलेज का किया एफिलिएशन निरीक्षण



निरीक्षण टीम के साथ प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की एफिलिएशन निरीक्षण टीम ने राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विभिन्न विभागों और संकायों का निरीक्षण किया। टीम में विश्वविद्यालय की ओर से वीसी नामित सदस्य प्रोफेसर विजय कुमार और सरकार की ओर से प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह शामिल थे।

टीम ने बीए, बीकाम, बीएससी (मेडिकल और नॉन-मेडिकल), एमए इंग्लिश, एमए इकोनोमिक्स, एमकाम, एमएससी फिजिक्स, एमएससी कैमिस्ट्री, एमएससी मैथ्स, बीबीए, बीसीए, पीजीडीसीए, बीटीटीएम, बीएससी बायोटेक सहित सभी विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया और फिजिकल वेरिफिकेशन के साथ सुधार हेतु सुझाव दिए। टीम ने विद्यार्थियों से बातचीत कर फीडबैक भी लिया।

आईक्यूएसी के समन्वयक प्रोफेसर प्रेमजीत, डॉ. विजय और डॉ. रितु शर्मा द्वारा विभागीय फाइलें निरीक्षण हेतु तैयार करवाई गईं। निरीक्षण में लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर साइंस और बायोटेक लैब्स, वूमेन डेयर केयर रूम, क्लासरूम, कैबिन और कॉन्फ्रेंस हाल शामिल थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि निरीक्षण बहुत सफल रहा और विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए सुझावों को लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

# अदावाकृत खातों पर बिलासपुर में बड़ी पहल



यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में बैठक को संबोधित करते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अदावाकृत संपत्ति और निधियों के त्वरित, पारदर्शी निपटान के लिए आरबीआई द्वारा एक अक्तूबर से 31 दिसंबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में एक महत्वपूर्ण उप-बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्रशेखर यादव ने की। इसमें जिले के विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अब तक की प्रगति की समीक्षा के साथ आगे की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि आरबीआई की यह पहल वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करने और बैंकिंग प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बिलासपुर जिले में वर्तमान में 46,784 खातों में लगभग 14.02 करोड़ रुपए अदावाकृत पड़े हैं, जिन्हें पुनः सक्रिय करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रगति रिपोर्ट में बताया गया कि बैंकों द्वारा अब तक लगभग 55 लाख रुपए की दावा-रहित राशि का निपटान किया जा चुका है, जबकि बीमा कंपनियों ने करीब 15 लाख रुपए के लंबित दावों का सेटलमेंट किया है। निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर ग्राहकों को उनकी भूली-बिसरी राशि वापस दिलाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी को चुनौती बताते हुए बैंकों को अधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

# संस्कार सोसायटी ने 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान को दी नई ताकत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व निजी प्रतिष्ठानों में जाकर इस अभियान के तहत विस्तृत चर्चा की। जिसके तहत संस्था ने पहले मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं, शिक्षा अकादमी घुमारवीं, चंदेल बुक डिपो तथा ओम प्रकाश एंड संस सहित कई संस्थानों में जाकर इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान संस्थानों के संचालकों व शिक्षकों से समाज को नशामुक्त बनाने के इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग की अपील की गई।

संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी के नेतृत्व में टीम ने लोगों को चिट्टा जैसे घातक नशे से दूर रहने और समाज को इस दिशा में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों ने इस अभियान का समर्थन करते हुए अपने स्तर पर भी सहयोग का आश्वासन दिया। इन मुलाकातों के बाद संस्कार सोसायटी की टीम ने नवलोक आदर्श विद्यालय खनसरा, मेहरी काथला में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों को चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

संस्था के पदाधिकारी डॉ. पुष्पराज शर्मा ने करीब एक घंटे तक विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। उन्होंने बच्चों से खुलकर बातचीत करते हुए उन्हें जीवन में सकारात्मक दिशा अपनाने, लक्ष्य निर्धारित करने और नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका सुमन चंदेल तथा अध्यापक अनूप शर्मा कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने संस्कार सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को सही दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने भविष्य में भी इस अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाने का संकल्प लिया है, ताकि समाज से चिट्टा जैसी बुराई को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर कांग्रेस सरकार पर त्रिलोक जम्वाल का हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पत्रकारों को संबोधित करते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल।

सदर बिलासपुर के विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार किया है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है और आम लोग असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। जम्वाल ने आरोप लगाया कि शांत माने-जाने वाले हिमाचल में ड्रग माफिया का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है, लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन इसकी गंभीरता को समझने में नाकाम साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुलेआम गोलीकांड की घटनाएं सामने आना प्रदेश के लिए बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है।

विधायक के अनुसार, पुलिस पर राजनीतिक दबाव इतना अधिक है कि वह स्वतंत्र रूप से कार्रवाई नहीं कर पा रही। सरकार कागजी बैठकों तक सीमित है, जबकि जमीनी हालात गंभीर हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत प्रभाव से कानून-व्यवस्था सुधारने के ठोस कदम उठाए और नशे के बढ़ते कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो जनता इसका जवाब आने वाले समय में देगी। वार्ता के दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र संख्यान और सदर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर उपस्थित रहे।

### जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जीवन में सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को लक्ष्य तक पहुंचाती है। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भगेड़ में आयोजित क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

समारोह में भगेड़ क्लस्टर के सात स्कूलों के लगभग 1200 विद्यार्थी शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार शिक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार कर रही है, जिसका परिणाम है कि राज्य राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। अब लक्ष्य शिक्षा व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय स्तर से जोड़ना है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे पाठ्यक्रम को केवल किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि विषयों को छात्रों के वास्तविक जीवन से जोड़कर पढ़ाएं। धर्माणी ने विद्यार्थियों के लिए चार संकल्प सुझाए- नशामुक्ति, स्वास्थ्य व समय प्रबंधन, स्वच्छता और पर्यावरण व जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता।

उन्होंने नशे से दूर रहने, मोबाइल का सीमित उपयोग करने, खेलकूद व योग अपनाने तथा स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। मंत्री ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए और सभी से अगली बार और बेहतर प्रयास करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य डॉ. राकेश शर्मा ने गतिविधियों और उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर झंडूता में होगा 'यूनिटी मार्च'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में झंडूता में 'यूनिटी मार्च-सरदार @150' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी दीप माला ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और युवाओं को सरदार पटेल की वैचारिक विरासत से जोड़ना है।

दीप माला ने बताया कि यह यूनिटी मार्च राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता से आरंभ होकर राजकीय कॉलेज झंडूता तक निकाला जाएगा। रैली को झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। मार्च में स्कूली छात्रों, युवाओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों और आम लोगों की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मार्च के दौरान प्रतिभागी सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके संकल्प, राष्ट्रीय एकीकरण में उनकी भूमिका और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश से जुड़े पोस्टर एवं बैनर लेकर चलेंगे।

पत्रकार वार्ता में झंडूता ब्लॉक के को-ऑर्डिनेटर साहिल कुमार तथा प्रोग्राम सुपरवाइजर यंग चेन लामो भी उपस्थित रहीं। समापन पर राजकीय कॉलेज झंडूता में एक संक्षिप्त कार्यक्रम भी होगा, जिसमें वक्ता सरदार पटेल के विचारों और योगदान पर प्रकाश डालेंगे। झंडूता में आयोजित होने वाला यह 'यूनिटी मार्च' बिलासपुर जिले में सरदार पटेल की 150वीं जयंती का प्रमुख आकर्षण बनने जा रहा है।

### दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर ने तकनीकी शिक्षा मंत्री से की भेंट

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल दिव्यांग कल्याण संघ की सचिव रचना कुमारी की उपस्थिति में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से मिला दिव्यांगजनों को हिम बस कार्ड के दायरे से रखा जाए बाहर दिव्यांगजनों, बेसहारा लोगों बीमारियों से पीड़ित लोगों की जो सहारा पेंशन तकरीबन 7 महीने से लंबित है उसे शीघ्र दिए जाए। बैकलॉग की पोस्टों को शीघ्र भरा जाए। पीजीटी, टीजीटी, जेबीटी की पोस्टें जो काफी समय से लंबित है उन्हें शीघ्र निकला जाए। हम बहुत बार मुख्यमंत्री को हर जिला व राज्य स्तर के सभी संगठनों के माध्यम से ज्ञापन दे चुके है कि दिव्यांगजनों को हिम बस कार्ड के दायरे से बाहर रखें, लेकिन सरकार का कोई जवाब नहीं मिला कंडक्टरों द्वारा दिव्यांजनों को हिम बस कार्ड बनवाने के लिए बाध्य किया रहा है जो उचित नहीं है।

# राहुल गांधी पर पूर्व अधिकारियों की चिट्ठी के बहाने राजनीतिक विवाद तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राहुल गांधी के खिलाफ हाल ही में जारी की गई 272 पूर्व अधिकारियों और राजनयिकों की चिट्ठी को लेकर राजनीतिक घमासान बढ़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि यह पत्र 'राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित' है और इसका मकसद राहुल गांधी की छवि को नुकसान पहुंचाना है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सचिव हीरापाल सिंह ठाकुर ने कहा कि मीडिया में जिस सूची का प्रचार किया जा रहा है, उसमें शामिल कई अधिकारी पहले भाजपा या उससे जुड़े संगठनों में महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नाम ऐसे भी हैं जिन पर अतीत में वित्तीय अनियमितताओं एवं अन्य आरोपों की चर्चाएं रही हैं।

उन्होंने कहा कि 'यदि ये अधिकारी इतने ही सजग और निष्पक्ष होते, तो मणिपुर में दो वर्षों से जारी हिंसा, महिलाओं के प्रति हुई अमानवीय घटनाओं और अस्थिरता पर भी आवाज उठाते। उस समय इनका मौन समझ से परे था, लेकिन अब अचानक राहुल गांधी को निशाना बनाने वाली चिट्ठी आना राजनीतिक उद्देश्य की ओर संकेत करता है। 'कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी से जुड़े किसी भी मामले में यदि भाजपा को लगता है कि उनके पास पर्याप्त आधार है, तो उन्हें न्यायिक प्रक्रिया अपनानी चाहिए, न कि चुनिंदा पूर्व अधिकारियों के पत्रों के जरिए माहौल बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुछ संगठनों, सोशल मीडिया नेटवर्कों और टीवी चैनलों के एक वर्ग द्वारा इस चिट्ठी को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जा रहा है, ताकि राजनीतिक लाभ हासिल किया जा सके। ठाकुर ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की परीक्षा होते हैं, लेकिन आज बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक असंतुलन, सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों पर चर्चा कम, और ध्यान भटकाने वाले अभियानों पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

## अजय चौहान, गौरव कौंडल और स्थानीय प्रतिभाओं की शानदार प्रस्तुतियों ने बांधा समां

# जोश महोत्सव की पहली संध्या संगीत-नाटी के रंग में रंगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



दीप प्रज्वलित करते उपायुक्त राहुल कुमार।

गोबिंदसागर झील के किनारे चल रहे तीन दिवसीय जल तरंग जोश महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या शानदार प्रस्तुतियों से रंगीन हो उठी। मंच पर प्रदेश और पंजाब के लोकप्रिय कलाकारों ने ऐसी प्रस्तुतियां दीं कि दर्शक देर तक तालियां बजाते और थिरकते रहे। मुख्यातिथि डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर संध्या का शुभारंभ किया।

संध्या का आकर्षण रहे नाटी सरताज अजय चौहान ने 'नाटी रा चस्का बुरा', 'नाटी सिरमौरा वालिए', 'झुमका' और 'सुण री झांझिरो' जैसी अपनी सुपरहिट नाटियों से मंच पर अद्भुत रौनक बिखेरी। उनकी धुनों पर दर्शक बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक झूमते दिखाई दिए।

इससे पहले वॉयस ऑफ पंजाब फेम गौरव कौंडल ने अपनी दमदार आवाज से माहौल को रोमांचक बना दिया। 'तुम्हें दिल्लगी', 'चल मेले नूं चलिए' जैसे लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हिमाचली जोड़ी अर्जुन-गोपाल ने मंच पर 'इक हसीना थी, इक दीवाना था' गीत से प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा और माहौल को पूरी तरह पहाड़ी रंग में रंग दिया।

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय प्रतिभाओं ने भी अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। डीएवी बिलासपुर के छात्रों ने दक्षिण भारतीय नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य स्कूलों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां कर दर्शकों को प्रभावित किया।

### अंतिम दिन में स्वास्थ्य और संस्कृति का होगा संगम

**जल** तरंग जोश महोत्सव के अंतिम दिन जिला प्रशासन स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन और कला-संस्कृति से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनसेवाओं को लोगों तक सरलता से पहुंचाना और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। डीसी राहुल कुमार ने बताया कि महोत्सव स्थल पर सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा। इसी दौरान दिव्यांगजन के लिए मेडिकल बोर्ड भी मौजूद रहेगा, जो पात्र लाभार्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करेगा। दिव्यांगजन हेतु एडीआईपी योजना के अंतर्गत मूल्यांकन शिविर भी आयोजित होगा, इसमें वे लाभार्थी भाग ले सकेंगे। लाभार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लाने होंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत भी मूल्यांकन शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा, ब्लड डोनेशन कैंप, हेल्दी बेबी शो, जबकि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए फैशन शो होगा। शाम को बॉडी बिल्डिंग शो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

### वृद्धजनों के लिए हुई दौड़ प्रतियोगिताएं

**जल** तरंग जोश महोत्सव के दूसरे दिन वृद्धजनों के लिए रैडक्रॉस सोसायटी, बिलासपुर के माध्यम से दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में 100 मीटर रिले, 400 मीटर रिले और 100 व 200 मीटर मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। 100 मीटर रिले में राजेंद्र शर्मा, सुशील पुंडीर और प्रकाश चंद मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले में सुरेश नड्डा पहले, रणजीत सिंह दूसरे और सुशील पुण्डीर तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर मास्टर्स में चुन्नी लाल लखनपाल ने पहला स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागी पहले 23वीं एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स में भी भाग ले चुके हैं।

### स्वयं सहायता समूहों के व्यंजन हुए लोकप्रिय

**जल** तरंग जोश महोत्सव में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, चांदपुर की महिलाओं ने सारसों का साग-मक्की की रोटी और फ्रूट चाट परोसी, वहीं दिव्यांग किरण स्वयं सहायता समूह, नोआ ने कचोरी और कुल्लू सिड्डू पेश किया। शिवम, वेद एवं प्रतीक्षा समूहों के स्टॉल भी दर्शकों का आकर्षण बने। राजस्थानी व्यंजन भी विशेष लोकप्रिय रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मांधा स्कूल के मेधावी किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांधा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत के उपप्रधान श्री पाधा राम मुख्य अतिथि और समाजसेवी रिंकू सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल प्रभारी सुशील पठानिया ने मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह के दौरान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रोचक बनाया। टीजीटी आर्ट्स अरुण कुमार ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुभाष शर्मा और कामिनी शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य और सात दिवसीय विशेष शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। अंत में प्रवक्ता सुभाष शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया।

### ग्रामीणों को आधुनिक बैंकिंग की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शुक्रवार को राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा द्वारा ग्राम ककीरा जराई में किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा ककीरा के प्रबंधक अनिक ने की। शिविर में शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आपदाओं की स्थिति में किस प्रकार वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, तथा अटल पेंशन योजना के लाभ और पात्रता के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके अतिरिक्त लोगों को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, और साइबर सुरक्षा के उपायों पर जागरूक किया गया। ग्रामीणों को (एसएमआरवाई) योजना की जानकारी भी प्रदान की गई ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें। शिविर के अंत में उपस्थित लोगों को जलपान करवाया गया।

### पंडोह डैम से छोड़ा जाएगा 6000 क्यूसेक पानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंडोह डैम में जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के तहत डैम से लगभग 6000 क्यूसेक पानी ब्यास नदी में छोड़ने का निर्णय लिया है। पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर तेज़ी से बढ़ने की संभावना है, जिसके चलते लोगों को नदी किनारे जाने से सख्त मना किया गया है। मंडी प्रशासन ने अपील की है कि कोई भी व्यक्ति स्वयं न नदी के नज़दीक जाए और न ही अपने परिवार या पशुओं को वहां जाने दे। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी को सतर्क रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

### गाहर में बैंक धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश राज्य सह. बैंक शाखा चंदेश द्वारा गाहर में नाबार्ड के सौजन्य से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में जन साधारण को आय, व्यय, बजट, बचत, ऋण, बीमा, निवेश, पेंशन, वित्तीय योजना, डिजिटल लेनदेन, एटीएम, आर. टीजीऐस, यूपीआई, आईएमपीएस आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गये। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं जैसे सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना की जानकारी के साथ साथ बचत एवं ऋण संबंधित योजनाएं भी बताईं। शिविर में बैंक कर्मचारियों सहित 48 लोगों ने भाग लिया।

### पीएमश्री स्कूल धर्मपुर में सजा बाल मेला

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में एक बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें करीब सात सरकारी व निजी पाठशालाओं के छात्र छात्राओं अध्यापकों व अभिभावकों ने भाग लिया धर्मपुर पाठशाला के प्रांगण में मनाये गये इस बाल मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पाठशाला के वरिष्ठ साइंस टीचर एवं ऐन सी सी के प्रभारी शशि शर्मा रहे तथा विशेष अतिथि के रूप में धर्मपुर क्षेत्र के ही रहने वाले और आई टी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले दम्पति विजय कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी गीतिका विजय कुमार रहे जिन्होंने धर्मपुर पाठशाला के साथ साथ राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को दस स दस कम्प्यूटर मॉनिटर देने की बात कही ताकि क्षेत्र के छात्रों को आईटी क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिल सके। इस बाल मेले में छात्र पाठशालाओं ने विभिन्न तरह के मॉडल बनाकर उनकी प्रदर्शनी लगाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गये। इस बाल मेले में छात्र व छात्राओं ने खाने पिने की वस्तुओं के स्टाल लगाकर बाल मेले की और शोभा बढ़ाई। पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया की यह बाल मेला केंद्र सरकार के साथ साथ प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदेश शिक्षा विभाग के आदेश से आज हमारी पाठशाला में मनाया जा रहा है।

### पानी की समस्या सुलझाने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कोड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में वार्ड 8 और 9 में पीने के पानी की समस्या पर जल शक्ति विभाग से कार्रवाई की मांग की गई, क्योंकि लगातार लोग कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। प्राइमरी स्कूल ढुग्गा के सामने सड़क पर स्पीड ब्रेकर के चलते वाहन चालकों को परेशानी होने पर लोक निर्माण विभाग से सुधार करने का अनुरोध किया गया। इसके अलावा भोटा चैक हमीरपुर पर लंबी दूरी की सरकारी बसें खड़ी न करने की शिकायत के बाद एचआरटीसी से बसें सही स्थान पर खड़ी करने के निर्देश देने की मांग उठाई गई। बैठक में युद्धवीर पठानिया, हेत राज शर्मा, अशोक सोनी, रोशन लाल पटियाल और विजय लक्ष्मी उपस्थित रहे।

### राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला वॉलीबाल संघ हमीरपुर की ओर से राज्य स्तरीय छात्र एवं छात्रा वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए टीमों का चयन सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी में किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्व अंतरराष्ट्रीय कोच विद्यासागर शर्मा की देखरेख में संपन्न हुई। यह जानकारी जिला वॉलीबाल संघ हमीरपुर के प्रधान डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश वॉलीबाल संघ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 26 से 28 नवंबर तक संधोल (मंडी) में आयोजित होगी, जिसमें जिला हमीरपुर की बालक एवं बालिका टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि चयन के लिए वही खिलाड़ी पात्र थे जिनका जन्म 1 जनवरी 2008 के बाद हुआ हो। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए दसवीं का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रखे गए थे।

### हमीरपुर पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइटर्स विजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा आयोजित प्रथम जिला स्तरीय पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को पुलिस लाइन दोसड़का में भव्य समापन हुआ। पुलिस ग्राउंड के पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पुलिस जवानों में शारीरिक फिटनेस, टीम भावना और आपसी समन्वय को बढ़ावा देना था। टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन व पेशेवर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में फाइनल मुकाबला हमीरपुर फाइटर्स और सुजानपुर किंग्स के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर फाइटर्स विजेता और सुजानपुर किंग्स उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे खेलकूद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में सभी प्रतिभागियों और आयोजक दल का धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# सुल्तानपुर में नशे पर बड़ी कार्रवाई, मां बेटा गिरफ्तार, चिट्टा–नकदी बरामद

## पड़ोसी बोले– देर रात बाइक और पैदल आने वाले युवकों से भरा रहता था घर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के सुल्तानपुर में शनिवार को पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे निर्णायक कार्रवाई करते हुए मां–बेटे को गिरफ्तार किया। खुफिया सूचना के आधार पर की गई इस दबिश ने लंबे समय से मोहल्ले में छुपी समस्याओं का पर्दाफाश कर दिया। पड़ोसियों ने बताया कि घर देर रात बाइक और पैदल आने वाले युवकों से भरा रहता था। अनजान चेहरों की मंडराहट और घर के आसपास होने वाली रहस्यमयी गतिविधियों ने पूरे मोहल्ले में डर और बेचैनी फैला दी थी। मनिन्दर सिंह ने कहा, 'हम रोज़ सच को देखते थे, पर आवाज़ दबा दी जाती थी।' पड़ोसी हितेश ने बताया कि घरों से पैसे और छोटे–मोटे गहने गायब होने लगे थे और बच्चे नशे के दलदल में फंसते जा रहे थे। उन्होंने भावुक होकर कहा, 'यह सिर्फ पुलिस कार्रवाई नहीं, बच्चों के भविष्य को बचाने की लड़ाई है।



पुलिस को घर से 6 ग्राम चिट्टा (हेरोइन), □5 लाख नकद, 12 मोबाइल फोन (5 कार्यशील), 4 क्यूआर कोड स्कैनर, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और फॉइल पेपर बरामद हुए। इतने मोबाइल और क्यूआर कोड बरामद होना इस बात का संकेत है कि नशा नेटवर्क डिजिटल माध्यम से दूर तक फैला हुआ था। पुलिस अब मोबाइल डेटा और लेन–देन की कड़ियों की जांच करके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी है।



### नशा संबंधित गतिविधि की सूचना निडर होकर दें: हितेश लखनपाल

**एडिशनल** एसपी चंबा हितेश लखनपाल ने कहा, 'चम्बा को नशामुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी नशा-संबंधित गतिविधि की सूचना निडर होकर दें। हर सूचना पर कड़ी और तत्काल कार्रवाई होगी।' पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है। सुल्तानपुर की यह कार्रवाई जिले में नशा नियंत्रण के प्रति प्रशासन की गंभीरता को दर्शाती है और स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देती है।

# चंबा पुलिस थाने से पेट दर्द का बहाना बनाकर आरोपी फरार

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

- रिमांड में सुरक्षा चूक मानविंद्र रात के अंधेरे में हुआ फरार
- पुलिस विभाग में उठे सवाल, तलाश जारी और अधिकारियों को नोटिस

**भरमौर।** बीती रात लगभग 11:30 बजे चंबा पुलिस थाना से मानविंदर नामक आरोपी, निवासी झझाकोठी (तहसील चुराह), जिला चंबा, फरार हो गया। आरोपी पुलिस रिमांड में था। पेट दर्द का बहाना बनाकर पुलिस उसे शौचालय ले गई, जहाँ उसने मौका पाकर साथ वाली दीवार फांद कर अंधेरे में भाग निकला। पुलिस के जवान समझ पाते, उससे पहले ही आरोपी फरार हो चुका था।

पूरी रात सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। यह पहली बार नहीं है जब रिमांड में आरोपी फरार हुआ है। इससे पहले भी इब्राहिम नामक आरोपी जेल से पुलिस को चकमा देकर भाग चुका है और आज तक पकड़ा नहीं गया। लगातार ऐसी घटनाओं से पुलिस की कार्यप्रणाली और विभाग की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं, जिससे जनता का भरोसा डगमगा रहा है। एएसपी हितेश लखनपाल ने घटना की पुष्टि की और बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर थाना सादर के रात्रि मुंशी को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही होमगार्ड जवान को ड्यूटी से हटाया गया और थाना प्रभारी, अन्वेषण अधिकारी व थाना मुंशी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

पुलिस अब सभी संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। फरारी की यह घटना विभागीय सुरक्षा व्यवस्था और कस्टडी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# सुनारा पंचायत की मझाटा सड़क को पीएमजीएसवाई में मिली स्वीकृति



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- ग्रामीणों व चंपा चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल सफल
- ललित का तोहफा, सड़क की मैपिंग जल्द पूरी

ग्राम पंचायत सुनारा की मझाटा सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में शामिल करने के लिए ग्रामीणों और एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर की पहल सफल रही। इस संदर्भ में ग्रामीण और चंपा चैरिटेबल ट्रस्ट के लोग सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में सड़क को योजना में शामिल करने की गुहार लगाते दिखे। ट्रस्ट की अध्यक्ष सुमित्रा ठाकुर ने 22 नवंबर को निर्धारित सड़क मैपिंग की अंतिम तिथि का हवाला देते हुए सड़क की तत्काल मैपिंग की अपील की।

एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने तुरंत अपनी अनुशंसा प्रदान की, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सड़क की मैपिंग कर उचित कार्रवाई के लिए आगे भेजी। शाम तक यह सड़क पीएमजीएसवाई सैल शिमला द्वारा अप्रूव कर दी गई। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि के लिए ललित ठाकुर के साथ–साथ अधिशासी अभियंता बालचंद, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और अन्य कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# चूड़ी–बकल सड़क निर्माण से आमजन परेशान धूल व अव्यवस्था से स्वास्थ्य हो रहा प्रभावित

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चूड़ी से बकल रोड निर्माण कार्य ने स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर परेशानियाँ खड़ी कर दी हैं। बकल वार्ड के प्रतिनिधिमंडल ने इस समस्या को लेकर उपायुक्त चंबा को शिकायत पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान लगातार उठने वाली धूल के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। धूल रोजमर्रा की वस्तुओं पर जम रही है, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामान्य जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और अस्थमा रोग से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है, जिससे आमजन में नाराजगी और चिंता बढ़ी है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि सड़क निर्माण क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त पानी का छिड़काव किया जाए, मलबे और मिट्टी का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए और कार्यस्थल पर धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक संसाधन व तकनीक का प्रयोग किया जाए। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी बैरिकेडिंग लगाने पर भी विचार किया जाना चाहिए।



बकल वार्ड का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त चंबा को शिकायत पत्र सौंपता हुआ।

- जल छिड़काव, मलबा प्रबंधन और बैरिकेडिंग के त्वरित उपायों की मांग की

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह जनहित से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है और स्थानीय जनता को राहत प्रदान करने हेतु त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। सामान्य जनता का कहना है कि जबकि सड़क निर्माण में उच्च अधिकारियों और नेताओं के घरों में पानी की आपूर्ति पहले से बेहतर है, आमजन अभी भी पर्याप्त पेयजल और साफ–सुथरी सड़क की व्यवस्था के इंतजार में है।

### नैंसी के महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनने से क्षेत्र में खुशी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के छोटे से गांव छतराड़ी की नैंसी शर्मा को हिमाचल प्रदेश अंडर–23 महिला क्रिकेट टीम का कप्तान चुना गया है। इस उपलब्धि से उनके गांव और पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। नैंसी ने अपने हुनर, मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है और लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हैं, जो यह सोचती थीं कि खेल केवल लड़कों के लिए है।

नैंसी शर्मा हिमाचल अंडर–23 –20 टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनका पहला मुकाबला 24 नवंबर को मध्य प्रदेश के खिलाफ होगा, इसके बाद 25 नवंबर को विदर्भ, 27 नवंबर को छत्तीसगढ़, 29 नवंबर को बिहार और 1 दिसंबर को दिल्ली से भिड़ेंगी। सभी मैच चंडीगढ़ में आयोजित होंगे।

नैंसी के पिता पशुपालन विभाग में फार्मासिस्ट हैं और माता घर का कामकाज संभालती हैं। नैंसी की प्रारंभिक शिक्षा सरकारी स्कूल, छतराड़ी से हुई। बचपन में लड़कों के साथ खेलती रही उनकी जिद्द और मेहनत आज उन्हें इस मुकाम तक ले आई। पूरे क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि पर बधाइयों का तांता लगा है।

### केंद्र सरकार की श्रम संहिता अधिसूचना पर विरोध 26 नवंबर को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताओं की अधिसूचना जारी होने के बाद देशभर में मजदूरों और ट्रेड यूनियनों में रोष फैल गया है। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने इसे 'मेहनतकश वर्ग के साथ किया गया भ्रामक धोखा' बताते हुए 26 नवंबर को चम्बा और तीसा में जोरदार प्रतिरोध, हड़ताल और अवज्ञा प्रदर्शन की घोषणा की है। सीटू ने इन संहिताओं को मजदूरों की आजीविका और अधिकारों पर हमला बताया। यह निर्णय 29 मौजूदा श्रम कानूनों को समाप्त कर नियोक्ताओं को खुली छूट देता है। ट्रेड यूनियनों ने याद दिलाया कि 2019–20 से वेतन और अन्य श्रम संहिताओं के लागू होने पर भी व्यापक विरोध हुआ था। सीटू जिला कमेटी चम्बा ने 24 नवंबर से कार्यस्थलों पर काली पट्टी पहनकर गेट–मीटिंग, धरने और प्रतीकात्मक रूप से संहिताओं की प्रतियां जलाने की योजना बनाई है। जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने सभी मजदूरों और कर्मचारियों से 26 नवंबर के प्रतिरोध प्रदर्शनों में भाग लेने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार किए वितरित



**अनंत ज्ञान, चंबा**

कोहलड़ी पंचायत स्थित डीवीएम पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक महोत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे इस अवसर पर सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे तथा स्कूल प्रबंधन और छात्रों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। महोत्सव में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने फोक डांस, संगीत, खेल प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मंच पर बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों व दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यातिथि ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन लोकेश कुमार 'लक्की' का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

### उदयपुर, साहो–कीड़ी रोड व चंबा बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग ने भरे 15 नमूने

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को उदयपुर, साहो–कीड़ी रोड और चंबा स्थानीय बाजार में संयुक्त तौर पर निरीक्षण अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुगंधी कोंडल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने विभिन्न दुकानों से कुल 15 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए। इनमें खजूर के 3, किशमिश 2, सरसों तेल 3, हल्दीराम नमकीन 3, मिल्क पाउडर 1, सॉस 1, घी 1 और वनस्पति घी (गगन) का 1 नमूना शामिल है। सभी नमूनों को नियमानुसार सील कर जांच हेतु सीटीएल कंडाघाट प्रयोगशाला भेजा गया है। निरीक्षण टीम में भुवन चौहान और चैन लाल भी उपस्थित रहे। असिस्टेंट कमिश्नर, फूड एंड सेफ्टी विभाग चंबा, दीपक आनंद ने बताया कि यदि प्रयोगशाला रिपोर्ट में किसी भी नमूने में मानक अनुरूपता न पाई जाती है, तो संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

### लोकार्पण 13 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक चेतना को समर्पित साझा काव्य-संग्रह 'वंदे मातरम' का लोकार्पण 13 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस संग्रह में हिमाचल प्रदेश और पंजाब के 30 से अधिक कवियों ने राष्ट्रभक्ति, मातृभूमि प्रेम और राष्ट्रीय गौरव को अपनी कविताओं में स्वर दिया है। काव्य-संग्रह का संपादन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार युद्धवीर टंडन ने किया है।


**अनंत Classifieds**

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, सुनीता देवी** पत्नी आर्मी नं. 13747215W नायक विनोद कुमार निवासी गांव धनेतर, डा. चौंतड़ा, तहसील जोगिन्द्रनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) 175032। घोषणा करती हूं कि मेरे पत्ति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 02.12.1968 गलत दर्ज है। जबकि मेरी सही जन्मतिथि 26.10.1968 है। सभी संबंधित नोट करें।

**In the court of Marriage Officer-Cum-Sub-Divisional Magistrate, Nagrota Bagwan Distt Kangra.HP.**

1. Sh. Rajsukirat Singh aged 25 Years S/o Sh. Prabhjot Singh R/o Village Sutrer PO Tehsil Nagrota Bagwan Distt. Kangra HP. 2. Rajpreet Kaur aged 25 years D/o Sh. Rajinder Singh R/o 192 Phase 6 S.A.S Nagar Mohali Sector 55 Chandigarh. ....*Applicants*

**Versus**

**General Public**

**In the Matter-** Application under section 16 of Special Marriage Act, 1954 registration of Marriage.

**Notice to:** General Public

Whereas the above said applicants have submitted an application u/s 16 of Special Marriage Act 1954. Wherein it is stated that they have solemnized their Marriage on **16-02-2025 at "Gurudwara Shri Bhaini Sahib Ludhiana Punjab"** in accordance with Hindu Right & Customs and now they are living together as husband and wife since then. They have requested for registration of their marriage under section 16 of special marriage Act 1954

So therefore this notice is hereby issued to the General Public and all the persons related to them and if any person has any objection regarding the registration of above said marriage, then he/she may submit his/her objection in this office within 30 days from the issue of this notice. Otherwise failing of which this application of marriage will be accepted and order in this regard will issued accordingly.

Issued today on 21/11/2025 under my hand and seal of the court.

**Marriage Officer-Cum Sub-Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**


# बागवानी मंत्री ने खुराहल में एचपी शिवा परियोजना की गतिविधियों का लिया जायजा

# किसानों को बागवानी में नए अवसर: जगत सिंह नेगी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने सुंदरनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुराहल में एचपी शिवा परियोजना से जुड़े नए क्लस्टर खुराहल में चल रही गतिविधियों का गहन जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बागवानी मंत्री ने बागवानी एवं जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को परियोजना को धरातल पर सफल रूप से कार्यान्वित करने बारे सख्त आदेश दिए। खुराहल में जापानी फल के अंतर्गत लगभग 11 हेक्टेयर क्षेत्र समाहित किया जायगा। सुंदरनगर खंड में वर्तमान में लगभग 83 हेक्टेयर में छह क्लस्टर में अमरूद, लीची, प्लम, स्वीट ऑरेंज की पैदावार की जा रही है तथा खुराहल के जुड़ने के बाद इनकी संख्या सात हो गई है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। एचपी शिवा परियोजना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के साथ–साथ बागवानी के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने एचपी शिवा क्लस्टर चयन प्रक्रिया बारे बताया कि यदि किसान सामूहिक रूप से न्यूनतम 125 बीघा क्षेत्रफल में फलदार पौधों का रोपण करते हैं तो उनके क्षेत्र में भी यह परियोजना लागू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंडी जिला में इस परियोजना के तहत 104 क्लस्टर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिनसे सैकड़ों किसान लाभान्वित हो रहे हैं।



लोगों को संबोधित करते हुए राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

बागवानी मंत्री ने एचपी शिवा परियोजना का क्रियान्वयन कर रही कंपनी के प्रतिनिधियों को समय पर निर्धारित लक्ष्य पूरा करने और जिला मंडी के शरदकालीन पौधा रोपण क्लस्टरों में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एचपी शिवा परियोजना से किसानों–बागवानों को आय के स्थायी साधन प्राप्त हुए हैं। परियोजना के तहत फलदार पौधों की उन्नत किस्म के पौधे और पूरे क्लस्टर को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कंपोजिट फेंसिंग, हर पौधे तक ड्रिप सिस्टम के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। पौधारोपण के लिए जो बेड पर गड्ढे बनाए जाते हैं, उसका कार्य भी कंपनी के माध्यम से विभाग द्वारा करवाया जाता है। समय–समय पर राष्ट्रीय बागवानी विशेषज्ञों द्वारा किसानों का तकनीकी मार्गदर्शन भी किया जाता है।

इस अवसर पर क्लस्टर कमेटी खुराहल के प्रधान राजेंद्र ने बागवानी मंत्री व प्रदेश सरकार का एचपी शिवा परियोजना के सफल संचालन के लिए धन्यवाद किया। अन्य लाभार्थियों ने भी परियोजना के तहत सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार का आभार जताया। एसडीएम अमर नेगी, डीएसपी भारत भूषण, विषय विशेषज्ञ उद्यान डॉ. राजेश शर्मा, सहित अन्य विभागीय अधिकारी व एचपी शिवा परियोजना व विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बलोठ**
**विकास खंड मैहला, जिला चम्बा (हि. प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बलोठ विकास खंड मैहला की मासिक बैठक दिनांक 19/11/2025 को पारित प्रस्ताव मंख्या 03 के अनुमार वर्ष 2025-26 में निष्पादित किये जाने वाले मनरेगा के तहत करवाये जाने वाले इन्टरलोकिंग टाईलो के कार्यो में प्रयुक्त होने वाली 40 एमएम की इन्टरलोकिंग टाईले के लिए हिमाचल प्रदेश पंचायती राज वित्त नियम, 2002 के नियम, 67 की अनुपालना करते हुये पंचायत स्तर पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक फर्म दिनांक 20/11/2025 से 03/12/2025 शाम 3 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत बलोठ में प्रधान व सचिव के पास अपने लैटर पैड पर बंद लिफाफे में अपनी निविदा जमा करवायें। उक्त दिनांक के बाद कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। दिनांक 04/12/2025 को प्रातः 11 बजे टेंडर कमेटी के सम्मुख ग्राम पंचायत में प्राप्त निविदाओं को सार्वजनिक किया जायेगा।

**नियम व शर्ते :-** 1. जी0 एस0 टी0 धारक की निविदा ही मान्य होगी।
2. ओवर राईटिंग व कटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
3. पंचायत को समय पर सामाग्री उपलब्ध न करवाने की दशा में निविदा रद्द कर दी जायेगी व पंचायत को दूसरे नम्बर वाले आपूर्तिकर्ता से पूर्ति लेने का अधिकार होगा।
4. तकनीकी कर्मचारी द्वारा बिल पास करने के उपरांत ही आदायगी की जाएगी।
5. निविदा धारक पंचायत पदाधिकारी का रिश्तेदार नहीं होना चाहिये।
6. निविदा के साथ जीएसटी, रजिस्ट्रेशन न0 (लाईसेंस), आधारकार्ड, पहचान पत्र पैन कार्ड व बैंक खाते की फोटो कापी देना अनिवार्य है।

प्रधान
ग्राम पंचायत बलोठ
विकास खंड मैहला जिला चम्बा (हि. प्र.)

**संदेहास्पद** विषयों में सज्जन लोग अपनी आत्मा की गवाही को ही प्रमाण मानते हैं।

-कालीदास

## संपादकीय

# नए श्रम कानूनों पर बहस

देश में लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं-वेतन संहिता (2019), औद्योगिक संबंध संहिता (2020), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020) और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य शर्त संहिता (2020)-आज भारतीय राजनीति और नीति-निर्माण के केंद्र में हैं। सरकार और विपक्ष दोनों इस मुद्दे को अपनी-अपनी दृष्टि से देख रहे हैं। जहां एनडीए इन संहिताओं को मोदी सरकार द्वारा श्रम क्षेत्र में किया गया सबसे बड़ा और व्यापक सुधार बता रही है, वहीं कांग्रेस उन्हें एक 'छलावा', 'अधूरा सुधार' और 'जनहित से दूर' मानते हुए अपने सवाल उठा रही है।

इस पूरे विवाद ने देश में एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है कि क्या ये कानून वाकई श्रमिकों के लिए लाभकारी हैं या उनका फायदा उद्योगों और नियोक्ताओं को अधिक मिलने वाला है? और क्या विपक्ष सिर्फ विरोध के लिए विरोध कर रहा है या श्रमिकों की वास्तविक समस्याओं को सामने लाने का प्रयास कर रहा है? सरकार का मानना है कि पुराने 29 अलग-अलग और जटिल श्रम कानूनों को समाहित कर चार सरल, आधुनिक और स्पष्ट संहिताएं बनाना अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्षों से उद्योग जगत शिकायत करता रहा था कि भारत के श्रम कानून इतने उलझे हुए हैं कि नई कंपनियों को निवेश करने, रोजगार देने और प्रतिस्पर्धी बनने में दिक्कत आती है। नई संहिताएं जहां एक समान वेतन व्यवस्था, काम के घंटे, ओवरटाइम, छुट्टियां आदि का ढांचा सुधारने का दावा कर रही हैं, तो वहीं, सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाना, जिसमें असंगठित क्षेत्र और गिग वर्कर्स भी शामिल हैं तथा औद्योगिक संबंधों में पारदर्शिता लाना, ताकि हड़ताल और छंटनी जैसे मुद्दों पर प्रक्रिया स्पष्ट हो एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी कड़े प्रावधान करने का प्रयास करती हुई प्रतीत हो रही हैं।,

सरकार का दावा है कि इससे 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को मजबूत आधार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने स्वयं इन संहिताओं को भारत के श्रम इतिहास का नया अध्याय बताया है। उनका मानना है कि इससे उद्योग जगत को स्पष्ट कानूनी वातावरण मिलेगा और श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और न्यूनतम उपार्जन का अधिकार सुनिश्चित होगा। विपक्ष की आपत्तियां यह हैं कि क्या सुधार श्रमिकों के हित में हैं या उद्योग के? कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के अनुसार नई चारों संहिताओं में कई कमियां हैं। उनका कहना है कि मौजूदा 29 कानूनों को मात्र संहिताबद्ध कर देने से सुधार अपने-आप बेहतर नहीं हो जाता। कांग्रेस के मुख्य सवाल हैं कि नियम अधिसूचित नहीं हुए हैं। नियमों के बिना कानून लागू नहीं माना जाता। विपक्ष का आरोप है कि सरकार केवल सुधार का प्रचार कर रही है, जबकि जमीनी कियान्वयन अभी स्पष्ट नहीं है। राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन 400 रुपए प्रतिदिन की मांग भी पूरी होनी चाहिए। कांग्रेस और कई श्रमिक संगठनों का मानना है कि संहिताओं में न्यूनतम वेतन के निर्धारण को स्पष्ट और पर्याप्त नहीं बनाया गया है। विपक्ष चाहता है कि प्रत्येक श्रमिक को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवरेज देने वाला एक समग्र कानून बने, जो अभी नहीं हुआ है।

मनरेगा की तरह शहरी गरीबों और प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी की मांग की गई है। ठेकदारी प्रथा खत्म होनी चाहिए। मुख्य सरकारी कार्यों को ठेके पर देना बंद होना चाहिए, लेकिन नई संहिताएं इस पर स्पष्ट प्रतिबंध नहीं लगातीं। यह कहना भी सही नहीं होगा कि विपक्ष केवल विरोध करने के लिए कर रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का कर्तव्य है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे, सवाल पूछे और संभावित कमियों को उजागर करे। जिस प्रकार ये संहिताएं लाखों श्रमिकों के जीवन को प्रभावित करेंगी, यह स्वाभाविक है कि उन पर सवाल उठें।

हालांकि यह भी सच है कि कई बार राजनीतिक बयानबाजी तथ्यात्मक बहस पर हावी हो जाती है। कांग्रेस का यह दावा कि सरकार जनता को भ्रमित कर रही है या सुधार केवल छलावा हैं एक राजनीतिक वक्तव्य अधिक प्रतीत होता है, बजाय कि ठोस नीति-विश्लेषण के। यदि विपक्ष वास्तव में श्रमिकों की भलाई चाहता है तो उसे संहिताओं के प्रत्येक प्रावधान पर तथ्य आधारित चर्चा करनी चाहिए, ताकि सुधार को और बेहतर बनाया जा सके। वहीं सरकार भी केवल उपलब्धियों का प्रचार न करे, बल्कि उठाए गए सवालों का स्पष्ट और सार्वजनिक जवाब दे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## प्रसिद्ध पार्श्वगायिका

**गीता** दत्त भारतीय फिल्म जगत की उन चुनिंदा गायिकाओं में थीं, जिन्होंने अपनी भावपूर्ण और मखमली आवाज से श्रोताओं के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। फरीदपुर (अब बांग्लादेश) में जन्मी गीता दत्त महज 12 वर्ष की उम्र में परिवार के साथ मुंबई आ गईं। संगीत के प्रति रुझान बचपन से ही था और उन्होंने अपनी प्रारंभिक तालीम हनुमान प्रसाद से प्राप्त की।



गीता दत्त
जन्म : 23 नवंबर,1930
मृत्यु : 20 जुलाई, 1972

वर्ष 1946 में 'भक्त प्रहलाद' से उनके सिने-करियर की शुरुआत हुई, लेकिन वास्तविक पहचान 1947 की फिल्म 'दो भाई' के गीत 'मेरा सुंदर सपना बीत गया' से मिली। उनकी मुलाकात निर्देशक-निर्माता गुरु दत्त से फिल्म 'बाजी' के दौरान हुई और 1953 में दोनों ने विवाह किया। इस दौर में उन्होंने 'बाजी', 'आरपार', 'सीआईडी', 'प्यासा', 'कागज के फूल' और 'साहिब बीबी और गुलाम' जैसी कालजयी फिल्म के लिए अमर गीत गाए। उनके स्वर में दर्द, खुशियों और जीवन की विडंबनाओं का अद्भुत सम्मिश्रण मिलता है। गुरु दत्त से वैवाहिक तनाव और उनके करियर में आई बाधाओं ने गीता को मानसिक रूप से तोड़ा, और बाद में गुरु दत्त की असमय मृत्यु ने उन्हें और गहरे अवसाद में धकेल दिया। 1972 में 41 वर्ष की उम्र में गीता दत्त का निधन हो गया। ■



कविता

## लौटा दो डंडा शिक्षक को

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. कौमार्या मनोज

**चाहता** हूं मैं पढ़ाना, पर कोई सुनता नहीं।
जोर का आवाज दूं मैं, पर कोई रुकता नहीं ।।
सरकार की बंदिश है यारों, डांट हम सकते नहीं।
पर बिना कुछ डांट के, कोई कुछ सुनता नहीं।।
हैं प्यार से उनको पढ़ाना, जो चाहते पढ़ना नहीं।
सस्ती मस्ती बस उन्हें चाहिए, किताबों को सुनना नहीं।।
प्रिंसिपल से जो करूं शिकायत, वो हस हस बस टालते।
इम्तिहान परिणाम देखते, बोले कुछ क्यूं करता नहीं।।
कैसे बताऊं यार उनको, मैं खुद ही खुद से हार गया।
कुछ ऐसे भी विद्यार्थी हैं, जो मेरी शिक्षा मार गया ।।
जब नहीं सीखना ठान लिया, तू कर ले जो तुझे करना है।
घर अपने स्व बाप ना सुनते, तुझसे क्या हीं करना है।।
लौटा दो डंडा शिक्षक को, वो अच्छी तरह पढ़ा लेगा।
डंडे की डर से बच्चा भी, कुछ अपनी क्लास लगा लेगा।।
हमें याद है अपनी भी कुछ,कैसे शिक्षक आते थे ।
बिन बातों के लठ बजाते, फिर सारा याद कराते थे।।
मुझे याद सब श्लोक कहानी, कविता सारी आती है।
बचपन में जो यार पढ़ा था, पचपन में भी आती है।।
चाहता हूं मैं पढ़ाना, पर कोई सुनता नहीं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गोबिंदसागर में बढ़ती गाद भाखड़ा बांध की क्षमता पर संकट

प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में खड्डों-नालों में आने वाली भारी बाढ़ और तटों पर बड़ी मात्रा में भूस्खलन से जमा होने वाली गाद से निरंतर गोबिंदसागर झील में पानी के भंडारण की क्षमता कम हो रही है। इससे बिजली के उत्पादन में कमी होने के साथ ही उत्तर भारत में हरित क्रांति प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है। सिंचाई की सुविधा के अभाव में अन्न उत्पादन में कमी आ सकती है। ऐसा पर्यवरण प्रेमियों का मानना है।




रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

झील में प्रतिवर्ष गाद की काफी मोटी परतें जमा हो रही हैं। सांडू के मैदान में खंडहर होते अनेक ऐतिहासिक मंदिर और राजा का रंग महल प्रतिवर्ष गाद में धंसता जा रहा है। हालांकि, झील की गहराई यहां से काफी नीचे है। गर्मियों के दिनों में जब पानी कम हो जाता है तब सांडू का मैदान खाली होता है। तभी वहां जाकर मंदिरों को देखकर जमा गाद का अनुमान लगाया जा सकता है। गाद खंडहर हुए मंदिरों और रंगमहल के भीतर तक घुस गई है। गर्मियों में जहां पानी का बहाव होता है। वहां बाढ़ के साथ रेत, बजरी और पत्थर बह रहे होते हैं। खड्डों में अधिक बाढ़ के साथ गाद पानी के साथ न आए इसके लिए भाखड़ा बयास प्रबंधन बोर्ड की ओर से कोई खास उपाय नहीं किया गया। स्वतंत्रता के पश्चात भारत के विकास का मंदिर कहलाए जाने वाले भाखड़ा बांध का निर्माण हुआ था। निर्माण करने वाले प्रमुख अंग्रेज इंजीनियर हार्वे स्लोकम थे। बांध के निर्माण से यह अनुमान लगाया गया था कि इससे उत्तर भारत के अनेक प्रदेश साधन-संपन्न होंगे।

पूरा क्षेत्र बिजली से जगमगा होगा और हजारों बीघे उपजाऊ भूमि सिंचित होगी तथा अन्न उत्पादन बढ़ेगा। बिजली से औद्योगिक क्रांति भी आएगी। इससे देश में विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन होगा तथा असंख्य बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। इसलिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसे देश के विकास का मंदिर कहा था।

बांध के लगने से भले ही उत्तर भारत में हरित, स्वेत और औद्योगिक क्रांति आई, लेकिन बिलासपुर जिले को इसके लिए कुर्बानी देकर भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। हजारों परिवार विस्थापित हुए थे। उनको मिले विस्थापन के जख्म आज तक भी नहीं भरे हैं। करीब 170 वर्ग किलोमीटर में फैली यह झील भाखड़ा से लेकर सलापड़ तक लगभग 90 किलोमीटर तक फैली है। बिलासपुर का ऐतिहासिक नगर झील में जलमग्न हो गया

एक रिपोर्ट के अनुसार, सतलुज नदी के किनारे बसे 371 गांव उजड़ गए तथा 8000 से अधिक परिवार बेघर हो गए थे। अनगिनत पारंपरिक प्राकृतिक जल स्रोत, मंदिर एवं



अन्य धार्मिक स्थल पानी में डूब गए। असंख्य लोग हरियाणा के हिसार, फतेहबाद एवं सिरसा जिलों में बसाए गए। उनमें से कुछ परिवार वहां से वापस आ गए। बहुत से लोग आज भी यह मांग करते हुए सुने जा रहे हैं कि उन्हें विस्थापित तो किया गया, लेकिन पुनर्वास को ओर किसी भी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब फिर यह कहा जा रहा है कि एम्स कोठीपुरा के पास एक सेक्टर बसाया जाएगा। वहां विस्थापित रह गए लोगों का प्लॉट मिलेंगे। भाखड़ा बांध की ऊंचाई 1680 फुट बताई जा रही है, जबकि झील की उस समय गहराई 163 मीटर बताई गई थी लेकिन प्रतिवर्ष गाद की मोटी परत जमा हो रही है। अब इसकी गहराई कितनी रह गई है। यह किसी को अंदाजा नहीं है।

खड्डों से रेत, बजरी तथा पहाड़ों पर पत्थरों के बेतरतीब और अवैज्ञानिक खनन से पानी का बहाव तेज हो जाता है तथा खड्डों के किनारे भूस्खलन का खतरा बढ़ रहा है। तेज बाढ़ से सब-कुछ बहता हुआ गोबिंदसागर झील में समा जाता है। अधिक मात्रा में गाद जमा होने से इस झील में प्रदूषण तो बढ़ ही रहा है। इससे मछलियों व अन्य जलीय जीव मुश्किल में बताए जा रहे हैं।

देश के सबसे बड़े भाखड़ा बांध से बनी मानव कृत्रिम गोबिंद सागर झील ने पानी के भंडारण कम होने से विद्युत उत्पादन क्षमता पर भी असर पड़ सकता है। बिलासपुर जिले की सीर, शुकर, सरहाली, गंभर, गंभरोला और अली इन छह बड़ी खड्डों में बरसात के दिनों में काफी बाढ़ आती है। पानी के तेज बहाव में बड़ी मात्रा में मिट्टी झील में समा जाती है। इससे पानी के भंडारण की क्षमता दिन-प्रतिदिन कम हो रही है तथा बांध की मियाद कम हो रही है। झील से गाद निकलने का काम भाखड़ा बयास प्रबंधन बोर्ड के लिए कोई आसान काम नहीं है। गर्मियों के मौसम में झील में पानी का स्तर नीचे उतर जाने से किनारों पर जमा हुई गाद से मोटरवोट में यात्रा करने वाले हजारों लोगों को रोजाना की दिक्कत झेलनी पड़ती है। यही नहीं गाद में फंसकर कई जानें भी जा चुकी हैं। गोबिंदसागर झील बिलासपुर जिले के लोगों के लिए लगातार चिंता का कारण बनी हुई है। झील में बढ़ती गाद न केवल जलस्तर और पर्यावरण को प्रभावित कर रही है, बल्कि आम लोगों की आवाजाही पर भी खतरा बढ़ा रही है। झंडूत्ता और नयना देवी क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोगों को आज भी मोटरबोट से जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे उनके जीवन का जोखिम बढ़ जाता है।

निर्माण कार्यों और अनियंत्रित खनन ने स्थिति को और विकट बना दिया है। सड़क निर्माण से निकली मिट्टी और पत्थर बरसात के दौरान खड्डों और नालों के माध्यम से झील में पहुंच जाते हैं। कीरतपुर-मनाली फोरलेन, अंबुजा सीमेंट से जुड़े निर्माण, शिमला-मंडी मार्ग और अन्य सड़क विस्तार परियोजनाएं भी गाद बढ़ने का बड़ा कारण हैं। भू-स्खलन, रेत खनन और पत्थर ढुलाई ने भूमि अस्थिरता और मलबा प्रवाह को बढ़ाया है।

हालांकि कोलडैम बनने से बाहरी जिलों से आने वाली गाद में कमी आई है, लेकिन जिले की छह खड्डों से भारी मात्रा में मलबा झील में पहुंच रहा है, जिसे रोक पाना बेहद चुनौतीपूर्ण है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बढ़ती हिंसा : क्या बदल रहा है हिमाचल का सामाजिक चरित्र?

हिमाचल प्रदेश अपनी सरलता, सौम्यता और शांत जीवनशैली के लिए जाना जाता रहा है, मगर हाल ही में घटी दो वीभत्स घटनाओं ने इस शांत प्रदेश की आत्मा को झकझोर दिया है। ये हादसे न केवल दर्दनाक हैं, बल्कि इस बात की चेतावनी भी हैं कि हमारा समाज कहीं भीतर से टूट रहा है और नैतिक गिरावट खतरनाक रूप ले रही है।



राकेश कुमार
टीजीटी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल गैहरा, जिला चंबा (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पहली घटना मंडी जिले की है, जिसमें ममता पर उसके ही पति ने एसिड फेंककर उसे नीचे धक्का दे दिया। यह अत्याचार मात्र शारीरिक हिंसा नहीं, बल्कि मानसिक क्रूरता और पाशविक सोच का चरम उदाहरण है। एसिड हमला शरीर से अधिक मन, आत्मसम्मान और जीवन को जलाता है। ममता चार-पांच दिन तक पीजीआई चंडीगढ़ में जीवन और मृत्यु के बीच जूझती रही, पर अंततः उसने दम तोड़ दिया। उसके निधन के साथ एक मां, एक बेटी, एक बहन और एक इंसान की निर्मम हत्या हुई। ममता अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गई। दूसरी घटना हमीरपुर जिले की है, जिसमें एक 14 वर्षीय किशोर द्वारा रंजना की हत्या ने सबको स्तब्ध कर दिया। इतनी कम उम्र में इतनी क्रूरता और हिंसा कैसे जन्म ले सकती है? यह एक गंभीर प्रश्न है। किस सामाजिक, पारिवारिक या मानसिक विफलता ने एक बच्चे को इतना निर्दयी बना दिया कि वह किसी महिला का जीवन छीन ले? रंजना, जिसे शांत और सरल स्वभाव की बताया जाता है, आज इस दुनिया में नहीं है। सबसे दर्दनाक बात यह है कि रंजना का बेटा गोलू—जो विशेष आवश्यकता वाला है-अपनी मां के संरक्षण और ममता से हमेशा के लिए वंचित हो गया। ऐसे बच्चे के लिए मां सिर्फ मां नहीं, बल्कि संपूर्ण दुनिया होती है। इन दोनों घटनाओं ने हिमाचल प्रदेश की सभ्यता, उसके भावनात्मक स्वरूप और सामाजिक संरचना पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वह भूमि नहीं रही जहां हिंसा और असहिष्णुता के लिए कोई जगह हो।



लोग हतप्रभ हैं-क्या यह वही हिमाचल है, जिसकी मिठास भाषा में, अपनापन व्यवहार में और शालीनता संस्कृति में बसती थी? यह स्पष्ट है कि समाज में कोई गहरी समस्या जन्म ले रही है-मानसिक, सामाजिक और नैतिक समस्या। इन दोनों घटनाओं में तीन मासूम बच्चों ने अपनी मांओं को खो दिया। मां-जिस रिश्ते से पवित्र और मजबूत संसार में कुछ नहीं। यह समाज की सामूहिक विफलता है कि हम उन्हें यह त्रासदी झेलने से रोक न सके। हमारी सामाजिक संरचना कहीं न कहीं कमजोर हो रही है। आधुनिकता के नाम पर हम बाहरी चमक-दमक का पीछा तो कर रहे हैं, पर भीतर से भावनात्मक रूप से कमजोर, असहिष्णु और संवेदनहीन होते जा रहे हैं। नैतिकता, धैर्य, संयम और मूल्यों का क्षरण किसी भी सभ्य समाज के पतन की शुरुआत होता है। हमारी शिक्षा, हमारी डिग्रियां और हमारी आधुनिकता तब व्यर्थ है जब वे इंसान को इंसान बनाकर नहीं रख पा रहीं। आज परिवारों, विद्यालयों और समाज को मिलकर यह तय करना होगा कि बच्चों को केवल पढ़ाना पर्याप्त नहीं-उन्हें संस्कार, संवेदना, सद्बुद्धि और मानवता भी सिखानी होगी। नैतिक शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और पारिवारिक संवाद पर गंभीरता से काम करना होगा।

हिमाचल की आत्मा उसकी सरलता, मानवीयता और शुद्ध सामाजिक मूल्यों में बसती है। हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम इन मूल्यों को बचाएं। समाज तभी स्वस्थ होगा जब हम अपने भीतर के मनुष्य को जगाएं-न कि बाहरी दिखावे के बोझ तले उसे दबने दें।

ममता और रंजना जैसी महिलाओं की त्रासदी हमें केवल दुखी नहीं करती, बल्कि चेतावनी देती है कि यदि हमने अब भी सुधार नहीं किया, तो हमारी पहचान, हमारी हिमाचली संस्कृति और हमारी मानवता धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी।

इन मासूम बच्चों का भविष्य हम सबकी जिम्मेदारी है। और इन दोनों माताओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम ऐसा हिमाचल बनाएं जहां किसी की ममता न छिने, किसी का घर न उजड़े, और कोई भी बच्चा मां के आंचल से वंचित न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में उभरता 'व्हाइट कॉलर टेरर' : आतंकवाद का बदलता चेहरा

भारत आज जिस नए प्रकार के आतंकवाद का सामना कर रहा है, वह पारंपरिक सीमा-पार हमलों या जंगलों में सक्रिय गिरोहों जैसा नहीं है। यह आतंक अब क्लास रूम, लैब, अथवा अस्पताल, विश्वविद्यालय और आईटी कॉरिडोर के भीतर से जन्म ले रहा है। इसे ही 'व्हाइट कॉलर टेरर' कहा जा रहा है-ऐसा आतंकवाद, जिसमें शामिल लोग न तो हथियारबंद गिरोहों के सदस्य दिखते हैं और न ही सामान्य संदिग्ध।



योगेश कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ये शिक्षित, तकनीकी दक्ष और समाज में सम्मानित पेशे से जुड़े लोग होते हैं। यही इसकी सबसे बड़ी भयावहता है। इस नए स्वरूप ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने अभूतपूर्व चुनौती खड़ी कर दी है। यह मान्यता अब टूट चुकी है कि केवल आर्थिक रूप से कमजोर या अशिक्षित लोग ही कट्टरपंथ की ओर आकर्षित होते हैं। हाल के वर्षों में कई मामलों ने दिखाया है कि डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी प्रोफेशनल, शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ भी ऑनलाइन कट्टरपंथ के प्रभाव में आकर हिंसक विचारधाराओं से जुड़ रहे हैं। कट्टरपंथ अब डिजिटल माध्यम से, बेहद व्यवस्थित और छिपे हुए तरीके से फैलाया जा रहा है। डार्क वेब, एन्क्रिप्टेड चैट, फर्जी पहचान, वीपीएन और क्रिप्टो लेन-देन ने आतंकवाद की भर्ती और योजना को अत्यंत गोपनीय बना दिया है।

ऑनलाइन कट्टरपंथी समूह अन्याय, धर्म की रक्षा और जंग जैसे शब्दों का भावनात्मक उपयोग करते हुए युवाओं को धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाते हैं। यह प्रक्रिया इतनी चुपचाप होती है कि परिवार या संस्थान को इसका पता भी नहीं चलता। व्हाइट कॉलर आतंकवाद की सबसे खतरनाक बात इसका विश्वसनीय आवरण है।

समाज डॉक्टर, इंजीनियर या आईटी कर्मचारी को भरोसे की दृष्टि से देखता है। इनके व्यवहार में कोई बाहरी बदलाव नहीं





होता, न इनके खिलाफ पहले कोई रिकॉर्ड होता है। यही कारण है कि ये लोग सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में आसानी से नहीं आते। इनकी तकनीकी समझ इन्हें डिजिटल फुटप्रिंट छिपाने में मदद करती है, जिससे जांच एजेंसियों के लिए चुनौती और बढ़ जाती है।

यह समझना आवश्यक है कि कट्टरपंथ केवल आर्थिक या सामाजिक उत्पीड़न का परिणाम नहीं है। यह एक विचारधारात्मक प्रक्रिया है, धीरे-धीरे होने वाला मानसिक विचलन, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री, गुप्त चैट रूम, भावनात्मक वीडियो और गलत धार्मिक व्याख्याएं बढ़ावा देती हैं। दुनिया के कई हिस्सों में वर्षों से यह देखा गया है कि शिक्षित लोग अधिक खतरनाक आतंकी मॉड्यूल बना सकते हैं, क्योंकि वे तकनीक, विज्ञान और साइबर ज्ञान का दुरुपयोग करना जानते हैं। भारत में भी कई राज्यों में ऐसे मामलों का सामने आना इस बात का संकेत है कि आतंकवादी संगठनों ने अपनी रणनीति पूरी तरह बदल दी है। अब वे जंगलों में नए भर्ती नहीं खोजते, बल्कि मेडिकल कॉलेजों, इंजीनियरिंग संस्थानों, स्टार्टअप हब, विश्वविद्यालयों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर खोजते हैं। इस नए खतरे से निपटने के लिए सिर्फ सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। समाज, परिवार, शैक्षणिक संस्थान और धार्मिक नेतृत्व-सभी को मिलकर इस विचारधारात्मक लड़ाई का सामना करना होगा। लाल किले जैसे हमले और अन्य मॉड्यूल की गिरफ्तारी यह संकेत देते हैं कि अगली लड़ाई जंगलों या सीमाओं पर नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, प्रयोगशालाओं और वर्चुअल दुनिया में लड़ी जाएगी।

भारत की सुरक्षा अब सिर्फ हथियारों पर नहीं, बल्कि समाज की नैतिक चेतना, डिजिटल साक्षरता, शिक्षण संस्थानों की जागरूकता और नागरिकों की सतर्कता पर निर्भर करेगी। यदि खतरे को समय रहते नहीं समझा गया, तो व्हाइट कॉलर टेरर भविष्य में पारंपरिक आतंकवाद से भी अधिक विनाशकारी साबित हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गुरु तेग बहादुर जी : त्याग और धर्म-निरपेक्ष साहस के अनुपम प्रतीक

भारत के इतिहास में वर्ष 1675 एक अत्यंत निर्णायक मोड़ बनकर आया। इस वर्ष कश्मीरी पंडितों का एक बड़ा दल अत्याचारों से त्रस्त होकर आनंदपुर पहुंचा और गुरु तेग बहादुर जी से सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि कश्मीर में उन पर मुगल शासन के तहत जबरन धर्मांतरण का दबाव बनाया जा रहा है।



एमएस मेहता
सीनियर कंसल्टेंट, राज्य वित्त आयोग, हिमाचल प्रदेश सरकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उनकी पीड़ा सुनकर गुरु साहिब ने कहा कि लगता है यह अत्याचार तब तक नहीं रुकेंगे जब तक कोई महान आत्मा अपने प्राणों का बलिदान न दे। तभी दस वर्षीय बालक गोविंद सिंह—जो आगे चलकर दशम पातशाह गुरु गोविंद सिंह बने-तुरंत बोले, 'पिताश्री, इस समय आपसे बड़ी महान हस्ती कौन है?' यह सुनकर दरबार मौन हो गया, पर इतिहास का एक नया अध्याय प्रारंभ हो चुका था।

गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों को आश्वस्त किया और दिल्ली जाकर बादशाह औरंगजेब से मुलाकात करने का निश्चय किया। दिल्ली पहुंचकर उन्होंने धर्मांतरण के विरुद्ध शाही फरमान जारी करने का आग्रह किया। औरंगजेब ने तर्क दिया कि कश्मीरी पंडित तो गुरु जी के अनुयायी नहीं हैं, फिर उनकी चिंता क्यों? इस पर गुरु जी ने उत्तर दिया कि सहायता धर्म, जाति या विचारधारा देखकर नहीं की जाती-सहायता मानवता के नाते की जाती है।

गुरु जी का सिद्धांत था-'सुरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत, पुर्जा पुर्जा कट मरे, तबहुं न छाड़े खेत।' अर्थात सच्चा वीर वही है जो धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अंतिम क्षण तक अडिग रहे। जब वाद-विवाद बढ़ा तो औरंगजेब ने गुरु जी से 'चमत्कार' दिखाने की मांग की, पर गुरु जी ने साफ कहा कि ईश्वर की कृपा का दुरुपयोग जादूगरी दिखाने के लिए नहीं किया जा सकता। उन्होंने बादशाह को मनुष्य की नश्वरता का स्मरण करवाया और चेताया कि अन्याय का हिसाब उसे स्वयं अल्लाह के सामने देना होगा। उनकी निर्भीकता से औरंगजेब क्रोधित हो उठा और



अंततः गुरु साहिब को इस्लाम स्वीकार करने या मृत्यु का चुनाव करने का आदेश दिया गया। गुरु साहिब ने धर्मांतरण स्वीकार करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। उनके साथियों पर अत्याचार किया गया, लेकिन गुरु जी अडिग रहे। अंततः 11 नवंबर 1675 को दिल्ली में, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है, उनका सिर कलम कर दिया गया। कहा जाता है कि तलवार का वार पड़ते ही एक तेज आंधी चली और इसी बीच लखी शाह बंजारा ने गुरु जी का धड़ एक बैलगाड़ी में छिपाकर अपने घर ले जाकर उसे अग्नि दे दी ताकि मुगल उसे अपवित्र न कर सकें। गुरु जी का शीश सिख भक्तों द्वारा चोरी-छिपे आनंदपुर लाया गया और वहीं सम्मानपूर्वक उसका संस्कार हुआ।

गुरु तेग बहादुर जी ने न केवल सिखों के लिए, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए अपना जीवन बलिदान किया। इसलिए उन्हें 'हिंद की चादर' की उपाधि मिली-एक ऐसा संरक्षक, जिसने भारत की अस्मिता और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

यह बलिदान सिख गुरुओं के त्यागमय इतिहास में अकेला नहीं था। उनसे पहले गुरु अर्जन देव जी शहीद हुए थे और बाद में गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों ने भी अत्याचार के विरुद्ध बलिदान दिया। सिख धर्म का मूल संदेश भाईचारे, सेवा और समानता पर आधारित है। दरबार साहिब के चार दरवाजे इस बात के प्रतीक हैं कि हर जाति-धर्म के लोगों के लिए मार्ग खुला है। इसकी नींव मुस्लिम फकीर मियां मीर ने रखी, जो सर्वधर्म समभाव का अद्भुत उदाहरण है। सिख धर्म के तीन स्तंभ-किरत करो, नाम जपो और वंड छको-आज भी मानवता का मार्ग दिखाते हैं। गुरु तेग बहादुर जी का संदेश-अवल अल्लाह नूर उपाया-भारत को विविधताओं में एकता का मार्ग सिखाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसआईसी महिलाओं को बना रहा स्वावलंबी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) मंडी द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की उद्यमिता एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत धनोटू खंड की घरवासड़ा पंचायत में 25 महिलाओं को 6 सप्ताह का ड्रैस मेकिंग का निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर एनएसआईसी मंडी के मुख्य प्रबन्धक लोकेश भाटिया ने महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे। उन्होंने प्रशिक्षु महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों और सूक्ष्म उद्योगों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं के कौशल को उभारने व विकसित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया। सभी महिलाओं को ट्रेनिंग के दौरान एनएसआईसी मंडी की ओर से टेलरिंग किट व अन्य प्रशिक्षण सामग्री भी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए उत्पादों व परिधानों को भी प्रदर्शित किया गया। समापन समारोह में उपप्रधान दया राम, ट्रेनर मीना कुमारी व समन्वयक विनय कुमार उपस्थित रहे।

### बुद्धि सिंह प्रधान, कृष्णकांत बने उपप्रधान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान (छोटा भंगाल घाटी) में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संघ का गठन किया गया, जिसमें कार्यकारी प्राचार्य डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान बुद्धि सिंह को सत्र 2025-26 के लिए प्रधान, कृष्णकांत को उपप्रधान, भागचंद को कोषाध्यक्ष, नानकी देवी को सह-सचिव तथा सचिव का दायित्व डॉ. अभिषेक सिंह को सौंपा गया। नई कार्यकारिणी ने महाविद्यालय को नई दिशा देने का संकल्प लिया, जबकि प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने नव निर्वाचित टीम को बधाई दी।

### द्रंग महाविद्यालय में गूंजा 'वंदे मातरम'

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** महाविद्यालय द्रंग के नारला परिसर में 22 नवंबर को 'वंदे मातरम' कार्यक्रम उत्साह, गरिमा और राष्ट्रीय भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारी सीटीओ हुकम चंद के नेतृत्व में सभी ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कर देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजय सहगल ने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को राष्ट्रीय चेतना के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के उपरांत एनसीसी, एनएसएस और वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अमरूद के पौधों का पौधरोपण किया गया। एनएसएस अधिकारी प्रो. सुरेश कुमार और डॉ. ममता परमार ने गतिविधि का समन्वयन किया। छात्रों और संकाय सदस्यों ने 'बोल वनस्पति उद्यान' में सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य भी किया।

### कोलनी ढलवान में बताया संतुलित आहार का महत्व

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** खंड चिकित्सा अधिकारी बल्द्वाडा डॉ. अनिल कुमार के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोलनी ढलवान में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्रशिक्षित कार्यकारी स्वास्थ्य शिक्षिका अचला कुमारी ने छात्रों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के साथ-साथ नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गलत संगत युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियां और अपराध बढ़ रहे हैं। अचला ने संतुलित आहार के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि पोषण की कमी से कुपोषण, खून की कमी और कम वजन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम में भाषण और कला प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हुईं, जिनमें विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। किशोर स्वास्थ्य काउंसलर चंपा देवी ने बच्चों को नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा वर्कर, स्कूल स्टाफ सहित लगभग 170 छात्र उपस्थित रहे।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने में सीएम नाकाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता अजय चौहान ने प्रदेश में बढ़ते अपराध और पुलिस प्रशासन की नाकामी पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में अपराधियों का बोलबाला है, और यह प्रदेश की छवि को धूमिल कर रहा है। चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है और आए दिन अपराधी बेख़ौफ़ होकर अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल जैसे शांत प्रदेश के अंदर गोली कांड तेजाब कांड किडनैपिंग हत्या की घटनाएँ आम हो गई हैं। आज प्रदेश की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि कभी इस प्रकार की घटनाएँ अन्य प्रदेशों में अखबारों और मीडिया के माध्यम से सुनने को मिलती हैं, लेकिन आज हालत यह हैं कि शांत प्रदेश हिमाचल के अंदर भी अपराधी इन घटनाओं को अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे। चौहान ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने ऐसे सभी अपराधियों को संरक्षण दिया है।

### सुशील कुमार चुने रोटरी क्लब के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब की बैठक क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर चंद्र भूषण शर्मा की अध्यक्षता में रोटरी क्लब कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा रोटरी वर्ष 2027-28 के अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव रहा। बैठक की शुरुआत क्लब के सचिव रोटेरियन एडवोकेट आरएस चौहान द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर प्रकाश डालने से हुई। इसके बाद जिला रोटरी में पर्यावरण की जिम्मेदारी संभाल रहे रोटेरियन अजय ठाकुर ने रोटरी क्लब द्वारा संचालित रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स के प्रोजेक्टों की जानकारी साझा की। सर्वसम्मति से इंजीनियर सुशील कुमार रोटरी वर्ष 2027-28 के लिए क्लब के अध्यक्ष चुने गए। सचिव पद के लिए रोटेरियन प्यार चंद महंत के नाम का प्रस्ताव रोटेरियन विनोद राठौर ने किया, जिसका अनुमोदन रोटेरियन मुकेश राणा ने किया। सर्वसम्मति से रोटेरियन प्यार चंद महंत रोटरी वर्ष 2027-28 के लिए सचिव पद पर चयनित हुए। बैठक में उपस्थित रोटेरियन सदस्यों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी चुनने का अधिकार भी प्रदान किया। बैठक में दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में रक्तदान शिविर आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रोटेरियन राम लाल वालिया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया, जो तैयारी कार्य को आगे बढ़ाएगी। बैठक में रोटेरियन शेर सिंह सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### भर्ती नियमों में बदलाव से तकनीकी कर्मियों में रोष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड में 26 अगस्त 2023 को लागू भर्ती और पदोन्नति नियमों में संशोधन के विरोध में तकनीकी कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। इसी को लेकर तकनीकी कर्मचारी संघ इकाई जोगिंद्रनगर के प्रतिनिधि इकाई प्रधान शंभू राम ठाकुर और सचिव केशव राम ने विधायक प्रकाश राणा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि संशोधित नियमों से प्रभावित नॉन-आईटीआई कर्मचारियों के लिए वन टाइम सेटलमेंट नीति बनाई जाए। नए नियमों के अनुसार टी-मेट से असिस्टेंट लाइनमैन और असिस्टेंट लाइनमैन से लाइनमैन पदोन्नति में नॉन-आईटीआई कर्मचारियों का कोटा बेहद कम कर दिया गया है, जिससे 500 से अधिक कर्मचारी बिना प्रमोशन रिटायर होने की स्थिति में हैं। प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठता क्रम में हुई विसंगतियों और अन्य गंभीर मुद्दों को भी उठाया और राहत की मांग की।

### कून स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला कून में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत इंजीनियर रणजीत सिंह भरमौरिया उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु 5100 रुपये की राशि प्रदान की और छात्रों को अनुशासन, मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि और 200 से अधिक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। बच्चों ने लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुतियं और पारंपरिक गीतों से सांस्कृतिक रंग बिखेरा। प्रधानाचार्य मनोज ठाकुर ने वर्षभर की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन पर मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और राष्ट्रीय गान गाया गया।

### विद्यार्थियों ने दिया प्रतिभा का परिचय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में भूगोल विभाग द्वारा आयोजित 'भूगोल जागरूकता सप्ताह' का समापन समारोह शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने की। भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन, पोस्टर मेकिंग और क्विज जैसी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुस्कान, आरती, कृतिका, अंशिका, अनन्या, सिमरन, अभिषेक, आयुष जैसे प्रतिभागियों ने शीर्ष स्थान हासिल किए। संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया। प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण और भूगोल के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। समारोह के सफल संचालन में प्रो. दीपक सिंह और प्रो. ममता देवी का विशेष योगदान रहा।

# नाचन के महादेव में पेयजल वितरण सिस्टम गड़बड़ाया, आमजन परेशान

## अफसरों और नेताओं के घर पानी की मोटी आपूर्ति, आम जनता के लिए संकट

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में व्यवस्थित ढंग की पेयजल आपूर्ति न के बराबर बताई जा रही है और यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। पेयजल पाइपों को गंतव्य तक तो पहुंचा दिया गया है, लेकिन जगह-जगह से पाइपों के ढीले जोड़ पिछले कई वर्षों से पानी का रिसाव कर रहे हैं। इसके चलते कई लीटर पानी सरकारी क्षेत्र, सड़क मार्गों, नालों और घासनियों पर बर्बाद हो रहा है।

सिर्फ पाइपलाइन ही नहीं, बल्कि पानी का डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम भी त्रुटिपूर्ण है। समय पर पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से देने के लिए ग्राम पंचायत महादेव जैसे घनी आबादी वाले नाचन क्षेत्र में संबंधित विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। इससे आमजन विभाग, मंडी प्रशासन और सरकार के प्रति नाराज और क्रोधित हैं। पंचायत स्तर पर भी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पर्याप्त सतर्क नहीं हैं, जिससे आमजन को अपनी मूलभूत सुविधा तक पाने में कठिनाई हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि असरदार लोगों जिनमें मुख्यतौर पर अफसरों एवं नेताओं के घरों में पेयजल आपूर्ति बार-बार सुधारी जाती है, जबकि आम जनता आज भी यही देख रही है कि विभाग उनकी बार-बार की शिकायतों और गुहारों को नजरअंदाज कर रहा है। लोग इस वीआईपी कल्चर और असमान व्यवहार पर गहरी नाराजगी जता रहे हैं।

### बिजली की कम वोल्टेज के कारण पानी की मोटरें सही ढंग से काम नहीं कर पा रही काम

महादेव सेक्शन के जेई ने कहा कि बड़े लोगों के यहां किए गए कार्यों से पाइपलाइन के अन्य उपभोक्ताओं को भी लाभ मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि बिजली की कम वोल्टेज के कारण पानी की मोटरें सही ढंग से काम नहीं कर पा रही हैं।

### उपभोक्ता लगातार जल शक्ति विभाग से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की लगा रहे गुहार

**स्थानीय** निवासी और उपभोक्ता लगातार संबंधित विभाग, जल शक्ति विभाग और प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। वे चाहते हैं कि विभाग अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाए और सभी उपभोक्ताओं के लिए समान और व्यवस्थित पेयजल वितरण प्रणाली लागू करे।

## शहर की समस्याओं को लेकर माकपा ने किया धरना-प्रदर्शन



शहर की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन करते हुए लोकल कमेटी के विभिन्न पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सेरी चांदनी में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की लोकल कमेटी सदर की ओर से शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एडीएम को एक मांग पत्र सौंपकर शहरवासियों को हो रही दिक्कतों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। मांग पत्र में कहा गया कि शहर में छह महीनों से पानी के बिल नहीं आ रहे, जिसके कारण तीन महीने का बिल एक साथ आने से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ रहा है। कमेटी ने मांग की कि जल शक्ति विभाग पानी के बिल हर महीने नियमित रूप से जारी करे। साथ ही शहर में स्मार्ट मीटर लगाने के प्रस्ताव का भी विरोध किया गया। शहर की गलियों में फैले तारों के जाल को गंभीर समस्या बताते हुए इसे जल्द हटाने की मांग की गई। इसके अलावा आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और लगातार होने वाली काटने की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन से विशेष नीति बनाने की भी अपील की गई।शहर के विभिन्न मुहल्लों में जगह-जगह खुले में रखा जा रहा कूड़ा भी चिंता का विषय बताया गया। कमेटी ने इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और लोगों को रास्तों पर कूड़ा फेंकने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

## जल संरक्षण जागरूकता के साथ रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता ने बढ़ाई रौनक


रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए बीडीओ बल्ह।

**अनंत ज्ञान, लेदा**

विकास खंड बल्ह में वाटरशेड महोत्सव का सफल आयोजन ब्लॉक विकास अधिकारी बल्ह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता को सशक्त करना रहा। महोत्सव के दौरान एसएचजी सदस्यों द्वारा रांगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को दर्शाते हुए आकर्षक संदेश प्रस्तुत किए। उनके द्वारा बनाई गई रचनात्मक कलाकृतियों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक और सहभागितापूर्ण बनाया। साथ ही, प्रतिभागियों को वर्षा जल संचयन, जल प्रबंधन तकनीक, मिट्टी कटाव रोकथाम, पौधारोपण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के बारे में व्यावहारिक जानकारी तथा प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर खंड विकाश अधिकारी राजेंद्र सिंह ने कहा कि वाटरशेड प्रबंधन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि भविष्य की जल सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका स्थिरता की आधारशिला है। उन्होंने एसएचजी सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की।

## संधोल के सुरेश राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल क्षेत्र के ग्राम बहालु के गौरव, सेनानी (सेवानिवृत्त) सुरेश कुमार राणा को उनकी उत्कृष्ट तथा विशिष्ट सेवाओं के लिए सीमा पुलिस बल के चौंसठवें स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें ऊधमपुर में आयोजित पंद्रहवीं वाहिनी के भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के माननीय गृह राज्य मंत्री उपस्थित थे। समारोह में आकर्षक परेड तथा बल के विशेष कौशलों का प्रभावशाली प्रदर्शन भी हुआ। इससे पूर्व भी राणा गणतंत्र दिवस वर्ष 2014 के अवसर पर राष्ट्रीय जांच अभिकरण में प्रतिनियुक्ति के दौरान सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त कर चुके हैं।

इसके अतिरिक्त उन्हें महानिदेशक द्वारा स्वर्ण तारा सम्मान तथा प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए, जो उनकी लगन, कड़ी मेहनत और अटूट निष्ठा का प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि सम्पूर्ण देश का मान बढ़ाती है। वर्तमान में राणा हिमाचल प्रदेश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी द्वारा स्थापित सुप्रीम समूह में कार्यरत हैं, जो परिधान निर्माण, चिकित्सालय तथा आवासीय सेवाओं के क्षेत्र में हिमाचल का नाम देशभर में ऊंचा कर रहा है।

## धर्मपुर भाजपा में बैरी पंचायत की प्रधान सहित 27 से अधिक लोगों ने ग्रहण की सदस्यता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व मंडलाध्यक्षों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित**

धर्मपुर भाजपा में उस समय उत्साह का माहौल देखने को मिला जब बैरी पंचायत की प्रधान अजूं देवी, वार्ड सदस्य सदानंद सहित करीब 27 से अधिक लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी पर अपना विश्वास व्यक्त किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हाकम चंद, दिनेश निराला, राजकुमार गुलेरिया, विनोद कुमार गुलेरिया, प्रकाश चंद गुलेरिया, कृष्ण चंद, प्रताप सिंह, राजवीर कटवाल, अमर सिंह कटवाल, तेग सिंह, हाकम सिंह, दीपक ठाकुर, शेर सिंह, बलवीर सिंह, कमल देव चौहान, अमृत लाल, शशी पाल, हरी चंद कौंडल, ज्ञान चंद, जैसिंह, मेघ सिंह, हंसराज, रघुवीर सिंह, हंसराज, सुबेदार विजय कुमार, प्रताप सिंह व हरीचंद शामिल रहे। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व मंडलाध्यक्ष परमानंद टांगरा, राजेन्द्र मंढोत्रा, पूर्ण चंद, शीला देवी पत्नी स्व. धर्मसिंह तपवाल तथा सावित्रि देवी पत्नी स्व. भगतराम को सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में नरैण सिंह, कुंदन लाल, श्याम लाल, सरवन कुमार, पंजकू राम, केशव राम, नथू राम, आशा राम, प्रताप ठाकुर, श्रवण राम, शाली राम, शंकर दास, हरवशं लाल, गोबिंद राम, जोधू राम, रामशरण, सहनी देवी, भाग हिसंह, बहादर सिंह, सोहन सिंह, भाग सिंह, चरतर सिंह, रूपचंद, ध्यान सिंह, लश्करी राम, हेमसिंह, कश्मीर सिंह, रणजीत सिंह, इश्वर दास, सुबेदार जय सिंह, महंत राम, मोहन लाल, परमानंद, संत राम, रेलू राम, भगत राम, कमल सिंह, लाला राम, गोकल चंद, रूपलाल, गोरखू, हरीदास, रूपलाल ठाकुर, प्रताप सिंह, लाल सिंह, कपिल देव शास्त्री, नरैण सिंह, कौल सिंह, नेकराम, जय सिंह, कृपा राम, मेघ सिंह, रेवत राम, सोहन सिंह, जगरनाथ, हरीराम, नागेश्वर, सोहन सिंह, प्रेम सिंह, संतराम, मोहन सिंह, चेतराम, सुखराम, टेकचंद, प्रेम सिंह, हरी सिंह, चौधरी राम, चमारू राम, परमा राम, इद्रं सिंह, अमर सिंह, मंगला देवी, शेर सिंह, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, टेकचंद, रोशन लाल, रणजित सिंह, भाग सिंह, दलेल सिंह, दौलत राम, रूपलाल, पूर्ण चंद, रूपलाल, जोधुराम, लज्जा राम, रूपचंद, रूमा देवी, कै चन्द्रमणी, मेजर सिंह, बालक राम, खेम सिंह, बृजलाल, रामचंद, रावण राम, बिसम्भर देव व बंसत राम शामिल रहे। इस मौके पर भाजपा नेता रजत ठाकुर ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा सम्मान किया जाएगा तथा जो वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मानित होने से रह गए हैं, उन्हें उनके गांव में जाकर सम्मानित किया जाएगा।

## सीएम व डिप्टी सीएम का अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं : सीमा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**कहा- सरकाघाट में जल शक्ति विभाग उपलब्ध करवा रहा दूषित पेयजल**

**अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर उठाए सवाल**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का अपने-अपने विभागों के अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकाघाट क्षेत्र में जलशक्ति विभाग लोगों को गंदा पेयजल उपलब्ध करवा रहा है, जिसके कारण पीलिया तेजी से फैल रहा है। न तो पेयजल के सैंपल लिए जा रहे हैं और न ही पेयजल टैंकों की सफाई की जा रही है।

डॉ. सीमा ठाकुर ने सरकाघाट अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए और कहा कि मरीजों को उचित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पूर्व भाजपा सरकारों के कार्यकाल में करोड़ों रुपए की पेयजल योजनाएं स्थापित की गई थीं, लेकिन वर्तमान सुखू सरकार इन योजनाओं के रखरखाव में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। कानून व्यवस्था को लेकर भी डॉ. ठाकुर ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खुलेआम फायरिंग की घटनाएं, तेजाब कांड और अन्य जघन्य अपराध बढ़ रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि सरकार लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है।

## कांग्रेस सरकार गांधी परिवार की चापलूसी में डूबी: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा यह कहना कि पाठ्यक्रम में बदलाव कर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, यह सिद्ध करता है कि कांग्रेस सरकार गांधी परिवार की चापलूसी में पूरी तरह डूबी हुई है और मुख्यमंत्री शिक्षा का खुला राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बयान किसी शिक्षा संस्था के प्रमुख का नहीं, बल्कि एक कट्टर राजनीतिक कार्यकर्ता का बयान प्रतीत होता है, जो अपने राजनीतिक आकाओं को प्रसन्न करने के लिए बच्चों की सोच तक को प्रभावित करने को तैयार है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष वही बोल रहे हैं जो मुख्यमंत्री अपने मन में छिपाकर बैठे थे। यही कारण है कि शिक्षा को कांग्रेस का प्रचार केंद्र बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। उनका कहना है कि ऐसे महत्वपूर्ण संस्थानों में अनुभवी शिक्षाविदों की नियुक्ति होनी चाहिए, न कि उन लोगों की, जिनका उद्देश्य मुख्यमंत्री के राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाना हो। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि सरकार शिक्षा बोर्ड को मजबूत करने के बजाय उसे कमजोर कर रही है।

## रोहांडा के ऋतिक चौहान ने बेंगलुरु में किया हिमाचल की देव संस्कृति का मनमोहक प्रदर्शन

**आदर्श, अनंत ज्ञान**


ऋतिक चौहान अन्य कलाकारों के साथ हिमाचली संस्कृति पर कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

**नेरचौक।** बेंगलुरु में बसे हिमाचलवासियों ने सांस्कृतिक उत्सव 'हिमाचली संगम 2025 का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया। हिमाचली इन बेंगलुरु (एचआईबी) समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में रोहांडा के ऋतिक ने हिमाचली लोकनृत्य, पहनावा व देव संस्कृति का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

इस प्रदर्शनी में मुख्य नृतक स्वयं ऋतिक, सुजल, स्मृति, ऊर्जा और रिया थे। इसमें सभी कलाकारों ने अपनी संस्कृति, परंपरा और एकता का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मंच पर हिमाचली लोक नृत्य, लोकगीत, वाद्ययंत्रों की धुनों और रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'मास नाटी ', भी इस उत्सव का आकर्षण का केंद्र रही जिसमें 1200 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ थिरकते हुए एक अद्भुत नज़ारा पेश किया। उत्सव के दौरान मिस्टर एंड मिस हिमाचल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास, परिधान और अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मंच पर जलवा बिखेरा। साथ ही, कार्यक्रम में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता ने भी सबका ध्यान खींचा।

प्रतिभागियों ने रंग-बिरंगे रंगों से हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति को चित्रों में उतारा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत सभी ने पारंपरिक हिमाचली धाम का आनंद लिया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी वीडियो संदेश के माध्यम से हिमाचली समुदाय को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में हिमाचली इन बेंगलुरु (एचआईबी) के सदस्य दिनेश राणा, सनी शर्मा, अश्विन शर्मा, अनुराग धीमान, मंदीप सिंह, विनीत भारद्वाज, दीपक व आशीष कालिया ने मंच से सभी अतिथियों, परिवारों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि 'हिमाचली संगम' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेंगलुरु में बसे हिमाचलियों के दिलों को जोड़ने वाला एक पर्व है। यह दिन हमेशा यादगार रहेगा जब बेंगलुरु में हिमाचल की खुशबू, नाटी की थाप, और एकता का रंग हर दिल में बस गया।

**कार्यक्रम** जिलास्तरीय युवा महोत्सव में मंडी महाविद्यालय ने किया शानदार प्रदर्शन

# मंडी कॉलेज शास्त्रीय व लोकनृत्य में विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



लोकनृत्य प्रतियोगिता में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

युवा सेवा एवं खेल विभाग मंडी द्वारा आयोजित जिलास्तरीय युवा महोत्सव शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव में जिले भर से आई टीमों ने लोक एवं शास्त्रीय विधाओं में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव के मुख्य आकर्षण समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

इससे पूर्व कॉलेज की टीम ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में रनर-अप रहकर सराहनीय उपलब्धि हासिल की थी, वहीं शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में विजेता बनकर महाविद्यालय ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की थी। अब महाविद्यालय की टीम दिसंबर में होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में मंडी जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इसके लिए विद्यार्थी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। नृत्य विभाग के प्रभारी डॉ. संतोष कुमार सांवरिया ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, 'यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और कला के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। ऐसी प्रतियोगिताएं कला को निखारने और नई ऊर्जा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।'

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने भी विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा, 'हमारे विद्यार्थियों ने जिस लगन और अनुशासन के साथ प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य स्तर पर भी हमारी टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंडी और महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी।'

उन्होंने आगे कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों और अभिभावकों ने भी टीम को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पंचायत चुनाव टालने का विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह बोले-समय पर हो चुनाव**

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों बारे सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी नित नए ब्यान देकर अपनी फजीहत करवा रही है और स्थिति ऐसी ही रही तो इन चुनावों में सरकार के रहते उन्हें अपनी लॉज बचना भी कठिन होगा।

ये बात माकपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने मीडिया में कही। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वे जानबूझकर पंचायत चुनावों से भाग रहे हैं और जिस आपदा का बहाना बनाकर वे इन चुनावों को आगे खिसकाना चाहते हैं वह यहां की जनता के गले से नहीं उतर रहे हैं। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव स्थगित करने का पहला पत्र उपायुक्त हमीरपुर से सरकार को गया था और उसके बाद छह अन्य उपायुक्तों ने भी पत्र लिखे हैं, लेकिन पहले पत्र से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये सब मुख्यमंत्री के इशारे पर हो रहा है क्योंकि हमीरपुर में तो आपदा का प्रभाव दस प्रतिशत से भी रहा है और केवल सुजानपुर क्षेत्र के चबूतरा गांव के दर्जनभर घर इसके प्रभाव में आये हैं और वहां पर भी किसी तरह की कनेक्टिविटी का मामला नहीं है तो फिर उपायुक्त ने किस आधार पर वहां पंचायत चुनाव स्थगित करने की मांग सरकार से कर दी होगी। जिसका कारण साफ-साफ है कि ये सब मुख्यमंत्री के दबाब में किया गया है। हालांकि पंचायतीराज मंत्री शुरू से ही चुनाव समय पर होने बारे ब्यान दे रहे हैं, लेकिन जिलों की स्थिति ये है कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के वाबजूद मतदाता सूचियों का प्रकाशन और रोस्टर जारी नहीं किया गया है जो न्यायालय के निर्देशों अनुसार तीन महीने पहले जारी होने अनिवार्य है। राज्य सरकार ने चुनावों को टालने के लिए एक और चाल चली और पिछले मंत्रिमंडल बैठक में पंचायतों के पूनर्गठन का निर्णय ले लिया और ऐसा करने के लिए कम से कम तीन महीने का समय लगेगा जो 31 जनवरी, 2026 तक करना संभव नहीं है। वहीं सरकार के इस फैसले से खफा राज्य चुनाव आयोग ने पंचायतों की सीमाओं से छेड़छाड़ करने पर रोक लगा दी व चुनाव आयुक्त ने राज्यपाल से भी ताज़ा हालात पर चर्चा की है और उन्हें लिखित में भी जानकारी दी है।

## डॉ. आस्था को आशीर्वाद देने पहुंची प्रमुख राजनीतिक हस्तियां



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री के विवाह समारोह में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां ऊना पहुंची।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री के विवाह समारोह में शनिवार को कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां ऊना पहुंचीं। उन्होंने मुकेश अग्निहोत्री के निवास स्थान गोंदपुर जयचंद पहुंचकर डॉ आस्था अग्निहोत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी। शादी समारोह में सम्मिलित होने वालों में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष पंजाब प्रताप सिंह बाजवा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय दत्त व मनीष चतरथ समेत पूर्व मंत्रियों के अलावा कई विधायक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री का ऊना में जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार, 22 नवंबर को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ऊना पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी एवं सांसद रजनी पाटिल भी मौजूद रहीं। बता दें, उपमुख्यमंत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री का विवाह आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा से हो रहा है। झलेड़ा हेलिपैड पर उतरने के उपरांत मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर गगरेट के विधायक राकेश कालिया, श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व आम नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से भरा स्वागत किया। डीसी जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव समेत अन्य अधिकारी इस मौके उपस्थित रहे।

## जिस लाइन में बच्चे का हो शौक, उस लाइन में भेजकर करें सपोर्ट : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ मुख्यालय के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने उनका भव्य स्वागत किया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को बेहतर और सार्थक बनाने में स्कूल स्टाफ के साथ-साथ अभिभावकों की भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों को यह संदेश दिया कि वे बच्चों पर अपनी इच्छाएं न थोपें, बल्कि उनकी रुचि और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि बच्चे जिस लाइन में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उन्हें उसी लाइन में आगे बढ़ने दें। उन्हें पढ़ाई हो या खेल हर क्षेत्र में अपनी राय रखने का अधिकार दें और उनकी सोच का सम्मान करें। विधायक विवेक शर्मा ने इस दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार की शिक्षा संबंधी नीतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू स्वयं एक सरकारी स्कूल में पढ़े हैं, इसलिए वे सरकारी स्कूलों के उत्थान के लिए विशेष रूप से संवेदनशील हैं। इसी दृष्टि से राज्य सरकार ने पहली कक्षा से प्री-नर्सरी तक की शिक्षा उपलब्ध करवाने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है, ताकि शुरुआती स्तर से ही बच्चों को मजबूत आधार मिल सके उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कुछ सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न शुरू किया जा रहा है।

इससे हिमाचल के बच्चे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा में और सक्षम हो सकें। उनका कहना था कि सरकार का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता को इस स्तर तक पहुंचाना है कि वे निजी स्कूलों की तरह न केवल बेहतर यूनिफॉर्म बल्कि उन्नत शैक्षणिक सुविधाओं के साथ बच्चों को मजबूत भविष्य दें। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। पहाड़ी, लोकनृत्य, नाट्य मंचन, देशभक्ति गीत और आधुनिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को खूब प्रभावित किया।

## वन संरक्षण के लिए दिन-रात सक्रिय डीएफओ, अवैध कटान पर कड़ा पहरा



वन्य क्षेत्र में अल्पाहार करते डीएफओ और साथी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जंगलों में बढ़ रहे अवैध कटान को रोकने के लिए वन विभाग इन दिनों लगातार मुस्तैद दिखाई दे रहा है। जिला वन मंडलअधिकारी सुशील राणा स्वयं मैदान में उतरकर जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। उनकी प्रतिबद्धता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह सुबह सात बजे ही अपने स्टाफ के साथ जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं और देर शाम तक विभिन्न क्षेत्रों में पेड़ों की जांच-पड़ताल में व्यस्त रहते हैं।

ठेकेदारों द्वारा मार्क किए गए खैर के पेड़ों की स्थिति को लेकर किसी भी प्रकार की शंका न रहे। इसके लिए डीएफओ खुद मौके पर जाकर जांच कर रहे हैं। पेड़ों की मार्किंग, स्थिति और कटान संबंधी दस्तावेजों की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को जड़ से खत्म किया जा सके। डीएफओ सुशील राणा की सादगी व ईमानदारी भी जंगलों के बीच साफ झलकती है। दिनभर की मेहनत व लगातार निरीक्षण के बीच वह खाने-पीने की भी परवाह नहीं करते, जो भी साधारण भोजन जंगल में उपलब्ध हो जाता है, उसे वह अपने स्टाफ के साथ बैठकर वहीं ग्रहण कर लेते हैं। उनका यह सरल व कर्मठ स्वभाव कर्मचारियों को भी प्रेरित करता है, जिसके चलते विभाग में कार्यसंस्कृति और जिम्मेदारी दोनों में सकारात्मक बदलाव आया है। जंगलों की सुरक्षा केवल दिन के समय तक सीमित नहीं रहती। डीएफओ सुशील राणा रात को नाकों का स्वयं दौरा करते हैं और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हैं। रात के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गैंग या व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर अवैध कटान न कर सके। विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी प्रकार का अवैध कटान बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि कहीं से भी अवैध कटान या संदेहास्पद गतिविधि की शिकायत आती है, तो तुरंत मौके पर जाकर कार्रवाई की जाएगी। जंगल से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान रहेगा। वनमंडलाधिकारी सुशील राणा की इस सक्रियता व समर्पण से स्थानीय लोगों में भी सकारात्मक संदेश गया है। वन क्षेत्र में बढ़ी सतर्कता के कारण अवैध गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगने की उम्मीद है। उनकी लगन, सादगी व कर्मठता वन संरक्षण अभियान को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है, जिससे आने वाले समय में जंगलों को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिटेंशन फीस न बढ़ाने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर राजेश शर्मा से आग्रह किया कि स्कूलों के परीक्षा केंद्रों की रिटेंशन फीस न बढ़ाई जाए। उन्होंने बताया कि रिटेंशन फीस जमा करने के लिए स्कूलों के पास कोई बजट का प्रावधान नहीं होता। स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्रों की रिटेंशन फीस बढ़ाने से विभिन्न स्कूलों के प्रशासन को बड़ी हुई रिटेंशन फीस की रकम चुकाने में भारी असुविधा हो रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह रिटेंशन फीस पहले 3000 होती थी निश्चित डेट पर इसकी अदायिगी न करने के कारण इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है और अब 3000 की जगह 10000 परीक्षा केंद्र रिटेंशन फीस बोर्ड को देनी पड़ रही है। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा से इस बारे में जल्द उचित कार्रवाई अमल में लाने का आग्रह किया है। राजन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा बोर्ड से अपनी लंबित मांगों को लेकर जल्द भेंट करेगा और अपनी मांगों का ज्ञापन देगा।

### 24 को ऊना उपमंडल में स्थानीय अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी ऊना जतिन लाल ने ऊना उपमंडल में 24 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए डीसी ने बताया कि श्री गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 24 नवम्बर को ऊना उपमंडल में स्थानीय अवकाश रहेगा। इस दौरान ऊना उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान, कॉलेज और सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

### नशा तस्करों पर हरोली पुलिस का शिकंजा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना हरोली की टीम ने पुलिस उपअधीक्षक हरोली की उपस्थिति में थाना प्रभारी की अगुवाई में गुप्त सूचना के आधार पर बाड़ेबाल और हलेड़ा बिलना गांव में अलग-अलग तीन घरों में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए रेड की, तो एक घर के बाहर बने खेत में दो लिफाफों में 783 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। इस पर अभियोग संख्या 186/25 अधीन धारा 15 मादक पदार्थ अधिनियम मेंमामला दर्ज किया गया है।

### समय रहते करवाएं टीबी का चेकअप




**अनंत ज्ञान, ऊना।** ग्राम पंचायत खड्ड गुरु रविदास आद दवारा में जिला ऊना क्षेत्रिय अस्पताल के विभाग क्षेय विभाग ने टीबी की जागरूकता के लिए एक्स-रे किए व लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया। टीबी एंड एचआईवी कारडीनेटर गुलशन ने लोगों को जागरूक किया और एक्स-रे किए। ग्राम पंचायत खड्ड के प्रधान वीरेंद्र हीर ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि समय रहते टीबी का चेकअप करवाएं, जिससे गंभीर बिमारी से बचा जा सके।

## भाजपा नेताओं ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

हिमाचल प्रदेश शनिवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में भाजपा नेताओं ने हाजिरी लगाई।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार, भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मलकीत सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए पूरी तरह से कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है।

बिंदल ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश में माफिया हत्याएं कर रहा है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण प्रदेश में अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है।

## रेबीज रोग के उपचार के महत्व के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा उपमंडल के केंद्रीय विद्यालय बंगाणा में स्ट्रे डॉग मैनेजमेंट और रेबीज के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विद्यालय के संगणक कक्ष में आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के रेबीज विशेषज्ञ एवं उपमंडल बंगाणा के वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को रेबीज रोग, इसके लक्षण, बचाव व समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ. जंगा ने बताया कि रेबीज एक घातक, लेकिन पूरी तरह से रोके जाने योग्य रोग है, जिसके प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समझाया कि आवारा कुत्तों के व्यवहार को समझकर कई प्रकार की दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। विशेष रूप से, उन्होंने छात्रों को बताया कि जब गली के कुत्ते समूह में होते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ जाता है, जिससे उनके आक्रामक होने की संभावना भी अधिक रहती है, ऐसे में अनावश्यक रूप से पास न जाना, उन्हें उकसाने वाले व्यवहार से बचना तथा शांत रहकर दूरी बनाए रखना सबसे सुरक्षित उपाय है।

डॉ. जंगा ने विद्यार्थियों को पशुओं के व्यवहार से जुड़े कई मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर रोचक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुत्ते हिंसक होने से पहले कुछ संकेत देते हैं, जैसे गुर्राना, दाँत दिखाना या शरीर का तनकर खड़ा होना। इन संकेतों को पहचानकर विद्यार्थी स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। साथ ही उन्होंने काटने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले प्राथमिक उपचार तथा अस्पताल में समय पर पहुंचने के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। डॉ. जंगा और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री गिरीशचंद शर्मा ने डॉ. जंगा और उनकी टीम का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल ज्ञानवृद्धि करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सचेत बनाते हैं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही, ताकि विद्यार्थी समय-समय पर विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक होते रहें।

## छात्रों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब के अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 'वो दिन योजना' का शिविर चुरुडू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान डॉ. इति शर्मा ने छात्राओं को मासिक धर्म के समय अपनाई जाने वाली स्वच्छता संबंधी आवश्यक आदतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षित व्यवहार से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। इसके साथ ही नशा मुक्ति के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान कर छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी संदीप चौहान, विद्यालय के प्रिंसिपल मोहम्मद असलम, वृत्त चुरुडू की पर्यवेक्षक कुंता देवी, वृत्त नंदपुर की पर्यवेक्षक रंजना, ब्लॉक समन्वयक मातुल, तहसील वेलफेयर ऑफिस असिस्टेंट विपन और वाहन चालक आनंद उपस्थित रहे।

## ऊना कॉलेज में 38 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना**




एनसीसी दिवस के अवसर पर ऊना कॉलेज के 6 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी ऊना के कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

एनसीसी दिवस के अवसर पर सरकारी महाविद्यालय ऊना के 6 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी ऊना के कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज सेवा की अनोखी मिसाल प्रस्तुत की।

शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. पुनीत कंवर ने किया। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कैडेट्स, विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थी न केवल अनुशासन सीखते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूर्ण समर्पण के साथ निभाते हैं। उन्होंने इस पहल को कॉलेज के लिए गौरव की बात बताया। कैप्टन अश्विनी कुमार, एनसीसी अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को प्रेरित किया। रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जो किसी भी व्यक्ति के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है। उनके मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस शिविर में कॉलेज के कई संकाय सदस्यों ने भी सक्रिय भाग लेते हुए विद्यार्थियों को उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रो. रुचि शर्मा, प्रो. रविंद्र डोगरा, डॉ. सुनील दत्त, और प्रो. यश पाल ने स्वयं रक्तदान किया और छात्रों को समाजसेवा की ओर प्रेरित किया। उनके इस योगदान की क्षेत्र में विशेष प्रशंसा हुई। शिविर के दौरान कुल 38 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए अमूल्य योगदान साबित होगा। इस अवसर पर हवलदार रिम्पल, 6 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी ऊना भी उपस्थित रहे और उन्होंने कैडेट्स की अनुशासन, ऊर्जा और सेवा भावना की सराहना की।शिविर की सफलता में एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और चिकित्सा दल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा और भविष्य में भी ऐसे जनहितैषी कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** युवा शक्ति क्लब पंजोआ लाड़ोली की ओर से आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। खेल मैदान में हुए उद्घाटन समारोह के साथ ही रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत हो गई। प्रतियोगिता में कुल 33 टीमों ने भाग लिया है। पहले दिन जिला ऊना की 16 टीमों के बीच कड़े मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दूसरे दिन ऊना के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा और जम्मू की टीमें भी मैदान में उतरेंगी, जिससे खेल और अधिक प्रतिस्पर्धी व आकर्षक होने की उम्मीद है। युवा शक्ति क्लब ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना है।

## विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाएं

**अनंत ज्ञान, जोल**



राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है और यातायात नियमों के पालन के महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राम सिंह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्यातिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा का हार्दिक स्वागत किया। प्रोफेसर कविता कौशल ने निर्णायक मंडल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी उपस्थिति व मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में और उत्साह भर दिया। कॉलेज के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद परिणाम इस प्रकार घोषित किए गए। प्रथम स्थान सूर्यवीर बीए, द्वितीय वर्ष, तमन्ना बीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान करणवीर बीए द्वितीय वर्ष को घोषित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर राणा ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सहाना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में सड़क सुरक्षा का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम का समापन डॉ. राम सिंह द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इसमें उन्होंने सभी अध्यापकों विद्यार्थियों और आयोजन टीम के लिए आभार व्यक्त किया।

**उत्साह** पहाड़ी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

## लेखन प्रतियोगिता में रिमझिम प्रथम स्थान पर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाषा एवं संस्कृति विभाग ऊना द्वारा पहाड़ी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लता मंगेशकर कलाकेंद्र, समूरकलां में विविध जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में पहाड़ी भाषा के प्रति रुचि जगाना तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव को मजबूत करना रहा।



पहाड़ी भाषा के संरक्षण के लिए आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

कार्यक्रम में विद्यालय-स्तर पर पहाड़ी भाषण, पहाड़ी निबंध लेखन, पहाड़ी मुहावरे एवं लोकोक्ति लेखन तथा पहाड़ी पहेली लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला ऊना के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहाड़ी भाषा की संवद्र्धक हिमाचली बोलियां' विषय पर विद्यार्थियों ने पहाड़ी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत किए। इनमें प्रथम स्थान पर आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा से अंजलि, द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलाई की सांच बंगा, तृतीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू की आंचल, चतुर्थ स्थान पर स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, गगरेट की दिशिता शामिल रही। इसके साथ ही प्रतिभागियों ने 'जिला ऊना के पारंपरिक त्योहार' तथा 'जिला ऊना के पारंपरिक परिधान एवं आभूषण' विषयों पर निबंध लिखे। इनमें प्रथम स्थान पर राधिका, आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा, द्वितीय स्थान पर हिमांशु, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, संतोषगढ़, तृतीय स्थान पर शाहीन, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, गगरेट, चतुर्थ स्थान पर महक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तलाई शामिल रही। मुहावरे व लोकोक्ति लेखन प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान पर रिमझिम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू, द्वितीय स्थान पर वर्षा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला कलां, तृतीय स्थान पर मन्नत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धमान्दरी और चतुर्थ स्थान पर श्रद्धा ठाकुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलाई तथा पहेली लेखन प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान पर वंशिका, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला कलां, द्वितीय स्थान पर गणेश चैधरी, राजकीय उच्च विद्यालय बणे दी हट्टी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा वरिष्ठ साहित्यकार भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला भाषा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं विद्यालयों का आभार व्यक्त करते हुए विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

## 'नशे को दूर भगाना है खुशहाली को लाना है'

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल वालीबाल में 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' कैंप का आयोजन किया गया। अभियान के तहत कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वालीबाल में स्वास्थ्य विभाग जिला ऊना के तत्वावधान में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पूजा देवी, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रीता कुमारी, आशा वर्कर सुखविंद्र कौर और दीक्षा शामिल रहे। तंबाकू नियंत्रण व जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांव वॉलीबाल में जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली भी निकाली। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 'जन-जन से आई आवाज नशा मुक्त हो समाज'। 'नशे को दूर भगाना है, खुशहाली को लाना है'। 'तंबाकू छोड़ो ,जीवन चुनो'। 'धूम्रपान का कीजिए त्याग, मत लगाइए जीवन को आग'। 'तंबाकू का सेवन आत्महत्या के समान' नारों से गांववासियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य राजेश कुमार, अनिल कुमार, धर्मपाल, गौरव कुमार, बलविंदर सिंह, तिलक राज, महेश कुमार, मनीष कुमार, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ऊना में 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' से सैकड़ों निराश्रित बच्चों को मिला नया जीवनाधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना सैकड़ों अभिभावक-विहीन और असहाय बच्चों के जीवन में नई रोशनी लेकर आई है। बीते दो वर्षों में योजना के विभिन्न प्रावधानों के तहत 3 करोड़ 63 लाख रुपए से अधिक की सहायता जारी की गई है, जिसने निराश्रित बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का आधार दिया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार बताते हैं कि योजना ने बच्चों के लिए सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन, तीनों ही क्षेत्रों में ठोस परिणाम दिए हैं। सामाजिक सुरक्षा मद में 294 बच्चों को 2 करोड़ 27 लाख 56 हजार 628 रुपए प्रदान किए गए, जिससे उन बच्चों के जीवन में बुनियादी स्थिरता आई है, जो पहले किसी प्रकार के सहारे से वंचित थे। उच्च शिक्षा के लिए 60 छात्रों को 26 लाख 44 हजार 814 रुपए और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए 35 युवाओं को 7 लाख 99 हजार 471 रुपए उपलब्ध कराए गए। कोचिंग सहायता के अंतर्गत 2 विद्यार्थियों को 1 लाख 48 हजार रुपए, स्किल डेवलपमेंट के लिए एक युवक को 98 हजार रुपए और माइक्रो एंटरप्राइज शुरू करने के लिए 9 युवाओं को 13 लाख 20 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई। नरेंद्र कुमार कहते हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच के अनुरूप विभाग का प्रयास केवल बच्चों को संरक्षित करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे जीवन में किसी भी अवसर से वंचित न रहें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बताते हैं कि योजना के सामाजिक घटकों के अंतर्गत विवाह अनुदान में 25 लाभार्थियों को 50 लाख रुपए और आवास निर्माण के लिए 23 परिवारों को 34 लाख रुपए दिए गए। इसके अलावा वस्त्र भत्ता, त्योहार भत्ता व आफ्टर-केयर सेवाओं के अंतर्गत 28 लाभार्थियों को 1 लाख 84 हजार 988 रुपए प्रदान किए गए। इससे बच्चों और युवाओं की बुनियादी जरूरतें सम्मानपूर्वक पूरी हो सकीं।

### सुक्खू सरकार निभा रही असल अभिभावक की भूमिका

**मुख्यमंत्री** सुक्खू हमेशा इस बात पर जोर देते हैं कि जिन बच्चों के माता-पिता उनका साथ छोड़ चुके हैं या जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, उनके लिए राज्य सरकार ही माता और पिता की भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री का कहना है कि सरकार केवल उनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी नहीं निभा रही, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, वस्त्र, कोचिंग और आवास जैसी वे सभी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जो सामान्यतः एक परिवार अपने बच्चों को देता है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को 4000 रुपए मासिक पॉकेट मनी, कपड़ों का भत्ता व त्योहार भत्ता प्रदान किया जा रहा है। योग्य बच्चों को नामी शिक्षण संस्थानों में दाखिला दिलाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों को 3 बिस्वा भूमि व 3 लाख रुपए तक की सहायता से अपना घर बनाने का अवसर दिया जा रहा है। हिमाचल देश का एकमात्र राज्य है, जिसने अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का कानूनी दर्जा दिया है और सरकार उनकी 27 वर्ष की आयु तक संपूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी निभा रही है।

# रोहतांग और अटल-टनल में पर्यटकों की मस्ती जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग सहित अटल टनल रोहतांग व लाहुल घाटी के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की मस्ती जारी है। मौसम साफ है और सड़क सफर के लिए फिलहाल सुरक्षित है, ऐसे में रोजाना पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं।

खिली धूप के बीच दर्रा में बिछी बर्फ की सफेद चादर पर्यटकों को आकर्षित कर रही है और पर्यटक यहां आकर खूब अठखेलियां कर रहे हैं। अगर बर्फबारी नहीं हुई तो पर्यटक 30 नवंबर तक रोहतांग दर्रे के दीदार करते रहेंगे। बर्फबारी होने की सूरत में रोहतांग पर्यटकों के लिए बंद हो जाएगा। शनिवार को घाटी में धूप खिली रही। गुलाबा होकर लगभग 234 पर्यटक वाहन रोहतांग पहुंचे। पर्यटक वापसी में अटल टनल के दीदार कर सोलंगनाला में साहसिक खेलों का आनंद लेते हुए मनाली पहुंचे। कुछ एक पर्यटक वाहन अटल टनल की ओर से होकर भी ग्रांफु पहुंचे। कोकसर सहित सिस्सु, अटल टनल के साउथ व नार्थ पोर्टल, धुंधी, सोलंग नाला, अजनी महादेव, हामटा व मढ़ी में पर्यटकों ने साहसिक खेलों का आनंद लिया। सुबह से शाम तक पर्यटक रोहतांग दर्रे में बर्फ का आनंद लेते रहे जबकि शाम के समय भारी संख्या में पर्यटक सोलंग नाला पहुंचे। पर्यटक कारोबारी अनीलकांत, रवि, मनु, मोहन, रोशन ने बताया कि शनिवार शाम के समय सोलंगनाला में पर्यटकों का मेला लग गया। कुछ पर्यटकों ने पैराग्लाइडिंग का आनंद लिया जबकि कुछ ने रोपवे के सुहाने सफर के साथ पर्यटन स्थल फातरु में भी दस्तक दी। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रा 30 नवंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

# सुरक्षा के लिए तरस रहा मरौड गांव

## मरौड गांव की सुरक्षा के लिए सरकार और प्रशासन ने नहीं उठाए ठोस कदम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



सैंज घाटी का मरौड़ गांव। (फाइल फोटो)

**कुल्लू।** कुल्लू जिले का अंतिम गांव मरौड वर्ष 2023 की विनाशकारी आपदा में भारी नुकसान झेल चुका है।

आपदा के दो वर्ष बाद भी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि आज भी क्षेत्र मूलभूत सुरक्षा सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार गांव तक पहुंचने वाले पैदल मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त पड़े हैं, जिससे आपात स्थिति में बाहर निकलना कठिन हो जाता है। वहीं, भूस्खलन का खतरा लगातार बना रहने के कारण ग्रामीण अपने घरों में भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से बार-बार सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग उठाई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों का कहना है कि जब तक सुरक्षा दीवारें, मार्गों की मरम्मत और खतरे वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक गांव भय के साये में ही जीता रहेगा। गांववासियों ने सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि मरौड जैसे सीमांत और संवेदनशील क्षेत्र को तुरंत सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी संभावित आपदा से जन-धन की हानि रोकी जा सके। कुल्लू जिला का अंतिम गाँव मरौड वर्ष 2023 की भीषण बाढ़ में बुरी तरह प्रभावित हुआ था। प्राकृतिक आपदा के बाद हालात कुछ समय के लिए सामान्य जरूर हुए, लेकिन गांव आज भी गंभीर खतरे की जद में बना हुआ है। गांव के पास बहने वाली नदी लगातार कटाव कर रही है, जिससे जमीन खिसकने और बस्ती को नुकसान पहुंचने का डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने अब तक सुरक्षा दीवार या कटाव-रोधी संरचनाओं के निर्माण पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अगर समय रहते सुरक्षा इंतज़ाम नहीं किए गए तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। पंचायत प्रतिनिधियों ने जल्द से जल्द स्थायी सुरक्षा कार्य शुरू करने की मांग उठाई है ताकि मरौड गांव को भविष्य की आपदाओं से बचाया जा सके। कुल्लू जिला के अंतिम गांव मरौड की सुरक्षा को लेकर स्थानीय ग्रामीण राज्यपाल उर्फ़ राजवीर ने सरकार से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की आपदा के बाद से गांव लगातार खतरे की जद में है, लेकिन अभी तक सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत नहीं किया गया है। राजवीर ने सरकार से आग्रह किया है कि गाँव की सुरक्षा के लिए क्रेटवायर या कंक्रीट दीवार का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ी आपदा न हो और ग्रामीण सुरक्षित रह सकें। राजवीर का कहना है कि हालात गंभीर होते जा रहे हैं और समय रहते सुरक्षा दीवार का निर्माण बेहद आवश्यक है। ग्रामीणों ने भी उनकी इस मांग का समर्थन किया है और उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द सकारात्मक कदम उठाएगी।

# एक करोड़ 14 लाख से बनेगा चिचोगा पंचायत भवन: भुवनेश्वर

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली में एक करोड़ 14 लाख की लागत से चिचोगा पंचायत का भवन बनाया जाएगा और एक साल के भीतर इसे तैयार किया जाएगा।

ये बात स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भवन के शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में पंचायतों को विकसित करने और आत्मनिर्भर बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हर क्षेत्र में एक समान विकास कार्य कर रही है। मनाली के रांगड़ी में 15 करोड़ की लागत से डबललेन पुल का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए पैसा आ गया है और जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसी तरह ओल्ड मनाली के लिए बाइपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के तैयार होते ही मनाली के लोगो के साथ पर्यटकों को जाम से छुटकारा मिल जाएगा। 'उन्होंने कहा कि गांव के विकास में महिलाओं का योगदान सराहनीय है। प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए मनाली विंटर कार्निवाल में भाग लेने वाली सभी महिला मंडलों को तीस हजार की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, जबकि पूर्व की सरकार के समय सिर्फ दस हजार ही दी जाती थी। मनाली भाजपा पर कटाक्ष करते हुए विधायक ने कहा कि चुनावी के नजदीक आते ही ढोलकी और चिमटा का काम करते हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनाली रमण शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा, नगर खंड विकास अधिकारी मुकेश के अलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। इससे पहले विधायक ने जगतसुख स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में भी भाग लिया और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू व आसपास के क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड ने कुल्लू शहर और इसके निकटवर्ती क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि रविवार, 23 नवंबर को आवश्यक मरम्मत व रखरखाव कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33/11 केवी सब-स्टेशन कुल्लू और उच्च ताप बिजली लाइनों के रखरखाव के कारण निम्नलिखित क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। समस्त कुल्लू शहर, खराहल, सेऊबाग, बबेली कोलिबेहड़, पीज, पाहनाला तथा आसपास के अन्य क्षेत्र में बिजली बोर्ड ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस असुविधा के लिए सहयोग करें।

### युवा उत्सव का आयोजन, 65 ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू की ओर से जिला स्तरीय युवा उत्सव व विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन सूत्रधार कला संगम, कुल्लू में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष दिनेश सेन ने किया। युवा उत्सव के तहत सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, चित्रकला (विषय- भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन सहित अनेक प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। जिले के विभिन्न संस्थानों सूत्रधार कला संगम, आइडियल पब्लिक स्कूल बाशिंग, ब्वॉयज स्कूल ढालपुर, गर्ल्स स्कूल सुल्तानपुर, क्रिएटिव हैंड्स आर्ट स्टूडियो बाशिंग, अकादमी आदि के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 65 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भरे। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। युवा सेवा व खेल विभाग के अनुसार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में हिस्सा लेंगी, जबकि तीन चयनित टीमें राष्ट्रीय युवा उत्सव, दिल्ली (12 जनवरी 2026) में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पत्रकारों ने की सीएमओ से शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के पत्रकारों ने हाल ही में पदभार संभाले सीएमओ रणजीत ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एवं निवर्तमान प्रेस क्लब प्रधान धनेश गौतम, मीडिया मंच के राज्य अध्यक्ष श्याम कुल्वी, प्रेस क्लब सैंज के प्रधान झाबे राम ठाकुर, गौरी शंकर, ललित कुमार, कमलेश वर्मा, सुरेंद्र तिबेगिया, पूजा कश्यप, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमओ ने सभी पत्रकारों का आभार प्रकट किया और कुल्लू में स्वास्थ्य क्षेत्र में आने वाले आधुनिक परिवर्तनों के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल्लू में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अब हार्ट के मरीजों को चंडीगढ़ व शिमला नहीं जाना पड़ेगा। कुल्लू अस्पताल में 7.94 करोड़ की लागत से कैथ लेब का निर्माण होने जा रहा है। अब हार्ट से संबंधित सभी इलाज यहीं पर होंगें, जैसे हार्ट अटैक पड़ने पर चंडीगढ़ या शिमला जाना पड़ता था अब उन्हें यह सुविधा यहीं पर मिलेगी। इसके अलावा सभी हृदय रोगों संबंधी इलाज यहीं पर होंगें। इसके अलावा एक बड़ी यूनिट और कुल्लू के लिए आई है जो क्रिटीकल केयर ब्लॉक है। क्रिटीकल केयर ब्लॉक सिविल अस्पताल तेगूबहड़ में स्थापित हो रहा है। इसके लिए सरकार की तरफ से 25 करोड़ मंजूर हुए हैं। यहां हर क्रिटीकल इलाज होंगें। हर प्रकार की इमरजेंसी चाहे गायनी के हो, एक्सीडेंट हो,आंखों के हो अर्थो के हो या फिर सर्जरी के हो सभी का तुरंत इलाज होगा।

### '4 लेबर कोड की अधिसूचना लोकतंत्र का उल्लंघन'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लेवर कोड की अधिसूचना राष्ट्र के मेहनतकश लोगों के साथ एक बड़ा धोखा केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 4 श्रमिक विरोधी और पूंजीपति परस्थ लेबर कोड (श्रम संहिताएं) की एकतरफा और मनमानी घोषणा की सीटू जिला कमेटी कुल्लू कड़े शब्दों में निंदा करती है। हम इसे देश के मेहनतकशों के साथ किया गया केंद्र सरकार का धोखाधड़ी पूर्ण कदम करार देते हैं। सीटू के जिला अध्यक्ष चमन और जिला महासचिव राजेश ने कहा कि 21 नवंबर को जारी किए गए इन तथाकथित 4 लेबर कोड (श्रम संहिताऐं) की अधिसूचना लोकतांत्रिक भावना का खुला उल्लंघन है और भारत के कल्याणकारी राज्य के चरित्र को बर्बाद कर देते हैं। इन कोडज के लागू होने से मजदूरों के जीवन और आजीविका पर नरसंहार जैसा हमला होगा जो मज़दूरों को गुलामी की ओर धकेल देगा और उनके हर अधिकार को छीन लेगा।

# सरकार अपनी आर्थिक नाकामियों की भरपाई शिक्षा से कर रही: गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के 447 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से परीक्षा केंद्र खत्म करने की तैयारी को छात्र हितों पर सीधा हमला करार दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम न केवल शिक्षा व्यवस्था को अस्थिर करेगा, बल्कि हजारों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से सरकार शिक्षा बोर्ड को राजस्व वसूली का साधन बनाने पर तुली है, वह यह साबित करता है कि सरकार अपनी आर्थिक नाकामियों की भरपाई शिक्षा से कर रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्षों से परीक्षा केंद्र के रूप में कार्यरत स्कूलों पर अचानक से अव्यावहारिक शुल्क थोप दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत 10वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए नए परीक्षा केंद्र बनाने की फीस 12,000 कर दी गई है, जबकि पहले यह शुल्क केवल 3,000 लिया जाता था। इतना ही नहीं, पहले केंद्र नवीनीकरण के लिए कोई राशि नहीं देनी पड़ती थी, लेकिन अब 3,000 सेंटर रिनीवल फीस लगा दी गई है। ठाकुर ने इसे एक ऐसी नीति बताया जिससे विद्यालयों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ा है और छोटे-बड़े विद्यालयों के लिए यह राशि तुरंत जमा करना संभव नहीं है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए सरकार ने विद्यालयों द्वारा छात्रों से विभिन्न गतिविधियों के लिए एकत्र की गई धनराशि और उसका ब्याज भी वापस ले लिया है, जिससे अनेक विद्यालय बढ़ी हुई फीस जमा करने में असमर्थ हो गए हैं। इस कारण उन्हें शिक्षा बोर्ड की तरफ से लगातार चेतावनियां मिल रही हैं कि यदि समय पर राशि नहीं दी गई तो परीक्षा केंद्र समाप्त कर दिए जाएंगे।

# शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता बताई

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार के मेंटल हेल्थ व एंटी-ड्रग सेंसिटाइजेशन क्लब के तत्वावधान में 'शिक्षकों के लिए जीवन कौशल' विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन डॉ. सत्यव्रत वैद्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी (मानसिक स्वास्थ्य) कुल्लू एवं नोडल हेड, एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी, कुल्लू द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य आरके सिंह व क्लब की संयोजिका डॉ. लीना वैद्य ने डॉ. वैद्य का स्वागत किया। अपने संबोधन में डॉ. वैद्य ने शिक्षकों के लिए भावनात्मक दृढ़ता, प्रभावी संचार, तनाव प्रबंधन व समग्र मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सशक्त जीवन कौशल वाले शिक्षक विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ व सहयोगपूर्ण वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पर्यावरण हितैषी उत्पादन पर जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कार्यशाला के दौरान गणमान्य लोग।

उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शनिवार को जिला कुल्लू में एक जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना, उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना रहा।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पीएल नेगी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कुल्लू, एसएस शिंदे, सहायक प्रबंधक (कमर्शियल), नेशनल हैंडलूम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा सोमेश शर्मा, प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र कुल्लू विशेष रूप से उपस्थित रहे। एमएसएमई, एफपीसी किसान उत्पादक संगठन, एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) और सहकारी संस्थाओं सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभागीय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम के विभिन्न प्रावधानों, लाभों एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य), क्लस्टर-आधारित विकास, प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि तथा पर्यावरण हितैषी उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। अपने संबोधन में पी.एल. नेगी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र कुल्लू ने कहा, भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को क्लस्टर मॉडल में विकसित करने की पहल अत्यंत सराहनीय है। हिमाचल प्रदेश में उद्योग विभाग द्वारा इस कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन स्थानीय उद्यमों को अधिक सशक्त, सक्षम और प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना, सर्कुलर इकॉनमी आधारित औद्योगिक विकास, संसाधन दक्षता, उत्पादकता वृद्धि तथा छोटे उद्यमों को सुदृढ़ बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने अपने सुझाव साझा करते हुए एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग, प्रशिक्षण और नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्योग विभाग ने राज्य के एमएसएमई क्षेत्र के सतत विकास के लिए निरंतर संवाद, ज्ञान-साझेदारी एवं प्रभावी नीति क्रियान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# 698 ग्राम चरस के साथ नेपाली काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में भुंतर पुलिस की टीम ने सिउंड क्षेत्र में गश्त के दौरान 698 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान मान सिंह भंडारी (35 वर्ष) दैलेख, काठमांडू (नेपाल) का निवासी है और वर्तमान में कुल्लू जिले की जरी तहसील के तुलगा गांव में रह रहा है। एसपी कुल्लू मदन लाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि भुंतर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस नशे की खेप की खरीद-फरोख्त के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। इस अवैध कारोबार की जड़ों तक पहुंचने के लिए जांच जारी है।

# कलवारी पंचायत को पुस्तकालय की सौगात

## विधायक सुरेंद्र शौरी ने किया अटल ज्ञान केंद्र का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल के तहत पड़ने वाली ग्राम पंचायत कलवारी में शनिवार को बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन कर अटल ज्ञान केंद्र जनता को समर्पित किया।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी लोकार्पण के दौरान।

इस पुस्तकालय के खुलने से कलवारी पंचायत के युवाओं को एक उपयोगी संसाधन की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान लाल सिंह चौहान ने कहा कि विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा पंचायत कार्यों में समय समय पर वित्तपोषण किया जाता रहा है और उनकी देन से ही आज पुस्तकालय की भी पंचायत में शुरुआत की गई है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि यह देखकर गर्व हो रहा है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। हमें विश्वास है कि यह पुस्तकालय हमारे ग्रामीणों के लिए एक उपयोगी संसाधन साबित होगा।विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी व आगामी समय में भी पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए वे वित्तपोषण करते रहेंगे। स्थानीय पंचायत के सभी महिला मंडलों और युवक मंडलों को छोटी रोजमर्रा की जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विधायक ने वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की है। इस अवसर पूर्व एपीएमसी अध्यक्ष वर्तमान में जिला महामंत्री अमर ठाकुर, प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी भीमसेन शर्मा, स्थानीय प्रधान प्रेमलता, भाजपा मंगलौर मंडल अध्यक्ष डाबे राम, घनश्याम ठाकुर, प्रधान लाल सिंह चौहान, हीरा सिंह दीपक, चेत राम ठाकुर, पूर्ण चंद, दीवान चंद, उपप्रधान प्रेम सिंह, सुनील कुमार, मोहन सिंह, मंडल महामंत्री देवेंद्र, टिकम् कार्तिक, महिला मोर्चा अध्यक्षा जयवंती, कुसुमलता दीपक और चिराग ठाकुर, शुभम, हितेश, भूपेंद्र, कुलदीप, हितेश, कुलदीप सोनी, महेंद्र शर्मा, दुर्गा सिंह, पूर्व प्रधान शेर सिंह ठाकुर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने नग्गर में सीखी पारंपरिक काष्ठकुणी वास्तुकला

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



कोलकाता स्थित टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी के वास्तुकला विभाग के 34 छात्रों ने कुल्लू के धरोहर गांव नग्गर में आयोजित तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक काष्ठकुणी निर्माण तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन एक्सप्लोरर्की और हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवा वास्तुविदों में हिमालयी निर्माण प्रणालियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टिकाऊ, भूकंप-रोधी संरचनाओं की महत्ता को रेखांकित करना था। कार्यशाला में स्थानीय विशेषज्ञ बृघु आचार्य, सेस राम ठाकुर और अब्बू ठाकुर ने छात्रों को काठकुणी निर्माण तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने परंपरागत लकड़ी-पत्थर आधारित निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया और छात्रों को संरचना के मॉडल निर्माण, लकड़ी नक्काशी तथा धरोहर क्षेत्र के अध्ययन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। हिमालयन ब्रदर्स ट्रस्ट विगत एक दशक से हिमाचली पारंपरिक वास्तुकला के संरक्षण व अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करता आ रहा है। कार्यशाला के दौरान सभी 34 प्रतिभागियों ने नग्गर गांव का भ्रमण किया। इस भ्रमण में छात्रों ने संरक्षण प्राप्त पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से देखा और समझा। समापन सत्र में छात्रों ने अपने द्वारा बनाए गए काठकुणी मॉडलों की प्रस्तुति दी और स्थानीय शिल्पियों के साथ अनुभव साझा किए।

**आयोजन** पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिताओं से भगवतगीता के उपदेशों से जोड़ने का प्रयास

# गीता कुटीर में 28 को 35वां गीता जयंती समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**





गीता आश्रम के अनुयायी अभिनव वशिष्ट कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

कुल्लू के रामशिला स्थित गीता कुटीर में 28 नवंबर को 35वें गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह बात गीता आश्रम के अनुयायी अभिनव वशिष्ट ने आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 28 नवंबर को गीता कुटीर रामशिला में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक समारोह ब्रह्मलीन स्वामी आराधना 'भिक्षु' की पावन स्मृति में आयोजित किया जाता है। वे सद्गुरुदेव स्वामी गीतानंद 'भिक्षु' की परम शिष्या थीं और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन की प्रेरणा स्वामी मुक्तानंद 'भिक्षु' और स्वामी किरण 'भिक्षु' द्वारा प्रदान की गई है। समारोह के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष का कार्यक्रम विद्यार्थियों को रचनात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक माध्यमों के ज़रिये भगवद्गीता के उपदेशों से गहराई से जोड़ने पर केंद्रित है। दिन का प्रारंभ सुबह 9 बजे पंजीकरण से होगा, जिसके बाद 9.30 बजे हल्के नाश्ते के पश्चात 10 बजे प्रतियोगिताएं प्रारंभ होंगी। पेंटिंग प्रतियोगिता 10.30 बजे और भाषण प्रतियोगिता 11 बजे आयोजित की जाएगी। दोपहर का भोजन 1 बजे दिया जाएगा और 2 बजे आशीर्वचन, संबोधन तथा पुरस्कार वितरण सहित समापन सत्र होगा। अधिक जानकारी देते हुए वशिष्ट ने बताया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता 'श्रीकृष्ण-अर्जुन संवाद' के दृश्यांकन पर आधारित होगी। इस प्रतियोगिता की समयावधि 30 मिनट होगी। विद्यार्थियों को अपने रंग स्वयं लाने होंगे जबकि आश्रम की ओर से ए-3 आकार की ड्राइंग शीट और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2,101 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1,501 रुपए और तृतीय पुरस्कार 1,001 रुपए रखा गया है। उन्होंने कहा, 'कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता सुबह 11 बजे आयोजित होगी।

इसमें प्रतिभागी श्रीमद्भगवद्गीता के अठारह अध्यायों में से किसी भी श्लोक की व्याख्या प्रस्तुत करेंगे और उसके आधुनिक मानव जीवन में महत्व पर प्रकाश डालेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी को पांच मिनट का समय दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 3,100 रुपए, द्वितीय 2,100 रुपए और तृतीय 1,100 रुपए निर्धारित है। वशिष्ट ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए दो तथा भाषण प्रतियोगिता के लिए भी दो विद्यार्थियों का नामांकन कर सकता है, जिन्हें कम से कम एक अध्यापक द्वारा साथ लाना होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जबकि विजेताओं को स्मृति-चिह्न, नगद पुरस्कार और सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। बेहतर समन्वय के लिए कार्यक्रम से पूर्व एक व्हाट्सऐप समूह बनाया जाएगा और विद्यालयों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर समूह में जुड़ना होगा। अपनी बात समाप्त करते हुए वशिष्ट ने सभी विद्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यार्थियों को इस समारोह में भाग लेने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह पर्व बच्चों के लिए भगवद्गीता के अमर संदेश से ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करने का सुअवसर प्रदान करता है।

# अरब अमीरात में फूड डिलीवरी राइडर के पदों पर भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्ल।** जिला श्रम व रोजगार अधिकारी ललित मोहन ने बताया कि विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं को सूचित किया जाता है कि हिमाचल राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा संयुक्त अरब अमीरात में फूड डिलीवरी राइडर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चलाई जा रही है। चयनित उम्मीदवारों को 2500 दिरहम मासिक वेतन के साथ कमिशन व टिप के रूप में 70,000 से 1,00,000 रुपए तक कमाने का अवसर मिलेगा। ड्यूटी समय 10 घंटे तथा सप्ताह में एक दिन अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के लिए आवेदक का न्यूनतम योग्यता 10वीं पास होना आवश्यक है तथा आयु सीमा 20 से 37 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा आवेदक के पास वैध भारतीय एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए और (गियर वाली मोटर साइकिल) टेस्ट उत्तीर्ण करना जरूरी है। चयनित उम्मीदवारों के लिए यूएई ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया भी कंपनी द्वारा आगे बढ़ाई जाएगी। आवेदन व टेस्ट प्रक्रिया से संबंधित शुल्क क्रमशः 4,500 और 35,400 जीएसटी है। उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक उम्मीदवार 22 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन करें। साथ में उन्होंने बताया कि यह भर्ती उन इच्छुक युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

## भुंतर सुधार समिति ने नवनियुक्त एसपी मदन लाल से की शिष्टाचार भेंट

# शहर की समस्याओं को लेकर हुई विस्तार से चर्चा

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी एसपी कुल्लू से भेंट करते हुए।

भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल से शिष्टाचार भेंट की।

समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को गुलदस्ता भेंट कर टोपी व मफलर पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। उसके उपरांत भुंतर शहर की समस्याओं पर विस्तार से सार्थक चर्चा की गई। समिति ने भुंतर में लगी ट्रैफिक लाइटों की टाइमिंग के बारे में भी कहा कि टाइमिंग को कम किया जाए। लाइटों की टाइमिंग ज्यादा होने से लंबा जाम लग जाता है। एसपी कुल्लू ने आश्वासन दिया कि इस समस्या को हल किया जाएगा। नवनियुक्त एसपी कुल्लू मदन लाल ने कहा कि पुलिस द्वारा भुंतर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। नशा तस्करी के अवैध धंधे पर अंकुश लगाने के लिए माफिया के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। नशे के खात्मे के लिए उन्होंने कुल्लू की जागरूक जनता से भी सहयोग की मांग की है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सिंथेटिक नशे की चपेट में धंसती जा रही है। चिटा तस्कर हर जगह अपने पांव फैला रहे हैं, जो आज के समय की सबसे बड़ी गंभीर समस्या है। कुल्लू में नशे को लेकर पुलिस विभाग एक्शन मोड पर है। पुलिस विभाग सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर नई पीढ़ी को नशे से बचाने के प्रयास करेगी। एसपी ने भुंतर सुधार समिति के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में यथासंभव सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए इस पर गहरी चोट की जाएगी। साथ ही भुंतर सुधार समिति ने एसपी कुल्लू से भुंतर एरिया में बढ़ते क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए भुंतर थाना में पुलिस कर्मियों को बढ़ाने की मांग भी उठाई। समिति के अधिकारियों व सदस्य का कहना है कि भुंतर एरिया बहुत ही बड़ा है। जिले का मुख्यद्वार होने से यहां ट्रैफिक की भरमार बहुत रहती है। कुल्लू- मनाली हवाई अड्डा यहां स्थित है जिले की सबसे बड़ी सब्जी मंडी भुंतर में है। बड़े-बड़े शोरूम के साथ बहुत से एरिया इंडस्ट्रीज में बदल चुके हैं। नशे के खिलाफ नजर रखने, ट्रैफिक कंट्रोल व रात्रि पेट्रोलिंग के लिए पुलिस कर्मियों की संख्या अधिक होना अति आवश्यक है, जबकि भुंतर थाना में इस समय स्टाफ की कमी बहुत चली है। इस मौके पर समिति के संस्थापक मेघ सिंह कश्यप, प्रधान रोशन लाल, वाइस चेयरमैन मनीष कौंडल, उपप्रधान नीना घई, महासचिव अनील धीमान, सह सचिव झावे राम, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, प्रवक्ता नीलम घई, सलाहकार मीना जसवाल, सदस्य बविता आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल बस-बाइक में भिड़ंत, युवक की मौके पर मौत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** थाना माजरा के अंतर्गत भेड़ेवाला मोड़ पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना गांव के पास राशन डिपो के नज़दीक हुई, जहां पांवटा की ओर से नाहन जा रही स्कूल बस और सामने से आ रहे बाइक सवार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक उछलकर बस के शीशे से जा टकराया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की पुष्टि थाना माजरा के साह जगत राम ने की। पुलिस ने बस और बाइक को अपने कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान ग्राम राजबन के स्थायी निवासी कपिल, पुत्र इंद्र सिंह, उम्र लगभग 22-23 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कपिल अपनी बहन को देखने देहरादून के एक निजी अस्पताल जा रहा था, जहां उसकी बहन ब्रेन-हेमरेज के चलते कोमा में जीवन-मृत्यु से जूझ रही है। रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कपिल के पार्थिव शरीर को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पांवटा लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी परिवार को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

### चोरी हुआ मोटरसाइकिल कालका से बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कोटबेजा निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस थाना परवाणू में शिकायत दर्ज करवाई कि 20 नवंबर की सुबह वे अपने भाई की मोटरसाइकिल लेकर निजी कार्य से परवाणू आए थे। उन्होंने बाइक को ईएसआई अस्पताल गेट के पास खड़ा किया और साक्षात्कार देने धर्मपुर चले गए। साक्षात्कार के बाद लौटने पर मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। आसपास तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली, जिस पर कुलदीप सिंह ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की आशंका जताई। चोरी हुई बाइक की कीमत लगभग 1,00,000 रुपए बताई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसी आधार पर 21 नवंबर को आरोपी अमनदीप सिंह निवासी खेड़ा सीताराम, कालका (उम्र 24 वर्ष) की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की बाइक बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामला अभी जांचाधीन है।

### महिला के घर फ्रिज से चरस व अफीम बरामद

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** जिला पुलिस बद्दी ने नालागढ़ थाने के तहत वार्ड नंबर-2 में एक महिला के घर छापेमारी कर फ्रिज से चरस व अफीम बरामद की है। पुलिस ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी महिला के खिलाफ पहले भी चिट्टा बरामद होने के चलते एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना नालागढ़ की टीम ने अमरजीत कौर पत्नी स्व. रणजीत सिंह वार्ड नंबर-2, प्रधानमंत्री आवास योजना, नालागढ़, के रिहायशी फ्लैट में नियमानुसार छापामारी की। तलाशी के दौरान रसोई में रखे फ्रिज से तीन खाली टेप लगे लिफाफे बरामद किए गए। जिन से कुल 243.93 ग्राम चरस व 86.63 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने नशे की खेप को तुरंत कब्जे में ले लिया। इस संबंध में आरोपी अमरजीत कौर के विरुद्ध पुलिस थाना नालागढ़ में मामला दर्ज कर नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया है व माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया के आरोपी अमरजीत कौर के विरुद्ध पहले भी थाना नालागढ़ में 17 जनवरी 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है जिसमें आरोपी महिला के हवाले से 20.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था।

### तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग नियम-2018 का करें पालन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** तंबाकू मुक्त अभियान 3.0 की जिला स्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक डीसी सिरमौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रताप, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलजीत नेगी, डॉ. गगन दीप सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। डीसी ने सभी विभागों को तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रतिबद्ध प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने तंबाकू मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम तेज करने तथा जिले के सभी स्कूल, कॉलेज और कार्यालयों को तंबाकू मुक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। शहरी विकास, पंचायतीराज और ग्रामीण विकास विभाग को ग्राम स्तर पर तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग नियम-2018 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कोटपा एक्ट के सख्त अनुपालन, होटलों व विश्राम गृहों में तंबाकू निषेध साइन बोर्ड लगाने और बड़े होटलों में निर्धारित धूम्रपान क्षेत्र बनाने के निर्देश भी दिए गए।

### छात्रों को दिए कराधान कानूनों के व्यावहारिक मंत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय ने 'कराधान कानूनों पर व्यावहारिक समझ' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य विधि छात्रों को कराधान संबंधी वास्तविक कानूनी प्रक्रियाओं से जोड़ना और उनके व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करना था। कार्यशाला का संचालन सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के अधिवक्ता अभिमन्यु झांबा ने किया। कराधान मामलों में उनके व्यापक अनुभव ने सत्र को अत्यंत उपयोगी बनाया। एडवोकेट झांबा ने आयकर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, हालिया कानूनी परिवर्तनों, मुकदमेबाजी और सलाहकारी प्रक्रियाओं में कराधान कानूनों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सर्वोच्च तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में कराधान संबंधी प्रकरणों में उठने वाले प्रमुख कानूनी प्रश्नों को उदाहरणों सहित समझाया और न्यायालय में तर्क प्रस्तुत करने की वास्तविक प्रक्रियाओं पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला पूर्णतः संवादात्मक रही, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और चर्चाओं में भाग लिया।

### 24, 25 व 26 नवंबर को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला रोजगार अधिकारी देविंद्र कुमार ने बताया कि सिरमौर जिले के नाहन, सुरला, माजरा, ददाहू , नौहराधार व सराहां खंड के सरकारी स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षा के लिए पार्ट टाईम आया/ हेल्पर के 131 पदों को आउटसोर्सिंग आधार पर भरने के लिए मैसर्ज स्काई लाइट एंड हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज डेरा-परोल जिला हमीरपुर द्वारा रोजगार कार्यालय के माध्यम से कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खंड नौहराधार में 15 पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय संगड़ाह में 24 नवंबर को, खंड सराहां में 20 पदों के लिए उपरोजगार कार्यालय सराहां में 25 नवंबर, तथा, खंड सुरला में 21, माजरा में 34, ददाहू में 14 तथा नाहन में 27 पदों के लिए जिला रोजगार कार्यालय नाहन में 26 नवंबर, 2025 को प्रातः 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएगें। इन पदों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है।

# बघाट बैंक के डिफाल्टरों को वन टाइम सेटलमेंट का ऑफर

## रिकवरी में रफ्तार धीमी, एनपीए आंकड़ा 132 करोड़ से घटकर अब 129 करोड़ रुपए पर आया

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को वित्तीय संकट से उभरने के लिए बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने डिफाल्टरों को वन टाइम सेटलमेन्ट का ऑफर देने का निर्णय लिया है।

इस प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी को भेजा गया है। हालांकि, इसके लिए ऋण का मूलधन का पूरा भुगतान देना होगा, जबकि ब्याज में टाइम सेटलमेंट होगी। बैंक के सामने यह भी चुनौती है कि कुड़क संपत्तियों की खरीद में भी लोग रूचि नहीं दिखा रहे हैं। वहीं, वित्तीय स्थिति में सुधार को स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के साथ बैंक चेयरमैन और अधिकारियों की बैठक हुई थी। इसके बाद बघाट बैंक प्रबंधन ने स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक को प्रपोजल दोबारा भेज दिया है। अब स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक अपने स्तर पर बोर्ड मीटिंग में यह मुद्दा रखेगा, जिसके बाद यह तय होगा कि वह बघाट बैंक में कब और कितनी राशि निवेश करेगा। उधर, बघाट बैंक के एनपीए में




लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है पर यह उम्मीद के मुताबिक नहीं है। कई अच्छे और सिक्योर लोन धारकों ने हाल ही में बकाया राशि जमा करवाई है, जिससे बैंक का एनपीए आंकड़ा 132 करोड़ से घटकर अब 129 करोड़ रुपए पर आ गया है। बैंक इसे रिकवरी अभियान और खाताधारकों के सहयोग का सकारात्मक परिणाम मान रहा है। बैंक के एक बड़े लोन से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइल तहसील कार्यालय में लंबित बताई जा रही है, जिसे क्लियर होने के बाद रिकवरी और वित्तीय सुधार की प्रक्रिया को और गति मिलने की उम्मीद है।

बैंक प्रबंधन ने विश्वास जताया है कि आगामी सप्ताहों में स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निर्णय और आंतरिक रिकवरी से बघाट बैंक की स्थिति और बेहतर होगी। बैंक ने अपने ग्राहकों को राहत देते हुए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शुरू कर दी है। बैंक प्रबंधन के अनुसार यह योजना उन खाताधारकों के लिए बड़ा अवसर है, जो समय पर अपनी ऋण अदायगी नहीं कर सके और अब एकमुश्त निपटान के माध्यम से अपने खाते नियमित करना चाहते हैं। बैंक अधिकारियों ने बताया कि ओटीएस योजना से उम्मीद है कि और भी खाताधारक आगे बढ़कर अपने ऋण का निपटारा करेंगे, जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। बैंक ने सभी पात्र ऋणधारकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित शाखा से संपर्क करें। एनपीए को निकालने का ओटीएस सही तरीका है, लेकिन इस पर सवाल भी उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब गारंटर और जमीन-जायदाद गिरवी है, तो फिर समझौते की क्या जरूरत। आमतौर पर ओटीएस उन खातों के लिए होता है, जहां वसूली लगभग नामुमकिन हो, क्योंकि ओटीएस में बैंक को फायदा नहीं, बल्कि नुकसान होता है। यहां तो बैंक के पास पूरी रिकवरी की क्षमता मौजूद है। वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि ओटीएस की आड़ में कुछ खास खातों को राहत देने की तैयारी भी हो सकती है। उनके मुताबिक बैंक इस बार शर्तें सख्त रखेगा। बावजूद इसके सवाल यही है कि क्या यह योजना वाकई वसूली के लिए है या फिर कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने का जरिया। आलोचकों का तर्क है कि बैंक को पहले यह तय करना चाहिए कि कौन सा खाता वास्तव में ओटीएस के लायक है। दरअसल, बघाट बैंक इस समय आरबीआई की निगरानी में है और उस पर कई तरह की पाबंदियां लगी हैं। ऐसे में ओटीएस का फैसला कितना सही होगा, यह समय ही बताएगा। बैंक प्रबंधन का कहना है कि ओटीएस प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बैंक को किसी भी प्रकार का वित्तीय नुकसान न हो। बैंक के चेयरमैन अरुण शर्मा ने कहा कि इस संबंध में रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी से भी निरंतर चर्चा की जा रही है। प्रबंधन के अनुसार, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी।

### सुक्खू सरकार की कानून व्यवस्था लचर कार्यप्रणाली के कारण चरमराई : विनय

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार की लचर कार्यप्रणाली के कारण राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और हिमाचल प्रदेश में अब गुंडाराज शुरू हो गया है। यह आरोप लगाते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने बताया कि अब देवभूमि हिमाचल की शांति पूरी तरह से भंग हो चुकी है और यहां चारों ओर डर का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने ऊना जिले में हुई गोलीबारी की वारदात का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार अपने अफसरों पर नियंत्रण पूरी तरह खो चुकी है और गुंडा तत्वों द्वारा सरेआम गोलियां वर्षा कर डर का माहौल पैदा किया जा रहा है। इतना ही नहीं प्रदेश में कानून का डर समाप्त हो चुका है और असमाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं पर तेजाब फेंक कर उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। विनय गुप्ता ने बताया कि इस शांतिप्रिय प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब गुंडा तत्वों और माफियाओं द्वारा सरेआम पुलिस अधिकारियों को भी गाड़ियों के नीचे रौंदाने के कुप्रयास किए जा रहे हैं। विनय गुप्ता ने कहा कि जब से प्रदेश में सुक्खू सरकार सत्ता में आई है प्रदेश बिहार बनता जा रहा है।

### कैडेट्स ने ली जीवनभर नशे से दूर रहने की शपथ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रथम एचपी ब्वॉयज बटालियन सोलन की सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई यूनिट ने शनिवार को एनसीसी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में 49 कैडेट्स ने भाग लिया, जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल कीर्ति शर्मा ने की। एएनओ अंजना ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, पौधरोपण और स्कूल परिसर की सफाई गतिविधियां आयोजित की गईं। कैडेट्स को नशा निवारण की शपथ दिलाई गई। इसमें उन्होंने जीवनभर नशा न करने और समाज से नशा मिटाने में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत के साथ हुआ। स्कूल स्टाफ के चंद्र, राधेश्याम चौहान, बिमला, पंकज और देवीचंद भी उपस्थित रहे। अंजना ने बताया कि एनसीसी डे हर वर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है और यह युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन व नेतृत्व का विकास करता है।

### तीन साल का जश्न नहीं, सरकार को करना चाहिए आत्मचिंतन : रोहित भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने कहा कि सरकार जश्न मनाने से पहले अपने तीन वर्षों का हिसाब दे, क्योंकि यह उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का समय है।



उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार युवाओं से किए वादों पर खरी नहीं उतरी है। चुनावी घोषणापत्र में हर साल एक लाख रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन तीन वर्षों में 30 हजार नौकरियां भी उपलब्ध नहीं करवाई गईं, जिससे युवाओं में भारी असंतोष है। रोहित ने कहा कि विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रियाएं लंबे समय से लंबित हैं। लिखित परीक्षाओं, परिणामों व नियुक्तियों में देरी के कारण यह धारणा बनी है कि सरकार रोजगार सृजन को लेकर गंभीर नहीं है। कुछ भर्ती बोर्डों की पारदर्शिता पर भी सवाल उठे हैं, जिसने युवाओं का विश्वास और कमजोर किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की कई चुनावी गारंटियां जैसे महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, स्वरोजगार व स्टार्ट-अप को बढ़ावा समय पर पूरी नहीं हुईं। इससे आम जनता के साथ-साथ युवाओं में नाराजगी बढ़ी है। रोहित ने सवाल उठाया कि जब वादे पूरे नहीं हुए, तब सरकार अपने तीन साल पूरा होने का जश्न मनाने मंडी क्यों जा रही है। उनके अनुसार, उत्सव की बजाय सरकार को आत्मचिंतन कर यह स्वीकार करना चाहिए कि वह जनता विशेषकर युवाओं के विश्वास पर खरी नहीं उतरी है।

### जीवन में धैर्य के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से दाड़लाघाट में आयोजित श्री राम कथा के चौथे दिन साध्वी राधिका भारती ने जीवन में धीरज अर्थात धैर्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र का जीवन हमें आदर्श जीवन जीना सिखाता है। जीवन में आई अनेक कठिनाइयों और परेशानियों के समय भगवान श्री रामचंद्र धैर्य का परिचय देते हैं और हर विकट स्थिति का सामना बड़ी सूझबूझ व मर्यादा से करते हैं। प्राणी मात्र को जीवन में सुखी व सफल रहने के लिए भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र से सीख लेनी चाहिए। हम श्री रामचंद्र के वंशज हैं, लेकिन कई बार परिस्थितियों के वशीभूत होकर धीरज खो बैठते हैं। यही हमारे दुख व परेशानियों का कारण बन जाता है। धीरज एक ऐसा बीज है, जो गुरु रूपी श्री राम मानव तन में डालते हैं।

### दत्तोवाल में रिहायशी मकान में पुलिस की रेड, देसी कट्टा बरामद

- आरोपी के खिलाफ पहले भी दर्ज है आर्म्स एक्ट के तहत मामला

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

जिला पुलिस बद्दी ने नालागढ़ थाने के तहत दत्तोवाल में एक रिहायशी मकान पर छापेमारी कर डबल बेड दराज से देसी कट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने देसी कट्टे को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना नालागढ़ की टीम ने गांव दत्तोवाल में आरोपी गोविंद शर्मा पुत्र छज्जू राम निवासी गांव दत्तोवाल तहसील नालागढ़ के घर पर नियमानुसार छापामारी की। छापामारी के दौरान आरोपी के घर पर उसकी पत्नी, माता व पिता मौजूद थे व आरोपी गोविंद शर्मा तलाशी के समय घर पर मौजूद नहीं था। घर की तलाशी के दौरान डबल बैड के दराज से एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी की पत्नी ने बताया कि यह देसी कट्टा उसके पति गोविंद शर्मा का है तथा इसका कोई भी वैध लाइसेंस उपलब्ध नहीं है।

इस संबंध में आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना नालागढ़ में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है व अगामी कार्रवाई जारी है। अशोक वर्मा ने बताया कि इसके अतिरिक्त आरोपी गोविंद शर्मा के खिलाफ पहले भी थाना नालागढ़ में 21 मार्च को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस मामले की सभी एंगलों से जांच कर रही है और आरोपी को जल्द कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने बेकार लकड़ी का उपयोग कर तैयार की सजावटी और उपयोगी वस्तुएं

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में विद्यार्थियों की कार्य दक्षता, रचनात्मकता और कौशल-विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक सप्ताह की आर्टिस्टिक वुडवर्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई तथा करियर काउंसलिंग एंड गाइडेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।

कार्यशाला में कुल 23 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने न केवल लकड़ी पर कलात्मक कार्य की विधाएं सीखी बल्कि अपनी रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमता तथा टीमवर्क जैसी महत्वपूर्ण कौशलों का भी विकास किया। इस कार्यशाला की विशेषता यह रही कि इसमें बेकार पड़ी लकड़ी का उपयोग कर पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने बेकार लकड़ी के टुकड़ों से विभिन्न सजावटी एवं उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं गई । इसके अतिरिक्त थिएटर में उपयोग होने वाले कई प्रकार वस्तुए, जैसे दीवारें, दरवाजे, खिड़कियां, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट तथा अन्य उपयोगी सेट-आइटमज इत्यादि विद्यार्थियों ने स्वयं निर्मित किए। कॉलेज के प्राचार्य राजेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से न केवल व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कला को समझने और संरक्षित करने का अवसर भी मिलेगा।

### नौणी में आज विशाल विधिक साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन द्वारा 23 नवंबर को डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में एक विशाल विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव आंकाक्षा डोगरा ने दी। आंकाक्षा डोगरा ने कहा कि यह विशाल विधिक साक्षरता शिविर नौणी विश्वविद्यालय के सभागार में प्रातः 11.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर मुख्यातिथि होंगे।

### चार श्रम संहिता लागू करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सीटू जिला कमेटी सोलन के अध्यक्ष राकेश कुमार और मोहित वर्मा महासचिव ने कहा कि चार श्रम संहिता अचानक से लागू करने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि व्यापक जनसंघर्ष सीटू जिला कमेटी सोलन केंद्र सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं को अचानक व एकतरफा लागू करने की कड़ी निंदा करती है।

ये संहिताएं भारत के मेहनतकश लोगों की पीढ़ियों द्वारा अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला है और देश की लोकतांत्रिक श्रम-परंपरा को नष्ट करने का प्रयास हैं। सीटू जिला कमेटी स्पष्ट घोषणा करती है कि यह कदम पूरी तरह मजदूर-विरोधी, अलोकतांत्रिक और पूंजीवादी ढांचे को मजबूत करने वाला है, जिसका देशभर का मजदूर वर्ग पुरजोर मुकाबला करेगा। इन संहिताओं के लागू होने से हड़ताल का अधिकार सीमित किया जा रहा है। संगठित होने की आजादी पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। कॉन्ट्रैक्ट-आधारित गुलामी को वैधता दी जा रही है। सामाजिक सुरक्षा को निजी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। काम के घंटे बढ़ाकर मजदूरों का शोषण बढ़ाया जा रहा है। ये सब मिलकर यह साबित करते हैं कि सरकार देश के असली उत्पादक वर्ग मजदूरों और किसानों को कमजोर करके बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाना चाहती है। सीटू जिला कमेटी यह दृढ़ता से कहती है कि केंद्र सरकार 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुला पाई। श्रम नीतियों पर किसी भी त्रिपक्षीय संवाद से बच रही है। मजदूर संगठनों की आपत्तियों और सुझावों को नजरअंदाज कर रही है। यह सरकार स्पष्ट रूप से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से पीछे हट रही है और देश की नीतियों को पूंजीपतियों के हवाले कर चुकी है।

### सुक्खू सरकार पर झूठ परोसने के आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता व शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र के संयोजक प्रताप सिंह रावत ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता ने कांग्रेस पार्टी को नकारते हुए बिहार में कांग्रेस पार्टी के सिर्फ छह विधायक जीते हैं, जो बोलेरो गाड़ी में पैक हो गए हैं। अब इसके बाद हिमाचल की जनता भी कांग्रेस पार्टी के विधायक को अलटो गाड़ी में पैक करने की पुरी तैयारी कर रही है। रावत ने बताया कि जब से प्रदेश में सुक्खू सरकार बनी है, तब से प्रदेश की जनता को झूठ परोसा जा रहा है। इसका खामियाजा कांग्रेस दिल्ली, बिहार विधानसभा चुनाव में भुगत चुकी है। सुक्खू बिहार चुनावों में भी झूठ का सहारा लेकर महागठबंधन की सरकार बनाना चाहते थे, लेकिन बिहार की जनता सुक्खू के झूठ से बाकीफ थी इसलिए बिहार की जनता ने कांग्रेस पार्टी व महागठबंधन को नकारते हुए पीएम मोदी व बिहार के सीएम नीतीश पर फिर एक बार भरोसा जताया है।

**खुशी** — सड़क हादसे में खोई याददाश्त, वर्षों तक नई जिंदगी जीते रहे, नाड़ी गांव में बेटे की वापसी पर परिवार और गांव में खुशी का माहौल

# 45 साल बाद याददाश्त लौटने पर रिखी राम लौटे अपने घर

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** फिल्मों में अक्सर चोट लगने से याददाश्त जाने और वर्षों बाद लौट आने के किस्से देखे होंगे, लेकिन आज हम आपको एक ऐसे शख्स से मिलवा रहे हैं, जो वास्तव में वर्षों बाद याददाश्त लौटने के बाद अपने घर लौटा। अपनी जवानी में एक सड़क हादसे में रिखी राम अपनी याददाश्त खो चुके थे और किसी नए नाम से वर्षों तक नई जिंदगी जीता रहा, लेकिन जब उसे दोबारा चोट लगी तो धीरे-धीरे उसकी पुरानी यादें उसे याद आने लगी और तकरीबन 45 सालों के बाद अब यह वापस अपने घर लौटा आया है। हालांकि, इस पर यकीन करना शायद आसान नहीं होगा, लेकिन ये एक सच्ची घटना है।

रिखी राम के साथ यह सब सामने आया है। इस अवधि में उसके माता-पिता भी स्वर्ग सिधार गए, लेकिन जब परिवार में भाई बहनों ने उसे अपने पास पाया तो वह फूले नहीं समाए और उसका घर लौटने पर जोरदार स्वागत किया। रिखी राम गत 15 नवंबर को मुंबई से घर लौटा, लेकिन इसका खुलासा तब हुआ जब ये अनोखा मामला जश्न में तब्दील हुआ। इस समय जिला सिरमौर के शिलाई-पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार माने जाने वाले सतौन क्षेत्र के नाड़ी गांव में असाधारण खुशी का माहौल है। दरअसल, गांव का बेटा रिखी राम वर्ष 1980 में महज 16 साल की उम्र में लापता हो गया था। रिखी राम ने बताया कि 1980 में वह कामकाज की तलाश में हरियाणा के यमुनानगर गया था, जहां वह एक होटल में नौकरी करने लगा। एक दिन होटल कर्मी के साथ अंबाला जाते समय उनके साथ एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में सिर पर चोट लगने से उसकी याददाश्त चली गई और उन्हें कुछ याद नहीं रहा। इस हादसे के बाद उसका संपर्क अपने गांव और परिवार से पूरी तरह कट गया। कोई ऐसा शख्स भी नहीं था, जो उन्हें उसके परिवार तक पहुंचा पाए और न ही दूर संचार के इतने साधन मौजूद थे कि उसका परिवार उनसे संपर्क कर सके। इस हालत में उनके साथी ने ही उनका नया नाम रवि चौधरी रख दिया और इसी नाम के साथ उन्होंने नई जिंदगी की शुरुआत की। अब तक भी वह इसी नाम से जिंदगी जी रहे थे।



परिजनों के साथ रिखी राम।

### कैफे के नंबर के रूप में मिली पहली कामयाबी

**रिखी** राम ने बताया कि खोज के दौरान सतौन के एक कैफे का नंबर मिला। कैफे से उन्हें नाड़ी गांव के रुद्र प्रकाश का नंबर मिला। रिखी राम ने अपनी पूरी कहानी रुद्र प्रकाश को सुनाई, लेकिन शुरूआत में रुद्र प्रकाश ने इसे किसी तरह की धोखाधड़ी की संभावना मानकर गंभीरता से नहीं लिया और नजरअंदाज किया। इसी बीच रिखी राम रोज कॉल कर अपने भाइयों-बहनों का हाल पूछता रहा। अंततः जब सभी छोर मिलने लगे, तो रुद्र प्रकाश का शक धीरे-धीरे यकीन में बदलने लगा। यकीन होने पर रुद्र प्रकाश ने रिखी राम के परिवार के बड़े जीजा एमके चौबे से उसका संपर्क कराया, जिन्होंने बातचीत के बाद माना कि सामने वाला वास्तव में रिखी राम ही हो सकता है।

### सभी पक्षों की पुष्टि के बाद पहुंचा गांव

**सभी** पक्षों की पुष्टि होने के बाद 15 नवंबर को रिखी राम अपनी पत्नी और बच्चों के साथ नाड़ी गांव पहुंचा। गांव में उनका स्वागत भाई दुर्गा राम, चंद्र मोहन, चंद्रमणि और बहन कौशल्या देवी, कला देवी, सुमित्रा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल मालाओं और बैंड से किया। अब रिखी राम को अपने बीच पाकर परिवार भी उत्साहित हैं और रिखी राम भी बेहद खुश हैं।

### याददाश्त जाने के बाद मुंबई का किया रुख

**रिखी** राम की बातों पर यकीन करें तो याददाश्त खोने के बाद वह मुंबई के दादर में काम करने पहुंचे। इसके बाद फिर नांदेड़ के एक कॉलेज में नौकरी मिलने पर वहीं बस गए। रिखी राम ने बताया कि वर्ष 1994 में उनकी शादी संतोषी से हुई और आज उनके पास 2 बेटियां और एक बेटा है। वर्षों तक रिखी राम सामान्य जीवन जीता रहा और उसे अपना वास्तविक घर, परिजन या पूर्व पहचान कुछ भी याद नहीं था। जीवन सामान्य रूप से गुजर रहा था कि कुछ महीने पहले काम पर जाते हुए उनका दोबारा एक्सीडेंट हुआ, जिसके बाद उनकी खोई हुई यादें धीरे-धीरे लौटने लगीं। उसे सपनों में बार-बार आम के पेड़, सतौन क्षेत्र और गांव के झूले दिखाई देने लगे। शुरू में उसने इन सपनों पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब यादें लगातार उभरती रहीं और उन्हें सपनों में बार-बार घर के पास आम के पेड़, सतौन से गुजरते वक्त सीसीआई के झूले और अपने गांव की झलक दिखाई देने लगी, तो उन्होंने इसका जिक्र अपनी पत्नी से किया। जब यह सिलसिला लगातार बढ़ता गया, तो रिखी राम ने अपने अतीत की खोज शुरू की। ज्यादा पढ़ा-लिखा न होने के कारण उसने जिस कॉलेज में वह काम करता था, वहां के एक छात्र से नाड़ी और सतौन से संबंधित गूगल पर छ जानकारियां व संपर्क नंबर ढूंढने में सहायता मांगी।

# नव वर्ष में पांवटा साहिब में लाइट कैमरा, एक्शन की गूंज

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**



- विकासनगर और पांवटा साहिब में शूट होगी बॉलीवुड फिल्म दी लास्ट ईयर

**पांवटा साहिब।** बॉलीवुड की नई हिंदी फिल्म 'दी लास्ट ईयर की पूरी शूटिंग जल्द ही विकासनगर क्षेत्र में की जाएगी। फिल्म यूनिट के मुताबिक, मुंबई से आने वाले कई कलाकार और तकनीकी टीम यहां कई महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माएंगी। शूटिंग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

फिल्म दी लास्ट ईयर के गानों की रिकॉर्डिंग इन दिनों मुंबई के स्टूडियो में तेजी से जारी है। फिल्म से जुड़ी प्रमुख टीम इस प्रकार है संगीतकार: मोती सुल्तानपुरी। निर्माता निर्देशक दुर्गा सिंह हिमाचल प्रदेश जिला सिरमौर के भगाणी साहिब के निवासी हैं) व सैम पटेल मूल रूप से गुजरात के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में अमेरिका में एक सफल बिजनेस आइकॉन के रूप में जाने जाते हैं। गायिका ऋचा शर्मा, गायक: उदित नारायण, निर्देशक एंड एडिटर : संजय जयसवाल, मशहूर प्लेबैक सिंगर ऋचा शर्मा और उदित नारायण द्वारा गाए जा रहे गानों की रिकॉर्डिंग लगभग पूरी हो चुकी है। फिल्म से जुड़े लोगों के अनुसार, विकासनगर व आसपास के इलाकों में जल्द ही शूटिंग की शुरुआत होगी। स्थानीय लोगों में भी बॉलीवुड फिल्म की शूटिंग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म दी लास्ट ईयर से जुड़े और अपडेट्स जल्द ही साझा किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श पब्लिक स्मार्ट स्कूल में मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्मार्ट स्कूल, सेक्टर-20बी, चंडीगढ़ में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग, औद्योगिक क्षेत्र, फेज 1, चंडीगढ़ द्वारा इसका डेमो दिया गया। अग्निशमन अधिकारी जगदीप सिंह के मार्गदर्शन में निरीक्षक देविंदर सिंह ने अग्नि सुरक्षा पर एक व्याख्यान दिया। सुनीता ने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों और कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करना सिखाना था, ताकि वे किसी भी स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें।

### टोयोटा कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल लॉन्च

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** ग्लोब टोयोटा ने टोयोटा कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल -स्प्रिंट एडिशन की लॉन्चिंग की घोषणा की है। यह नया स्प्रिंट एडिशन टोयोटा की प्रतिष्ठित लक्ज़री हाइब्रिड सेडान का अधिक स्पोर्टी और डायनेमिक रूप है, जिसमें आकर्षक डुअल-टोन एक्सटीरियर, मैट ब्लैक एक्सेंट्स और एक्सक्लूसिव स्पोर्ट्स किट शामिल हैं। यह नया संस्करण उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो स्पोर्टी स्टाइल में लक्ज़री और रोमांचक ड्राइविंग का अनुभव चाहते हैं। इस वाहन का अनावरण ग्लोब टोयोटा के ग्रुप हेड मार्केटिंग, अशु मिस्सर द्वारा किया गया, जो ग्लोब टोयोटा की ओर से नवीनतम मोबिलिटी समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता का एक और महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च के अवसर पर ग्लोब टोयोटा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक दत्ता ने कहा: 'ग्लोब टोयोटा में, ग्राहक संतुष्टि हमेशा से हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। कैमरी स्प्रिंट एडिशन का लॉन्च हमारे ग्राहकों की बदलती आकांक्षाओं के अनुरूप निरंतर नवाचार का प्रमाण है। इसका नया स्पोर्टी कैरेक्टर–डुअल-टोन स्टाइलिंग, बोल्ड मैट ब्लैक अलॉय व्हील्स और एक्सक्लूसिव स्पोर्ट्स किट द्वारा और भी आकर्षक बनता है–कैमरी की प्रीमियम पहचान में एक नया आयाम जोड़ता है। हमें विश्वास है कि यह नया संस्करण आधुनिक ग्राहकों को अत्यंत पसंद आएगा और टिकाऊ मोबिलिटी के प्रति टोयोटा की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।'

### ज्ञान प्राप्त करने से आत्मविश्वास बढ़ता है

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानीपत स्थित डॉ.एमकेके स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर बोलते हुए मुख्यातिथि विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने से आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को भावनात्मक संबल प्रदान करने के लिए अपना कुछ कीमती समय उन्हें अवश्य दें, उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को समाज तथा राष्ट्र से जोड़ते हुए उन्हें ज्ञान के नए क्षितिज की खोज के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ज्ञान व्यक्ति को नई चीजें सीखने, तर्कसंगत ढंग से सोचने और समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत प्रबन्धक कमेटी के प्रधान संजीव कपूर, उपप्रधान रितु कपूर तथा ज्योति कपूर, गुरदीप सिंह, प्रधानाचार्य मधुप परासर ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### सरकार के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में पंजाब भाजपा महिला मोर्चा ने शनिवार को पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मोर्चा की सदस्य आप की महिलाओं को 1000 रुपए वाली गारंटी के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंची थीं। पंजाब भर से महिला कार्यकर्ता चंडीगढ़ में सीएम के आवास का घेराव करने पहुंची थी। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोका और सेक्टर 37 में महिला कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। बैरिकेड लगाकर महिलाओं के रोष मार्च को रोका गया। इस दौरान पुलिस और भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में जमकर धक्का मुक्की हुई। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग से महिला कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की बेटी व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जयइंदर कौर समेत काफी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं को सेक्टर 39 थाने ले जाया गया। जयइंदर कौर ने आप सरकार को उनके वादे की याद दिलाते हुए कहा कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा 22 नवंबर, 2021 को मोगा में एक रैली के दौरान राज्य की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने की जो गारंटी दी गई थी, उसके 4 साल पूरे होने वाले हैं, लेकिन आज तक पंजाब की महिलाओं को इस वादे की एक भी किस्त नहीं मिली।

# पुरुषोत्तमपुरा बाग में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान पुरुषोत्तमपुरा बाग में सूचना, जनसंपर्क व भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी, विदेशी शिल्पकारों के स्टॉल व मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच सजने लगा है। इस महोत्सव में 24 नवंबर को गीता यज्ञ और गीता पूजन से मुख्य कार्यक्रमों का आगाज होगा और यह मुख्य कार्यक्रम 1 दिसंबर को दीपदान के साथ संपूर्ण हो जाएंगे, जबकि सरस और शिल्प मेला 5 दिसंबर तक चलेगा।

ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में 24 नवंबर से जनसंपर्क विभाग की तरफ से राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इस प्रदर्शनी को हाईटेक प्रणाली से सुसज्जित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में पवित्र ग्रंथ गीता व महाभारत से जुड़े अहम लम्हों को दिखाया जाएगा और इसके साथ ही हरियाणा की उपलब्धियों को लेकर विभिन्न विभागों के स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे। इन स्टॉल पर हर विभाग मुख्य-मुख्य उपलब्धियों को दिखाया जाएगा। यह प्रदर्शनी 1 दिसंबर तक चलेंगी। पुरुषोत्तमपुरा बाग में विभिन्न देशों के शिल्पकार भी अपनी शिल्पकला को लेकर पहुंचेंगे। इनके स्टॉल भी विशाल रथ के आसपास स्थापित किए जाएंगे। गीता महोत्सव में द्रौपदी कूप क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से हरियाणा पवेलियन स्थापित किया जा रहा है। इस पवेलियन को भी पर्यटकों के लिए 24 नवंबर से खोल दिया जाएगा। इस पवेलियन में जहां हरियाणा की लोक कला और संस्कृति को युवा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, हरियाणा की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी दिखाने का अनोखा प्रयास किया जाएगा। इस पवेलियन को सजाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसी प्रांगण के साथ लगते पार्क में महोत्सव के भागीदारी प्रदेश मध्य प्रदेश द्वारा एक पंडाल लगाया जाएगा। इस पांडाल में मध्य प्रदेश की संस्कृति को देखने का अवसर मिलेगा। इस महोत्सव में सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके लिए हैंगर का पांडाल स्थापित किया जा चुका है और मंच की साज-सज्जा की जा रही है।

## सुबह से सायं तक महोत्सव से सुनहरी यादें लेकर घर को लौट रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कई ढोल-नगाड़े के साथ-साथ डेरू वाले संगीत पर्यटकों को नाचने पर मजबूर कर रहे हैं। 15 नवंबर से ही शिल्प व सरस मेले की शुरुआत के साथ ही यह कलाकार महोत्सव में पहुंच गए थे और लगातार अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्यों के माध्यम से पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में 5 दिसंबर तक चलने वाले अंतराष्ट्रीय क्राफ्ट और सरस मेले में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए और इस महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए कई तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। इस महोत्सव में जहां एक और हरियाणा और पंजाब की लोक संस्कृति देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर जम्मू एंड कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, दिल्ली, लद्दाख सहित कई राज्यों की अदभुत लोक संस्कृति देखने को मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटक इन राज्यों की अद्भुत और संगीतमय लोक संस्कृति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

## किंडर पांडा स्कूल में फिनलैंड एजुकेशन मॉडल पर विशेष 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम




**अनंत ज्ञान, पंचकूला**

किंडर पांडा प्ले स्कूल, ट्राइसिटी का पहला स्कूल जिसने असली फिनलैंड शुरुआती बचपन की शिक्षा शुरू की, उन्होंने ओन्नी एजुकेशन फिनलैंड के सीइओ, मिस्टर ओली कामुनेन और कंट्री हेड, रचना लालवानी के भारत के ऑफिशियल दौरे के दौरान उनके स्वागत के लिए गर्व से एक खास 'मीट एन ग्रीट' इवेंट होस्ट किया। यह इवेंट ग्लोबल एजुकेशनल सहयोग को बढ़ाने और शुरुआती बचपन की पढ़ाई में वर्ल्ड-क्लास पढ़ाने के तरीकों को जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है।

किंडर पांडा प्ले स्कूल ने फिनिश पेडागॉजी से प्रेरित अपने होलिस्टिक, रिसर्च-बेस्ड करिकुलम के साथ इस इलाके में खुद को एक पायनियर के तौर पर स्थापित किया है, जिसे ओन्नी एजुकेशन के साथ पार्टनरशिप में लागू किया गया है, जो फिनलैंड सरकार के साथ रजिस्टर्ड एक ऑर्गनाइजेशन है। स्कूल का अप्रोच इनोवेशन को इंडियन वैल्यूज के साथ मिलाता है, जो बच्चों को शुरुआती लेवल पर एसटीइ (स्टेम), एआई, रोबोटिक्स और विदेशी भाषाओं (फ्रेंच और जर्मन) वाला एक फ्यूचरिस्टिक लर्निंग माहौल देता है। खास बात यह है कि टाइम्स ऑफ इंडिया ने किंडर पांडा को ट्राइसिटी के टॉप 5 किंडरगार्टन स्कूलों में जगह दी है। खास मेहमानों का स्वागत करते हुए, स्कूल ने वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सपर्ट एजुकेटर्स, फील्ड ट्रिप्स और फ़िनिश-इंस्पायर्ड डेकेयर प्रोग्राम के साथ ग्लोबली अलाइंड, इंक्वायरी-बेस्ड और खुशी देने वाले शुरुआती लर्निंग एक्सपीरियंस देने के अपने कमिटमेंट पर जोर दिया।

## एजीएस 23 को गोल्फ टूर्नामेंट के 10वें एडिशन की करेगा मेजबानी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




एमेच्योर गोल्फर्स सोसायटी (एजीएस) ने चंडीगढ़ के सेक्टर 27 स्थित प्रेस क्लब में हुई एक प्रेस मीट में एजीएस गोल्फ टूर्नामेंट के 10वें एडिशन के आयोजन की जानकारी दी। टूर्नामेंट 23 नवंबर को खेला जाएगा।

मीडिया को संबोधित करते हुए, एडवोकेट सुरेश के गुप्ता, फाउंडर ट्रस्टी एजीएस, साथ ही एजीएस के चीफ पैट्रन हुकुम गोयल (जीया डायमंड्स) व पैट्रन मोहित बंसल (जीएमआई इंफ्रा) ने आने वाले टूर्नामेंट और ऑर्गनाइजेशन के 'गोल्फ डेवलपमेंट' इनिशिएटिव्स की खास बातें बताईं। गुप्ता ने कहा कि यह टूर्नामेंट 23 नवंबर को पंचकूला गोल्फ क्लब में होगा। इसमें 68 पुरुषों और 4 महिलाओं समेत 72 गोल्फर हिस्सा लेंगे। ये सभी 18 फोर-बॉल बनाएंगे। गोल्फर तीन हैंडीकैप कैटेगरी में मुकाबला करेंगे। 0-9, 10-15 और 16 और उससे ज्यादा, इसके अलावा लॉन्गेस्ट ड्राइव, स्ट्रेटेस्ट ड्राइव और नियरेस्ट टू पिन जैसे एक्स्ट्रा मुकाबले भी होंगे। टूर्नामेंट सुबह 6:40 बजे टी-ऑफ के लिए तय है। प्रेस मीट के दौरान, एजीएस ने अपनी स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग पहल के बारे में भी बताया, जिसका मकसद ज़्यादा से ज्यादा लोगों को गोल्फ खेलने के काबिल बनाना है।

## पंजाब की सांस्कृतिक व कलात्मक विरासत का उत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सप्त सिंधु फोरम ने सप्त सिंधु सॉलिडेरिटी सिने अवॉर्ड्स और कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इसमें फिल्म जगत, उद्योग जगत व सार्वजनिक जीवन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने पंजाब की सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत का उत्सव मनाया। इस समारोह में पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदीप जोशी ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने सांस्कृतिक निरंतरता व सभ्यतागत पहचान को संरक्षित करने में रचनात्मक अभिव्यक्ति की भूमिका पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों में सांसद पद्म राजिंदर, सांसद सुभाष बराला, होमलैंड ग्रुप के सीईओ उमंग जिंदल आदि शामिल रहे।

## एकीकृत आवासीय समुदाय, ओलंपिया की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




एसबीपी ग्रुप ने जीरकपुर के सेक्टर 5 में एक एकीकृत आवासीय समुदाय ओलंपिया की घोषणा की है, जो हिमालय के ताजा दृश्य प्रस्तुत करता है और भारत में सक्रिय जीवन शैली, परिवार-केंद्रित जीवनशैली और उद्देश्यपूर्ण वृद्धावस्था के प्रति दृष्टिकोण को पुनर्परिभाषित करता है।

यह परियोजना दो शक्तिशाली स्तंभों खेल-आधारित आधुनिक आवास और सोच-समझकर डिजाइन किया गया वरिष्ठ नागरिक समुदाय का सम्मिश्रण करती है, जो एक अनूठा, भविष्य-तैयार वातावरण तैयार करती है, जहां सभी पीढ़ियां एक साथ फलती-फूलती हैं। भारत की सबसे प्रगतिशील आवासीय अवधारणाओं में से एक के रूप में परिकल्पित, ओलंपिया स्पोर्ट्स लाइफ रेजिडेंसेज अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल बुनियादी ढांचे को दैनिक जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए घरों के साथ जोड़ता है। फिटनेस, स्वास्थ्य और गतिशीलता इस परियोजना के नियोजन दर्शन का मूल हैं।

इस दृष्टिकोण का नेतृत्व करते हुए, एसबीपी समूह के अध्यक्ष, अमन सिंगला ने सामुदायिक विकास में खेलों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'महिलाओं का खेल महत्वपूर्ण है। हमारे समुदायों को हर लड़की और हर महिला को आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरने में सक्षम बनाना चाहिए।' एक व्यापक राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा को मज़बूत करते हुए, उन्होंने कहा: 'हर घर से एक सानिया और एक हरमनप्रीत निकलेगी।' सुलभ, सुरक्षित व विश्वस्तरीय खेल स्थलों में उनके विश्वास ने एसबीपी ग्रुप को भारत के कुछ बेहतरीन स्टेडियमों के पीछे के आर्किटेक्ट्स के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि ओलंपिया का निर्माण सटीकता, उद्देश्य और अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ किया गया है।

## देश-विदेश

# सांसद चंद्रशेखर को एक्स गर्लफ्रेंड रोहिणी की धमकी

**एजेंसी, इंदौर**

उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर और उनकी कथित एक्स गर्लफ्रेंड डॉ. रोहिणी घावरी के बीच विवाद थम नहीं रहा है। इंदौर की रहने वाली रोहिणी ने अब दावा किया है कि चंद्रशेखर ने उनके मां-पिता को जेल भिजवाने की धमकी दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे मम्मी-पापा मेरे भगवान हैं। उन्हें थोड़ी भी तकलीफ पहुंचाने की कोशिश भी मत करना वरना इंडिया आकर अपनी ताकत दिखाऊंगी। अमित शाह भी बचा नहीं पाएंगे। तेरी लड़ाई मुझसे है न। मुझसे लड़। पूरे देश में मेरे खिलाफ एफआईआर करा, मेरी हत्या करा दे, जो करना है, कर। लेकिन मेरे परिवार को बीच में मत ला।' दूसरी पोस्ट में रोहिणी ने लिखा, 'तेरी दुश्मन थी नहीं लेकिन अब जानी दुश्मन बन गई हूं। अब तुझे पूरी तरह से खत्म करूंगी। जब बात मां-बाप पर आती है तो बच्चे हर मर्यादा लांघ देते हैं। आ रही हूं इंडिया वापस...तू वेट कर मेरा अब।' बता दें कि रोहिणी अभी स्विट्जरलैंड में रहती हैं। डॉ. रोहिणी घावरी इंदौर के बीमा अस्पताल में काम करने वाली सफाईकर्मी की बेटी हैं। वह 2019 में हायर एजुकेशन के लिए स्विट्जरलैंड गई थीं। पढ़ाई के दौरान ही वह और चंद्रशेखर एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। तीन साल तक रिलेशनशिप में रहे। (अनंत ज्ञान)

## नाइजीरिया में 227 छात्रों और शिक्षकों का अपहरण

**एजेंसी, अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने एक कैथोलिक स्कूल से कम से कम 227 छात्रों और शिक्षकों का अपहरण कर लिया। क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ नाइजीरिया (सीएएन) ने इसकी पुष्टि की है।

यह घटना इस हफ्ते स्कूलों पर हुए हमलों की ताजा कड़ी है, जिसके बाद सरकार ने 47 कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अपहरण नाइजर राज्य के सेंट मैरी कैथोलिक स्कूल से हुआ, जहां बंदूकधारियों ने अचानक हमला बोला और छात्रों और स्कूल के कर्मचारियो को जंगल की ओर ले गए। (अनंत ज्ञान)

# माघ मेले में 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद: योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी, प्रयागराज**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि प्रयागराज में तीन जनवरी से प्रारंभ हो रहे माघ मेले का दायरा 2024 के मेले की तुलना में बढ़ाया गया है और इस बार मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने यहां मेला प्राधिकरण के सभागार में समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, 'माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो गई है।

इस बार इसका (माघ मेले का) दायरा 2024 की तुलना में बढ़ाया गया है।' उन्होंने कहा, 'आमतौर पर देखा गया है कि मेले में 20-25 लाख कल्पवासी एक माह तक यहां प्रवास करते हैं। हमारा अनुमान है कि इस डेढ़ महीने के दौरान प्रयागराज में 12 से 15 करोड़ लोग संगम पर स्नान करेंगे जिसमें प्रतिदिन स्नान करने वाले कल्पवासी शामिल हैं।' योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'इस बार माघ मेला पंद्रह दिन पहले है। तीन जनवरी को पौष पूर्णिमा है, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, पहली फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है।' उन्होंने कहा, 'प्रदेश के सभी विभागों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। सिंचाई विभाग यहां जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।' (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकन सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन का इस्तीफा देने का ऐलान

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी और जॉर्जिया से रिपब्लिकन पार्टी की सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने कांग्रेस से इस्तीफा देने का ऐलान किया है. सांसद ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक डॉक्यूमेंट और एक वीडियो अपलोड किया. करीब 10 मिनट के वीडियो में उन्होंने बताया कि वे पद से इस्तीफा दे रही हैं।

उन्होंने वीडियो में बताया कि उनका इस्तीफा 5 जनवरी 2026 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि वाशिंगटन डीसी की धारणाएं उन्हें लेकर ठीक नहीं हैं और वे कभी उनकी नीतियों में फिट नहीं हो पाईं, इसलिए पद छोड़ रही हैं। हालांकि उनके इस्तीफे के ऐलान पर अभी तक वाशिंगटन डीसी की तरफ से प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई, लेकिन वे अपने फैसले पर अडिग हैं। बता दें कि मार्जोरी टेलर ग्रीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करीबी हुआ करती थीं और उनके समर्थन में खुलकर बोलती थीं, लेकिन एच-1बी वीजा को लेकर टकराव होने के बाद वे उनकी आलोचना करने लगीं। वे अकसर कहती सुनी गईं कि उन्हें राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियां पसंद नहीं हैं। दोनों के बीच कई मुद्दों पर पब्लिकली बहस हो चुकी है और एक दूसरे की आलोचना कर चुके है। (अनंत ज्ञान)

## 37 माओवादियों ने किया सरेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तेलंगाना में 37 माओवादियों ने सरेंडर किया है। पुलिस निदेशक जनरल बी शिवधर रेड्डी ने बताया कि 37 अंडरग्राउंड कैडर ने सरेंडर किया है, जिनमें शीर्ष राज्य कमेटी के सदस्य और बड़ी संख्या में युवतियां शामिल हैं। यह इस साल एक दिन में हुए सबसे बड़े सरेंडर में से एक है, जो बैन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) पर बढ़ते दबाव को दिखाता है और यह राज्य के खुफिया आधारित ऑपरेशन और पुनर्वास नीतियां के लिए एक रणनीतिक जीत है। सरेंडर करने वाले कैडरों ने हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी सौंपा, जिसमें एक एके-47 असॉल्ट राइफल, दो एसएलआर, चार .303 राइफल और एक जी3 राइफल के साथ-साथ 343 जिंदा गोलियां भी शामिल हैं।

## शादी के दिन शराब पिलाने पर लगेगा 1 लाख का जुर्माना, फास्ट फूड पर भी रोक

**एजेंसी, जौनसार**

**उत्तराखंड** उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र में सामाजिक समानता और परंपराओं को मजबूत करने के लिए बड़ा सामूहिक फैसला लिया गया है। खत शैली से जुड़े 25 गांवों ने तय किया है कि अब शादी और शुभ आयोजनों को पूरी सादगी से मनाया जाएगा। इन गांवों में शराब, फास्ट फूड और महंगे तोहफे पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। परंपरागत और सरल आयोजन को बढ़ावा देने के लिए बेटी की ओर से बकरा देने की प्रथा भी खत्म कर दी गई है। नियम का उल्लंघन करने वालों से एक लाख रुपए का जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया गया है। यह फैसला दोहा गांव में खत के सदर स्याणा राजेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। दोहा गांव में हुई बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि शादी और शुभ कार्यक्रमों में अंग्रेजी शराब, बीयर, चाऊमीन, मोमो, टिक्की, चाट और अन्य फास्ट फूड परोसना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही चांदी के सिक्के, ड्राई फ्रूट्स और महंगे उपहार देने-लेने पर रोक लगा दी गई है। परंपरा अनुसार केवल मामा की ओर से आटा, चावल और बकरा लाने की अनुमति रहेगी। स्4ड्ड्रख्र्ख्ख जौनसार-बावर के कई गांव पहले ही यह नियम लागू कर चुके हैं कि शादी जैसे समारोहों में महिलाएं केवल तीन पारंपरिक गहने ही पहन सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली, एक्यूआई 400 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली**-एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्ट (एक्यूआई) लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों का सांस लेना दूभर होता जा रहा है। शनिवार को दिल्ली के कई स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार है। इस बीच शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बैठक कर ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) चरण 3 की पाबंदियों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है।



साथ ही इसमें ग्रैप चार की पाबंदियों की कुछ उपाय सुझाए हैं। जिसमें सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने की भी बात कही गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की तरफ से शनिवार को जारी बयान में बताया गया है कि ग्रैप-3 में ही ग्रैप-4 के कुछ प्रावधान जोड़े जा रहे हैं, जिसमें 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की बात कही गई है। इसमें दिल्ली-एनसीआर के तहत राज्य सरकारों और केंद्रीय कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की सलाह दी गई है। सरकार को 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम करवाने की सलाह दी गई है। जिसके बाद अब जल्द सरकारें इस पर फैसला ले सकती हैं। इसके अलावा प्राइवेट कंपनियों में भी यही नियम लागू हो सकते है, फिलहाल इसे लेकर अभी सिर्फ सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदूषण कम करने के लिए सीएक्यूएम ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के नियम लागू करती है। ग्रैप-3 तक ही ज्यादातर प्रतिबंध लागू हो जाते हैं। वहीं, जब प्रदूषण का स्तर 451 तक या इससे ज्यादा हो जाता है तो ग्रैप-4 लागू किया जाता है। इसमें स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर चलाने, दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम देने की सलाह और कमर्शियल वाहनों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाया जाता है। स्कूलों और दफ्तरों को बंद रखने का फैसला सरकार के हाथ में होता है, सीएक्यूएम की तरफ से सिर्फ इसकी सलाह दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

# उदयपुर में रणवीर सिंह के साथ नाचे डोनाल्ड ट्रंप के बेटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रणवीर सिंह, शाहिद कपूर, कृति सेनन और कई बॉलीवुड स्टार्स यूएस अरबपति पद्मजा और रामा राजू मंटेना की बेटी नेत्रा मंटेना की शादी के संगीत में शामिल हुए और परफॉर्म किया।

इस इवेंट के कई वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें से एक में रणवीर डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और उनकी गर्लफ्रेंड बेटिना एंडरसन को अपनी बीट्स पर डांस करवाते हुए दिख रहे हैं। विजक्राफ्ट वेडिंग्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और बेटिना स्टेज पर एक साथ डांस करते दिख रहे हैं, इससे पहले रणवीर ने मजाक में उन्हें टोका और अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने व्हाट झुमका पर डांस करवाया। बेटिना गोल्ड लहंगा-चोली में बहुत खूबसूरत लग रही थीं, जबकि रणवीर ब्लैक फॉर्मल सूट में डैपर लग रहे थे। उन्होंने स्टेज पर सभी मेहमानों को सिम्बा के गाने आंख मारे पर डांस भी करवाया। (अनंत ज्ञान)



# अमेरिका के बहिष्कार के बावजूद जी-20 का 'घोषणा पत्र' तैयार

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

**दक्षिण** अफरीका के जोहान्सबर्ग में जारी जी-20 शिखर सम्मेलन का अमेरिका द्वारा पूर्ण बहिष्कार किए जाने के बावजूद अन्य प्रमुख नेताओं ने अंतिम घोषणापत्र का मसौदा तैयार कर लिया है।

हालांकि अमेरिका ने उसके बिना ऐसा किये जाने को शर्मनाक करार दिया है। मीडिया खबरों के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अफ्रीकी महाद्वीप के पहले जी 20 सम्मेलन को एक बहुपक्षीय कूटनीतिक जीत के तौर पर पेश करना चाहते हैं । हालांकि अमेरिकी अनुपस्थिति में ऐसा होना कुछ मुश्किल हो गया है। लेकिन कुछ राजनीतिक सूत्र ऐसा मान रहे हैं कि अमेरिका के न रहने से बाकी देश जलवायु परिवर्तन और विकासशील देशों की मदद जैसे मसलों पर ज्यादा खुलकर सहमति बना सकते हैं। सूत्रों के अनुसार जी 20 के राजनयिक शिखर सम्मेलन से पहले ही नेताओं के लिए घोषणापत्र तैयार कर चुके है जिसमें जलवायु परिवर्तन प्रमुख एजेंडा है। सूत्र के मुताबिक अमेरिका के विरोध के बावजूद घोषणापत्र में स्पष्ट रूप से 'जलवायु परिवर्तन' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन को धोखा करार देते हुए ब्राजील में संपन्न संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा। उन्होंने सम्मेलन के लिए विकासशील देशों को मौसम आपदाओ से बचाने, स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव और कर्ज कम करने में मदद संबंधी द. अफ्रीका के एजेंडे को सिरे से खारिज कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## कश्मीर से आए फौजी समेत 3 दोस्तों की मौत

एजेंसी, अमेठी। अमेठी में ट्रक और बुलेट की टक्कर हो गई। हादसे में फौजी समेत तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों दोस्त की शादी से घर लौट रहे थे। बुलेट की स्पीड 100 के करीब थी। ट्रक सड़क पर खड़ा था। उन्होंने बचने के लिए बुलेट की ब्रेक मारी, लेकिन ट्रक से टक्कर हो गई। युवक छिटककर सड़क पर करीब 10 फीट दूर गिरे। लाशें सड़क पर बिखर गईं। तीनों के सिर में गंभीर चोटें आईं। फौजी के पेट में बंपर घुस गया। दो की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ा। बुलेट सवारों ने हेलमेट नहीं लगाया था। हादसा शुक्रवार रात 12 बजे पीपरपुर थाना क्षेत्र के थौरा गांव के पास हुआ। मृतकों की पहचान महाराजपुर निवासी फौजी उत्कर्ष सिंह (32), बजरंग सिंह (25) और अंशु सिंह (29) के रूप में हुई। फौजी की तैनाती कश्मीर में थी। वह 20 नवंबर की दोपहर ही कश्मीर से घर पहुंचा था। मौत की खबर सुनकर फौजी की पत्नी सोनम रो-रोकर बेसुध हो गईं। अंशु घर के इकलौते बेटे थे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### महित संधू ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की माहित संधू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जो उनका चौथा पदक है। माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456.0 अंक हासिल कर बधिर ओलंपिक खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की डैन जियोंग ने 453.5 अंक के साथ रजत और हंगरी की मीरा जुज्ज़ाना बियातोव्स्की ने 438.6 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने फाइनल तक पहुंचने के दौरान बधिर खेलों का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए और शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

### शमी, आकाश दीप सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में

**एजेंसी, कोलकाता।** रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में चार मैचों में 20 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिये बंगाल की टीम में शामिल किया गया है । पैर की चोट से उबरकर फिट हुए शमी ने इस सत्र में बंगाल के लिये चार रणजी मैच खेले । पहले दो मैचों में उनके 15 विकेट की मदद से बंगाल ने उत्तराखंड और गुजरात को हराया । अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली टीम में शमी के साथ तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह दी गई है । शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं मिली । यह तेज गेंदबाज हालांकि वापसी को बेताब है । उन्होंने रणजी ट्रॉफी के दौरान कहा था ,' मैं फिट रहकर भारतीय टीम में चयन के लिये उपलब्ध रहना चाहता हूं । अपनी फिटनेस पर चयनकर्ताओं को अपडेट करना मेरा काम नहीं है ।' बंगाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के पहले मैच में 26 नवंबर को हैदराबाद में बड़ौदा से खेलेगा । (अनंत ज्ञान)

### अनाहत के सामने इंडियन ओपन स्क्वाश के फाइनल में जोशना की चुनौती

**एजेसी, इंदौर।** अनाहत सिंह 'डेली कॉलेज एसआरएफआई इंडियन ओपन' के अखिल भारतीय महिला फाइनल में शनिवार को यहां जोशना चिनप्पा से भिड़ेंगी। दिल्ली की शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत ने पीएसए स्तर की इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में आयरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त हन्ना क्रेग को 11-4, 10-12, 9-11, 11-6, 11-4 से हराया, जबकि गैर-वरीयता प्राप्त अनुभवी जोशना ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त नादियन एल्हम्मामी को 7-11, 11-5, 11-7, 11-7 से मात दी इससे पहले मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त मोहम्मद ज़कारिया से हार गए। मिस्र के जकारिया ने बृहस्पतिवार को 11-7, 11-7, 11-6 से जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### स्टाइल में भी अलग दिखती हैं हरलीन

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर हरलीन देओल खेल के अलावा अपने स्टाइल को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। वह इंस्टाग्राम पर स्टाइलिश आउटफिट में फोटो शेयर करती रहती हैं।



## दूसरा टेस्ट मैच : पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट खोकर बनाए 247 रन, ओपनिंग जोड़ी ने दिलाई अच्छी शुरुआत

# कुलदीप यादव की फिरकी में फंसा द. अफ्रीका

**एजेंसी, गुवाहाटी**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट मैच खेल जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने दिन के खेल की समाप्ति तक पहली पारी में छह विकेट पर 247 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय क्रीज पर सेनुरन मुथुसामी 25 रन और काइल वेरेने एक रन बनाकर मौजूद हैं। भारत के लिए कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा को एक-एक सफलता मिली है।




दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। एडेन मार्करम और रेयान रिकेल्टन ने पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले सत्र की समाप्ति से पहले बुमराह ने मार्करम को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कुलदीप की फिरकी का जादू चला और टीम ने वापसी करने की कोशिश की। अब दूसरे दिन भारतीय गेंदबाजों की कोशिश दक्षिण अफ्रीका की पारी जल्द समेटने पर टिकी होगी। मोहम्मद सिराज ने टोनी डी जॉर्जी को पवेलियन भेजकर भारत को छठी सफलता दिलाई है। जॉर्जी 28 रन बनाकर आउट हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका को 201 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। कुलदीप यादव ने वियान मुल्डर को यशस्वी के हाथों कैच कराया। वह 13 रन बना सके। फिलहाल टोनी डी जॉर्जी और सेनुरन मुथुसामी क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका को 187 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। कुलदीप यादव ने ट्रिस्टन स्टब्स को आउट किया। वह अर्धशतक से चूक गए और चार चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल टोनी डी जॉर्जी और वियान मुल्डर क्रीज पर हैं। दक्षिण अफ्रीका को 166 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। जडेजा ने तेम्बा बावुमा को जायसवाल के हाथों कैच कराया। वह 92 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन बना सके। बावुमा ने स्टब्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 180 गेंद में 84 रन की साझेदारी निभाई। फिलहाल स्टब्स का साथ देने टोनी डी जॉर्जी आए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी टेस्ट में दो विकेट गंवाकर 156 रन बना लिए हैं। दो सत्रों के खेल में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मजबूत दिखे हैं। रन उन्होंने भले कम बनाए, लेकिन बल्लेबाजों ने अच्छे शॉट्स लगाए हैं। गुवाहाटी टेस्ट के लिए नियमों को बदला गया था। सुबह 11 बजे लंच की जगह चायकाल लिया गया था। अब लंच ब्रेक लिया गया है।

पहले सत्र में भारत ने मार्करम के रूप में एक विकेट चटकाया था। वह 38 रन बना सके थे। इसके बाद दूसरे सत्र की शुरुआत में ही भारत ने रेयान रिकेल्टन (35) का विकेट चटकाया। कुलदीप ने उन्हें पवेलियन भेजा। उसके बाद से कप्तान तेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स ने शानदार बल्लेबाजी की है और भारत को विकेट से दूर रखा है। दोनों के बीच अब तक तीसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## संजू सैमसन बोले- धोनी के साथ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं

**एजेंसी नई दिल्ली।** संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में एमएस धोनी के साथ खेलने का मौका मिलने पर खुशी जताई है। विकेटकीपर-बल्लेबाज को राजस्थान रॉयल्स से पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम में 18 करोड़ रुपये में ट्रेड किया गया है। सैमसन ने धोनी के लिए अपनी पुरानी तारीफ के बारे में खुलकर बात की और अपनी पहली मुलाकात को याद किया। उन्होंने क्रिकेट के इस दिग्गज के आसपास फैंस की लगातार मौजूदगी के कारण माही से बातचीत करने में आने वाली चुनौतियों पर भी बात की। वह धोनी के साथ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। संजू सैमसन ने कहा कि वहां एक व्यक्ति है, हर कोई उसे जानता है। उस व्यक्ति का नाम एमएस धोनी था। मैं उनसे पहली बार 19 साल की उम्र में मिला था और पहली बार इंडियन टीम में चुना गया था। मैं यूके टूर पर गया था और माही भाई कप्तान थे।

मैंने उन्हें पहली बार देखा और 10-20 दिनों तक उनसे बात की। उसके बाद मैं उन्हें आईपीएल के दौरान देखता था। उनके सामने हमेशा भीड़ होती थी। पांच लोग यहां, 10 लोग वहां। मैं सोचता था कि ठीक है मैं उनसे यहां नहीं मिल सकता, मुझे उनसे अलग से मिलना होगा। सैमसन ने धोनी के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में रहने का मौका मिलने पर अपनी खुशी शेयर की और इस मौके के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मेरी ऐसी ही इच्छा थी। किस्मत ने मुझे उनके साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में खेलने का मौका दिया। (अनंत ज्ञान)

## वैभव सूर्यवंशी को सुपर ओवर में बैटिंग न देने पर कोच को लताड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राइजिंग स्टार एशिया कप में इंडिया-ए का सफर खत्म हो चुका है। बांग्लादेश-ए ने शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में सुपर ओवर में भारत को हरा फाइनल में जगह बनाई। सुपर ओवर में भारतीय बल्लेबाज एक भी रन नहीं बना सके और बांग्लादेश ने आसानी से मैच जीता। सुपर ओवर में टीम इंडिया ने वैभव सूर्यवंशी को बैटिंग के लिए नहीं भेजा जबकि उन्होंने मैच में 15 गेंदों पर 38 रनों की पारी खेली थी और 250 की स्ट्राइक रेट से ज्यादा से रन बनाए थे।

टीम के इस फैसले की जमकर आलोचना हो रही है। कोच सुनील जोशी को इस फैसले के लिए जमकर लताड़ पड़ी है। इंडिया-ए की तरफ से जितेश शर्मा और रमनदीप बल्लेबाजी करने आए थे। जितेश पहली ही गेंद पर अजीब सा शॉट खेलकर बोल्ड हो गए। उनकी जगह आए आशुतोष शर्मा भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए। सुपर ओवर में टीम दो बल्लेबाजों को ही भेज सकती है। इसी के साथ भारत ने सुपर ओवर में एक भी रन नहीं बनाया। इस दौरान सुनील जोशी अपनी डायरी में कुछ लिखते हुए नजर आए। तभी कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व स्पिनर मनिंदर सिंह ने जोशी की रणनीति पर सवाल उठा दिए। उन्होंने ऑन एयर कहा, 'वह अब क्या लिख रहे हैं। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी को सुपर ओवर में बैटिंग करने क्यों नहीं भेजा?' मनिंदर ने कहा कि जब आपके पास टूर्नामेंट में सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाला तूफानी बल्लेबाज है जो ऐसी स्थिति में तेजी से रन बना सकता है तो अपने उसे बल्लेबाजी के लिए क्यों नहीं भेजा। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन में पहला एशेज टेस्ट जीता

### इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया; हेड की 69 गेंद पर संेचुरी, स्टार्क को 10 विकेट

**एजेंसी, पर्थ**

**ऑस्ट्रेलिया** ने एशेज सीरीज का पहला टेस्ट 8 विकेट से जीत लिया। पर्थ स्टेडियम में टीम ने शनिवार को मुकाबले के दूसरे ही दिन इंग्लैंड को हरा दिया। ट्रैविस हेड की 69 गेंद पर सेंचुरी के दम पर टीम ने 205 रन का टारगेट 28.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। पहली पारी में इंग्लैंड ने 172 और ऑस्ट्रेलिया ने 132 रन बनाए थे।



दूसरी पारी में इंग्लिश टीम 164 रन ही बना सकी और होम टीम को 205 रन का टारगेट मिला। ट्रैविस हेड ने 83 गेंद पर 123 और मार्नस लाबुशेन ने 49 गेंद पर 51 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। मुकाबले में 10 विकेट लेने वाले मिचेल स्टार्क प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सीरीज का दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से ब्रिसबेन के द गाबा स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला डे-नाइट रहेगा, जिसमें पिंक बॉल का इस्तेमाल होगा। 28.2 ओवर में जीत गया ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलिया ने 205 रन के टारगेट का पीछा करने के लिए जैक वेदराल्ड के साथ ट्रैविस हेड को ओपनिंग भेजा। यह तरकीब टीम के काम आई, हेड ने बेहद तेज बैटिंग की। वेदराल्ड 23 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन हेड के साथ 75 रन की पार्टनरशिप कर ली। नंबर-3 पर उतरे मार्नस लाबुशेन फिर एक एंक पर टिक गए। दूसरे एंड पर हेड ने 69 गेंद पर शतक लगा दिया। सेंचुरी के बाद भी उन्होंने शॉट्स खेले और टीम को 200 के करीब पहुंचा दिया। वे 83 गेंद पर 123 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 16 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। आखिर में लाबुशेन ने 51 और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 2 रन बनाकर टीम को 28.2 ओवर में जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन बने वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष

**एजेंसी, वाशिंगटन।** पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन विश्व मुक्केबाजी की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। कजाकिस्तान के रहने वाले गोलोवकिन को वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष पद के लिए यूनान के हरिलाओस मारिओलिस के खिलाफ चुनाव लड़ने की उम्मीद थी, लेकिन संगठन ने कहा कि जांच प्रक्रिया के बाद वह एकमात्र योग्य उम्मीदवार पाए गए हैं।

गोलोवकिन ने एक प्रतिनिधि के माध्यम से जारी बयान में कहा, 'मुझे सूचित किया गया है कि अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल एकमात्र अन्य उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'मैं वर्ल्ड बॉक्सिंग के स्वतंत्र जांच पैनल के काम की सराहना करना चाहूंगा, जिसने यह सुनिश्चित करने में मदद की कि सभी चुनाव ओलंपिक खेल में प्रशासन के उच्चतम मानकों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हों।'

कजाकिस्तान के पूर्व मिडिलवेट चैंपियन गोलोवकिन को अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था, क्योंकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए वर्ल्ड बॉक्सिंग के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। गोलोवकिन ने 2004 में ओलंपिक में रजत पदक जीता था और पेशेवर बनने के बाद वह लंबे समय तक विश्व चैंपियन रहे। उन्होंने 2022 में संन्यास ले लिया था। (अनंत ज्ञान)

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया

### 30.2 ओवर में हासिल किया 162 रनों का लक्ष्य; सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया, मैट हेनरी ने झटके 4 विकेट

**एजेंसी, हैमिल्टन**

**हेमिल्टन** के सेड्डन पार्क में खेले गए तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की क्लीन स्वीप दर्ज की। न्यूजीलैंड शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुका था। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और न्यूजीलैंड के सामने 162 रनों का लक्ष्य रखा।

कीवी टीम ने यह लक्ष्य 30.2 ओवर में 6 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि मार्क चैपमैन ने 64 और माइकल ब्रेसवेल ने 40 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। 2020 से अब तक न्यूजीलैंड घर में सिर्फ 2 वनडे हारा न्यूजीलैंड ने 2020 से अब तक घरेलू वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है और इस अवधि में वह सिर्फ दो वनडे मैच हारा है। लगातार घरेलू वनडे सीरीज जीतने के मामले में वह विश्व में दूसरे स्थान पर है।



दक्षिण अफ्रीका ने 17 लगातार सीरीज जीती हैं, जबकि न्यूजीलैंड अब 11 लगातार घरेलू सीरीज जीत चुका है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने 8 विकेट लिए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की बैटिंग पूरी तरह ध्वस्त कर दी। मैट हेनरी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेकर 43 रन दिए। उनके अलावा काइल जेमिसन, जैकब डफी और जैक फोल्क्स ने मिलकर 4 विकेट चटकाए। जैक फोल्क्स को नाथन स्मिथ की जगह मौका मिला था, जो हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। वेस्टइंडीज 36.2 ओवर में सिर्फ 161 पर सिमटी पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत कमजोर रही और टीम ने 38 रन पर ही अपने दो विकेट खो दिए। कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका, जिसके कारण पूरी टीम सिर्फ 36.2 ओवर में 161 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने 51 गेंदों में 38 रन, जॉन कैंपबेल ने 24 गेंदों मे 26 रन और निचेल क्रम में खैरी पिएरे ने 34 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए। चैपमैन-ब्रेसवेल की 75 रनों की साझेदारी ने न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही।

32 रन के भीतर ही उसके 3 विकेट गिर गए। ओपनर डेवोन कॉन्वे 11, रचिन रवींद्र 14 और विल यंग 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मार्क चैपमैन ने पारी को संभाला। चौथे विकेट के लिए उन्होंने टॉम लाथम के साथ 52 गेंदों में 38 रनों की साझेदारी की। उसके बाद पांचवें विकेट के लिए मार्क ब्रेसवेल के साथ 48 गेंदों में 75 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। चैपमैन ने 63 गेंदों में 64 रन बनाए, जबकि मार्क ब्रेसवेल ने 31 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## कोबोली ने इटली को डेविस कप फाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी, बोलोग्ना (इटली)**



**फ्लेवियो** कोबोली ने नाटकीय सेमीफाइनल में सात मैच प्वॉइंट बचाने के बाद बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स को 6-3, 6-7 (5), 7-6 (15) से हराकर दो बार के गत चैंपियन इटली को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा दिया।

कोबोली ने खुद छह मैच प्वॉइंट गंवाए, लेकिन आखिर में इटली को जीत दिलाने में सफल रहे। उन्होंने शर्ट उतारकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया और फिर बर्ग्स को सांत्वना देने गए जो कुर्सी पर बैठकर आंसू बहा रहे थे। डेविस कप के इतिहास में 17-15 का अंतिम सेट टाईब्रेक छठा सबसे लंबा था।

कोबोली ने कहा कि हमने अपने देश के लिए, इस जीत के लिए संघर्ष किया, लेकिन आखिरकार मेरा सपना साकार हुआ। मैं अपनी पूरी टीम और अपने परिवार के लिए खेला। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है। कोबोली की जीत से युगल मुकाबला खेलने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि उन्होंने इटली को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। इससे पहले माटेओ बेरेटिनी ने राफेल कोलिग्नन को 6-3, 6-4 से हराकर इटली को शुरुआती बढ़त दिलाई थी। (अनंत ज्ञान)

**बैडमिंटन टूर्नामेंट** विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को कड़े मुकाबले में हराया

# लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में

**एजेंसी, सिडनी**

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने शनिवार को चीनी ताइपे के विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने शुरुआती गेम में मिली हार से उबरने के लिए जबरदस्त मानसिक दृढ़ता दिखाई और 86 मिनट तक चले सेमीफाइनल में दूसरे वरीय खिलाड़ी को 17-21, 24-22, 21-16 से हराया।



वर्तमान सत्र में अभी तक कोई भी खिताब नहीं जीत पाने वाले 24 वर्षीय सेन का फाइनल में मुकाबला जापान के युशी तनाका या चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। लक्ष्य शुरुआत में थोड़े ढीले दिखे, जबकि चेन अपने शॉट चयन में कहीं ज़्यादा सटीक थे। इससे ताइवान के खिलाड़ी ने पहले गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली जो कुछ देर बाद 14-7 हो गई। लक्ष्य ने इसके बाद वापसी की। इन दोनों खिलाड़ियों ने 19-15 के स्कोर पर 44 शॉट की रैली खेली, जिसमें चेन ने जीत हासिल करके पांच गेम प्वॉइंट हासिल किए। लक्ष्य ने दो गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन फिर एक शॉट नेट में डालकर पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम के शुरू में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन चेन के सटीक हमले फिर से कारगर साबित हुए और उन्होंने 7-4 की बढ़त बना ली। लेकिन लक्ष्य ने शानदार वापसी की और इंटरवल तक 11-9 की बढ़त बना ली। लक्ष्य का स्मैश बाहर चला गया, जिससे चेन ने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 कर दिया। इसके बाद एक समय स्कोर 17-17 बराबरी पर था लेकिन चेन ने लक्ष्य के नेट पर शॉट मारने पर बढ़त बना ली। ताइवान के खिलाड़ी ने इसके बाद तीन मैच प्वाइंट हासिल किए लेकिन लक्ष्य ने उनका अच्छी तरह से बचाव किया और फिर दूसरा गेम जीत कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। लक्ष्य ने तीसरे और निर्णायक गेम में 6-1 की बढ़त बना ली। चेन ने जिस तरह का खेल पहले गेम में दिखाया था उसको वह बरकरार नहीं रख पाए। लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाकर इंटरवल तक 11-6 बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। ताइवान के खिलाड़ी ने चार मैच प्वाइंट बचाए लेकिन वह लक्ष्य को फाइनल में जगह बनाने से नहीं रोक पाए। (अनंत ज्ञान)

## शार्दुल करेंगे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई का नेतृत्व

**एजेंसी, मुंबई**

**शार्दुल** ठाकुर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी करेंगे, जिसकी 17 सदस्यीय टीम में भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, सरफराज खान और शिवम दुबे भी शामिल हैं। मुंबई इस प्रतियोगिता की गत विजेता है। उसने पिछले वर्ष श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में यह खिताब जीता था, जो वर्तमान टीम का हिस्सा नहीं हैं।



टीम में अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। टीम में विकेटकीपर के रूप में अंगकृष रघुवंशी और हार्दिक तमोर शामिल हैं। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे और तनुश कोटियन भी टीम में हैं। इस सत्र में रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में अब तक पांच मैचों में तीन शतक और एक अर्धशतक की मदद से 530 रन बनाने वाले सिद्धेश लाड को भी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी का एलीट डिवीजन 26 नवंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का पहला दौर लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता में खेला जाएगा, जबकि नॉकआउट दौर इंदौर में होगा। मुंबई की टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 26 नवंबर को लखनऊ में रेलवे के खिलाफ खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

**टीम**

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, आयुष म्हात्रे, सूर्यकुमार यादव, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, साईराज पाटिल, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, अथर्व अंकोलेकर, तनुष कोटियन, शम्स मुलानी, तुषार देशपांडे, इरफान उमैर।